3 राजधानी
44 डिग्री सेल्सियस के पार होगा पारा

6 अभिमत
भारतीय ट्रेनों की गति बढ़ाना जरूरी

9 राष्ट्रीय
राणा दंपति को 18 को पेश होने का निर्देश

10 विदेश
ब्लादिमीर पुतिन ने विजय दिवस परेड की सलामी ली

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 181
नई दिल्ली, मंगलवार, 10 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



रूपिंदर एशिया कप के लिए दूसरे दर्जे की हॉकी टीम के कप्तान
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# श्रीलंका के प्रधानमंत्री राजपक्षे ने पद छोड़ा

- घोर आर्थिक संकट के बीच दिया त्यागपत्र, देश में राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू

**भाषा।** कोलंबो

**श्रीलंका** में घोर आर्थिक संकट के बीच सोमवार को प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस घटनाक्रम से कुछ घंटे पहले महिंदा राजपक्षे के समर्थकों द्वारा राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के कार्यालय के बाहर प्रदर्शनकारियों पर हमला करने के बाद राजधानी कोलंबो में सेना के जवानों को तैनात किया गया था। इस हमले में सैकड़ों लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू लगा दिया है। महिंदा राजपक्षे (76) ने राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को अपना इस्तीफा पत्र भेजा। महिंदा ने ट्वीट किया, मैंने तत्काल प्रभाव से राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। प्रधानमंत्री महिंदा ने अपने त्याग पत्र में कहा कि वह सर्वदलीय अंतरिम सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए पद छोड़ रहे हैं। उन्होंने अपने इस्तीफा पत्र में लिखा, मैं (आपको) सूचित करना चाहता हूं कि मैंने तत्काल प्रभाव से प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। यह छह मई को हुई कैबिनेट की विशेष बैठक में आपके अनुरोध के अनुरूप है, जिसमें आपने कहा था कि आप एक सर्वदलीय अंतरिम सरकार बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वह जनता के लिए कोई भी बलिदान देने को तैयार हैं। कम से कम दो कैबिनेट मंत्रियों ने भी अपने इस्तीफे की घोषणा की है।

महिंदा राजपक्षे के छोटे भाई और राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के नेतृत्व वाली सरकार पर देश में जारी घोर आर्थिक संकट से निपटने के लिए अंतरिम प्रशासन बनाने का दबाव बनाने के लिए प्रदर्शन किए जा रहे थे। एक पुलिस प्रवक्ता के हवाले से स्थानीय मीडिया ने अपनी खबर में कहा कि अगले नोटिस तक तत्काल प्रभाव से पूरे श्रीलंका में कर्फ्यू लगा दिया गया है। कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने में सहायता के लिए सैन्य दल को विरोध स्थल पर तैनात किया गया है।

रक्षा सचिव ने देश में शांति बनाए रखने के लिए जनता से समर्थन दिए जाने आग्रह किया है, जबकि जन सुरक्षा के लिए पुलिस की सहायता के लिए तीन सशस्त्र बलों को बुलाया गया है। सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टी अगले आदेश तक रद्द कर दी गई है। वर्ष 1948 में ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद श्रीलंका अब तक के सबसे गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। यह संकट मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा की कमी के कारण पैदा हुआ जिसका अर्थ है कि देश मुख्य खाद्य पदार्थों और ईंधन के आयात के लिए भुगतान नहीं कर पा रहा है। नौ अप्रैल से पूरे श्रीलंका में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर हैं, क्योंकि सरकार के पास आयात के लिए धनराशि खत्म हो गई है। आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। इससे पहले राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे और प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने सोमवार को जनता से संयम बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश में आर्थिक संकट के आर्थिक समाधान की जरूरत है जिसके लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। ( शेष पेज 8 )



महिंदा राजपक्षे का फाइल फोटो



कोलंबो में हिंसा के बाद पुलिस द्वारा छोड़ी आंसू गैस से बचने का प्रयास करता एक व्यक्ति

## भड़की हिंसा में सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद और उनके पीएसओ की मौत

**कोलंबो ( भाषा )।** श्रीलंका में सोमवार को सरकार समर्थकों और विरोधियों के बीच हुई झड़प में राजपक्षे बंधुओं की सत्तारूढ़ पार्टी के एक सांसद और उनके निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पोलोन्नारुआ जिले से श्रीलंका पोदुजना पेरामुना (एसएलपीपी) के सांसद अमरकीर्ति अतुकोराला को सरकार विरोधी समूह ने पश्चिमी शहर नित्तम्बुआ में घेर लिया। वहीं, लोगों का कहना है कि सांसद के एसयूवी से गोली चली थी और जब आक्रोशित भीड़ ने उन्हें कार से उतारा तो उन्होंने भागकर एक इमारत में शरण ली। लोगों का कहना है कि सांसद ने स्वयं अपनी रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि इमारत को हजारों लोगों ने घेर रखा था और बाद में सांसद तथा उनका पीएसओ मृत मिला। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के समर्थकों द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर हमला किए जाने के बाद पूरे देश में हिंसा भड़क गई है। लोगों ने राजधानी से लौट रहे राजपक्षे समर्थकों पर गुस्सा उतारा। उन्होंने उनके वाहनों को रोक लिया और कई शहरों में उन पर पर हमला किया। इस हमले में कम से कम 174 लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू लगा दिया गया है और राजधानी में सेना तैनात कर दी गई है।

# अतिक्रमण रोधी अभियान रोकने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा- राजनीतिक दल की याचिका पर विचार नहीं कर सकते
- भारी विरोध प्रदर्शन के चलते बिना कार्रवाई के लौटे अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने यहां शाहीन बाग में अतिक्रमण रोधी अभियान के खिलाफ सोमवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) द्वारा दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और कहा कि वह मामले में किसी राजनीतिक दल के कहने पर हस्तक्षेप नहीं कर सकता। इससे पहले सोमवार सुबह शाहीन बाग में अतिक्रमण रोधी अभियान के लिए भारी पुलिस बल और बुलडोजर के साथ पहुंचा था। जिसे महिलाओं सहित सैकड़ों स्थानीय लोगों के विरोध-प्रदर्शन का सामना करना पड़ा। जिसके बाद एसडीएमसी के अधिकारियों को बिना कार्रवाई के लौटना पड़ा। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की पीठ ने पार्टी से इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय से संपर्क करने को कहा। पीठ ने कहा कि माकपा क्यों याचिका दायर कर रही है। किस मौलिक अधिकार का हनन हो रहा है? राजनीतिक दलों के कहने पर नहीं। यह मंच नहीं है। आप उच्च न्यायालय जाएं। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पीवी सुरेंद्रनाथ ने कहा कि याचिका जनहित में दायर की गई है और इस मामले में ( शेष पेज 8 )



नई दिल्ली के शाहीन बाग में अतिक्रमण विरोधी अभियान का विरोध करते लोग

## हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद शाहीनबाग से लौटे बुलडोजर

**नई दिल्ली।** शाहीन बाग सोमवार को एक बार फिर उस समय चर्चा में आ गया जब दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) के अतिक्रमण रोधी अभियान को सैकड़ों स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर विफल कर दिया। एसडीएमसी ने अतिक्रमण रोधी अभियान के पहले चरण में अतिक्रमणों को को गिराने के लिए सीएए-विरोधी विरोध प्रदर्शनों के लिए प्रसिद्ध शाहीन बाग अपने बुलडोजर भेजे थे। हालांकि, कांग्रेस और आप कार्यकर्ताओं के अलावा सैकड़ों स्थानीय लोगों के विरोध प्रदर्शन के साथ, एसडीएमसी को अपना अभियान वापस लेना पड़ा और बिना कार्रवाई के बुलडोजर को वापस जाना पड़ा। ( विस्तृत पेज-3 )

# देशद्रोह कानून पर पुनर्विचार करेगी सरकार

- केंद्र ने उच्चतम न्यायालय से सुनवाई रोकने का अनुरोध किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया कि वह राजद्रोह के दंडनीय कानून की संवैधानिक वैधता का अध्ययन करने में समय नहीं लगाए क्योंकि उसने (केंद्र ने) इस प्रावधान पर पुनर्विचार करने का फैसला किया है जो सक्षम मंच के समक्ष ही हो सकता है। केंद्र ने यह भी कहा कि वह इस महान देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करते हुए नागरिक स्वतंत्रताओं के बारे में अनेक विचारों और चिंताओं से अवगत है।

गृह मंत्रालय ने एक हलफनामे में औपनिवेशिक चीजों से छुटकारा पाने के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि वह नागरिक स्वतंत्रताओं और मानवाधिकारों के सम्मान के पक्षधर रहे हैं और इसी भावना से 1500 अप्रचलित हो चुके कानूनों को समाप्त कर दिया गया है। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण और न्यायमूर्ति सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने पांच मई को कहा था कि वह इस कानूनी प्रश्न पर दलीलों पर सुनवाई 10 मई को करेगी कि राजद्रोह पर औपनिवेशिक काल के दंडनीय कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं को केदारनाथ सिंह मामले में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के 1962 के फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए बड़ी पीठ को भेजा जाए या नहीं। गृह मंत्रालय के अवर सचिव मृत्युंजय कुमार नारायण द्वारा दाखिल हलफनामे के अनुसार इस विषय पर अनेक विधिवेत्ताओं, शिक्षाविदों, विद्वानों तथा आम जनता ने सार्वजनिक रूप से विविध विचार व्यक्त किए हैं। हलफनामे में कहा गया, इस महान देश की संप्रभुता और अखंडता को बनाए रखने तथा उसके संरक्षण की प्रतिबद्धता के साथ ही यह सरकार राजद्रोह के विषय पर व्यक्त किए जा रहे अनेक विचारों से पूरी तरह अवगत है तथा उसने नागरिक स्वतंत्रताओं और मानवाधिकारों की चिंताओं पर भी विचार किया है। इसमें कहा गया कि सरकार ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124ए के प्रावधानों का पुन: अध्ययन और पुनर्विचार करने का फैसला किया है जो सक्षम मंच पर ही हो सकता है। ( शेष पेज 8 )

## राज्यों, हितधारकों से चर्चा के बाद अल्पसंख्यकों को अधिसूचित करने का निर्णय लिया जाएगा: केंद्र

**नई दिल्ली ( भाषा )।** केंद्र ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि अल्पसंख्यकों को अधिसूचित करने का अधिकार केंद्र सरकार के पास है और इस संबंध में कोई भी निर्णय राज्यों और अन्य हितधारकों के साथ चर्चा के बाद लिया जाएगा। शीर्ष अदालत ने पूर्व में केंद्र को एक याचिका का जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय दिया था, जिसमें राज्य स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान के लिए दिशानिर्देश तैयार करने के निर्देश देने का अनुरोध करते हुए कहा गया कि 10 राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक हैं। अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर एक याचिका के जवाब में दाखिल हलफनामे में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार ने अल्पसंख्यक समुदायों के लिए राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 1992 की ( शेष पेज 8 )

# झारखंड की आईएएस पूजा सिंघल से पूछताछ करेगा ईडी

**भाषा।** नई दिल्ली, रांची

**मनरेगा** निधि के कथित गबन और अन्य आरोपों से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए झारखंड की खनन सचिव पूजा सिंघल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को रांची में अपने कार्यालय में बुलाया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साल 2000 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी से रांची में केंद्रीय एजेंसी के जोनल कार्यालय में जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने को कहा गया है। अधिकारियों ने कहा कि सिंघल का बयान धनशोधन (निवारण) अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया जाएगा।

जांच एजेंसी ने छह मई को झारखंड और कुछ अन्य स्थानों पर आईएएस अधिकारी, उनके कारोबारी पति अभिषेक झा और अन्य के खिलाफ छापेमारी के दौरान सिंघल से संक्षिप्त पूछताछ की थी। एजेंसी ने उनके पति से भी पूछताछ की थी। ईडी की जांच धनशोधन के एक मामले से संबंधित है जिसमें झारखंड सरकार के एक पूर्व कनिष्ठ अभियंता राम बिनोद प्रसाद सिन्हा को एजेंसी ने 17 जून, 2020 को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया था। सिन्हा के खिलाफ राज्य सतर्कता ब्यूरो की प्राथमिकी का अध्ययन करने के बाद 2012 में एजेंसी ने उसके खिलाफ पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया था। ( शेष पेज 8 )



- धनशोधन मामले में राज्य की खनन सचिव को प्रवर्तन निदेशालय ने आज अपने कार्यालय बुलाया

# आलोचना जरूरी, लेकिन कांग्रेसजन का हौसला न टूटे: सोनिया गांधी

- चिंतन शिविर से पहले चेतावनी भरे लहजे में कांग्रेस अध्यक्ष की दो टूक
- कहा, पार्टी का कर्ज उतारने को नि:स्वार्थ भाव एवं अनुशासन के साथ करें काम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी के नवसंकल्प चिंतन शिविर से पहले सोमवार को पार्टी नेताओं से चेतावनी भरे लहजे में कहा कि पार्टी के मंचों पर आलोचना जरूरी है, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए कि आम कांग्रेसजन का आत्मविश्वास एवं हौसला टूट जाए। उन्होंने पार्टी की शीर्ष नीति निर्धारक इकाई कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में कांग्रेस नेताओं का यह आह्वान भी किया कि अब पार्टी का कर्ज उतारने का समय आ गया है और ऐसे में उन्हें नि:स्वार्थ भाव एवं अनुशासन के साथ काम करना होगा क्योंकि पार्टी को फिर से मजबूत करने के लिए जादू की कोई छड़ी नहीं है। सोनिया गांधी का कहना था कि नवसंकल्प चिंतन शिविर रस्म अदायगी भर नहीं होना चाहिए, बल्कि इसमें पार्टी का पुनर्गठन प्रतिबिंबित होना चाहिए। यह चिंतन शिविर 13-15 मई को राजस्थान के उदयपुर में आयोजित हो रहा है।

सोनिया गांधी की अगुवाई में हुई सीडब्ल्यूसी की बैठक में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कई अन्य नेता शामिल हुए। सीडब्ल्यूसी की बैठक में चिंतन शिविर के एजेंडे पर चर्चा की गई। ( शेष पेज 8 )



नई दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में सोनिया गांधी और राहुल गांधी

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,471 | ↓ 365 | |
| निफ्टी | 16,302 | ↓ 109 | |
| सोना | 51,227 | ↓ 43 | /10g |
| चांदी | 62,393 | ↓ 62 | /kg |

## क्विक न्यूज

### रुपया 77.44 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आया

**मुंबई।** विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और विदेशी पूंजी की सतत निकासी के कारण रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले 54 पैसे टूटकर रिकॉर्ड निचले स्तर 77.44 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी बांड आय बढ़ने तथा मुद्रास्फीति को लेकर चिंताओं के बीच निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। इन परिस्थितियों के बने रहने से वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा अधिक आक्रामक तरीके से ब्याज दरों में वृद्धि की जा सकती है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 77.17 के भाव पर कमजोर खुला और कारोबार के अंत में अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 54 पैसे की जोरदार गिरावट के साथ 77.44 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

# अगली जनगणना ई-मोड के जरिए की जाएगी : शाह

**आमिनगांव ( भाषा )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि देश में जनगणना प्रक्रिया के डिजिटल होने से अगली जनगणना कवायद के दौरान 100 फीसदी सटीक गणना की उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने कहा, अगली जनगणना ई-मोड के जरिए की जाएगी, जिससे 100 फीसदी सटीक गणना होगी और इसके आधार पर अगले 25 साल के लिए देश के विकास की योजनाएं बनाई जाएंगी। गृह मंत्री ने कहा, जनगणना कई मायनों में अहम है। असम जैसे राज्य के लिए यह और भी महत्वपूर्ण है जोकि आबादी के लिहाज से संवेदनशील है। कोविड-19 महामारी के चलते जनगणना प्रक्रिया में देरी हुई है। यहां जनगणना अभियान (असम) महानिदेशालय के कार्यालय भवन का उद्घाटन करने के बाद शाह ने देश की विकास योजनाओं के बेहतर नियोजन के लिए सटीक गणना के महत्व पर जोर दिया।

# देश की 90% जनसंख्या में बनीं स्वाभाविक इम्युनिटी

- आईआईटी कानपुर प्रोफेसर मणीन्द्र अग्रवाल ने कहा, कोविड की चौथी लहर नहीं आएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड** महामारी की सटीक भविष्यवाणी करने के लिए सूत्र गणितीय मॉडल विकसित करने वाले आईआईटी-कानपुर के प्रोफेसर ने सोमवार को कहा कि देश में कोविड कोई चौथी लहर नहीं आएगी। प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल ने कोरोना की चौथी लहर नहीं आने के अपने इस आकलन कारण बताते हुए कहा कि भारत की 90 फीसदी से अधिक आबादी ने कोविड से स्वाभाविक प्रतिरक्षा हासिल कर ली है। इसके साथ ही, उन्होंने आगाह किया कि अगर कोविड वायरस का कोई नया म्यूटेंट आता है जो प्राकृतिक प्रतिरक्षा को दरकिनार कर देता है तो चौथी लहर से इंकार नहीं किया जा सकता है। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर अग्रवाल ने एक लेख में कहा कि इस निष्कर्ष के दो प्रमुख कारण हैं। पहला कारण देश में स्वाभाविक प्रतिरक्षा का स्तर है। स्वाभाविक प्रतिरक्षा को पिछले संक्रमण द्वारा प्राप्त प्रतिरक्षा के रूप में परिभाषित किया गया है। भारत के लिए सूत्र मॉडल के अनुसार, भारत की 90 फीसदी से अधिक आबादी ने स्वाभाविक प्रतिरक्षा हासिल कर ली है। उन्होंने कहा कि आईसीएमआर सर्वेक्षणों के आंकड़ों से भी इसकी पुष्टि होती है, जिसमें लगातार संक्रमित लोगों की वास्तविक संख्या रिपोर्ट की गई संख्या से 30 गुना अधिक पाई गई है।

स्वाभाविक प्रतिरक्षा संक्रमण के खिलाफ एक मजबूत सुरक्षा के रूप में कार्य करती है। सभी महाद्वीपों और दुनिया की आधी से अधिक आबादी को कवर करते हुए दुनिया भर के 36 देशों के लिए किए गए एक व्यापक अध्ययन में, यह पाया गया कि इन देशों में ओमीक्रोन लहर की गंभीरता उनमें मौजूद स्वाभाविक प्रतिरक्षा के स्तर के विपरीत आनुपातिक थी। दूसरा अभी तक जीनोम सिक्वेसिंग ने एनसीआर में भी कोई नया वेरिएंट नहीं मिला है। ओमीक्रोन से संबंधित वेरिएंट, जिन्हें बीए .2, बीए. 2. 9, बीए. 2. 10, और बीए.1 2. 12 का पता चला है।

इसका ताप्पर्य यह है कि ओमीक्रोन के खिलाफ प्राप्त प्रतिरक्षा इन सभी प्रकारों के खिलाफ बनी रहेगी। भारत में 90 फीसदी से अधिक लोग पहले से ही ओमीक्रोन से प्रतिरक्षा प्राप्त हैं, इसलिए किसी को किसी महत्वपूर्ण चौथी लहर की उम्मीद नहीं है। अग्रवाल के अनुसार, कोविड के मामलों की संख्या में बढ़ोतरी कारण यह है कि सभी प्रतिबंध हटा दिए गए हैं और ओमीक्रोन के नए संस्करण थोड़े अधिक संक्रामक हैं। इन दोनों कारणों के चलते गैर-प्रतिरक्षा आबादी के बीच वायरस का तेजी से प्रसार होता है, जिससे संख्या में बढ़ोतरी होती है। हालांकि यह बढ़ोतरी ज्यादा होने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण गंभीर बीमारी को रोकने में उत्कृष्ट है लेकिन ओमीक्रोन द्वारा हल्के संक्रमण को रोकने में विशेष रूप से अच्छा नहीं है। हालांकि, विश्लेषण का मतलब यह नहीं है कि टीकाकरण की आवश्यकता नहीं है। टीके बड़ी बीमारियों से बचाते हैं और बेहद उपयोगी होते हैं। जिन देशों ने सख्त शून्य-कोविड नीति का पालन किया है, ( शेष पेज 8 )



गुरुग्राम में सोमवार को कोरोनारोधी टीका लगवाती एक महिला

# दिव्यांग बच्चे को फ्लाइट में सवार होने से रोकने के मामले में जांच समिति गठित

**नई दिल्ली ( भाषा )।** भारत के विमानन नियामक डीजीसीए ने दिव्यांग बच्चे को रांची हवाई अड्डे पर हैदराबाद जाने वाले इंडिगो विमान में सवार होने से रोके जाने के मामले में तीन सदस्ईय तथ्यान्वेषण टीम का गठन किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक बयान में कहा, वे रांची और हैदराबाद जाकर आज से एक सप्ताह के अंदर पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित करेंगे। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रोनोजॉय दत्ता ने इस घटना पर सोमवार को खेद व्यक्त किया और दिव्यांग बच्चे के लिए इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर खरीदने की पेशकश की। दत्ता ने कहा कि एअरलाइन के कर्मचारियों ने कठिन परिस्थितियों में सबसे बेहतर निर्णय लिया।

# सांसद के कार्यक्रम में साजिश से इंकार

**पुलिस ने कहा- नहीं मिले गड़बड़ी के सबूत, आयोजक ने खुद बुलाये थे आतिशबाज**



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा रविवार की रात जेवर के प्राचीन दाऊजी मंदिर में भाषण दे रहे थे।

डॉ महेश शर्मा भगवान परशुराम, उनके पिता जमदग्नि ऋषि और माता रेणुका के रिश्तों की व्याख्या कर रहे थे, ठीक उसी वक्त एक सुतली बम मंच के ऊपर लगी झीनी चादर पर आकर गिरा। धमाका हुआ और चादर में छेद हो गया। जिसे केंद्रीय सुरक्षा प्राप्त महेश शर्मा के लिए खतरा बताते हुए भगवान श्री परशुराम युवा सेवा समिति की ओर से पुलिस को शिकायत दी गई है। अब इस मामले को लेकर गौतमबुद्ध नगर पुलिस की ओर से आधिकारिक बयान आया है। जिससे पता चलता है कि यह पूरा घटनाक्रम किसी साजिश से ताल्लुक रखता है या बदइंतजामी का कारण है। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डिप्टी कमिश्नर विशाल पांडेय ने इस पूरे घटनाक्रम पर एक बयान जारी किया है। विशाल पांडेय ने कहा, जेवर के प्राचीन दाऊजी मंदिर में रविवार की रात एक कार्यक्रम चल रहा था।

जिसमें गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ महेश शर्मा और अन्य विशिष्ट अतिथिगण शामिल हुए थे। कार्यक्रम के दौरान आयोजक आतिशबाजी करवा रहे थे। आयोजकों ने बाकायदा एक आतिशबाज को हायर किया था। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा के उचित इंतजाम किए थे। सांसद और अन्य अतिथियों के साथ रहने वाले सुरक्षाकर्मी भी मौके पर मौजूद थे। आतिशबाज और कार्यक्रम के आयोजकों को बार-बार समझाया गया कि पटाखे नहीं छुड़ाएं। इसके बावजूद वह लोग नहीं माने।

इसी आतिशबाजी के दौरान मंच के ऊपर टेंट की चादर पर धमाका हुआ। इसका मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल संज्ञान लिया। सख्ती करके आतिशबाजी रुकवा दी गई। मंच के चारों ओर मौजूद लोगों से पूछताछ की गई। प्रत्यक्षदर्शियों से भी बातचीत की गई। एडिशनल डीसीपी ने कहा, सांसद डॉ महेश शर्मा को केंद्र सरकार से सुरक्षा प्राप्त है। मंच पर मौजूद बाकी विशिष्ट अतिथिगणों को भी राज्य सरकार की सुरक्षा मिली हुई है। लिहाजा, किसी भी तरह की आशंका का समाधान करने के लिए फॉरेंसिक टीम और बम डिस्पोजल स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया। दोनों टीमों ने जांच की और रिपोर्ट दी है। बताया है कि धमाके की वजह पटाखा था। कोई दूसरा तथ्य सामने नहीं आया है। इसके बावजूद पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है। इस पूरे मामले को लेकर आयोजकों की लापरवाही और बदइंतजामी सामने आई है।

कार्यक्रम में सांसद डॉ महेश शर्मा के पहुंचने का वक्त शाम 7:00 बजे का था। इसके बावजूद यह कार्यक्रम देर रात 9:30 बजे तक चलता रहा। आयोजकों ने आतिशबाजी क्यों करवाई, जबकि उन्हें मालूम था कि डॉ महेश शर्मा कि सुरक्षा एक संवेदनशील विषय है। कुल मिलाकर पुलिस की जांच में यह बात साफ हो गई है कि रविवार की रात जेवर के प्राचीन बलदाऊजी मंदिर में बदइंतजामी की वजह से यह परेशानी हुई है।

## डीएम कार्यालय में बुजुर्ग ने किया आत्मदाह का प्रयास

**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के संजय नगर सेक्टर-23 निवासी एक व्यक्ति ने सोमवार को डीएम दफ्तर में खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली उनकी 17 साल की नाबालिग बेटी 18 अप्रैल से लापता है। केस दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। जबकि उन्होंने समुदाय विशेष के एक युवक पर अपनी बेटी को गायब करने का आरोप लगाया था।

पीड़ित ने मामले को लव-जेहाद से जोड़कर कलक्ट्रेट पर जमकर हंगामा काटा। संजयनगर सेक्टर 23 निवासी धर्मेंद्र बेटी की बरामदगी न होने और नामजद आरोपित के खिलाफ कार्रवाई न होने पर कलक्ट्रेट पहुंचे और पीछे के रास्ते ये डीएम दफ्तर में दाखिल हो गए। वहां धर्मेंद्र ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया।

# ईस्टर्न पेरीफेरल पर रॉन्ग साइड दौड़ती रही बस, पुलिस जीप को टक्कर मारने की कोशिश




**मामले में एफआईआर दर्ज, चालक गाड़ी छोड़कर हुआ फरार**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

रविवार की रात करीब 10 बजे ग्रेटर नोएडा में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा होते हुए बाल.बाल बचा है। दरअसल, एक डबल डेकर बस का ड्राइवर रॉन्ग साइड लेकर बस को कई किलोमीटर दौड़ता रहा। बस में यात्री भी सवार थे। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की लेकिन ड्राइवर ने एक नहीं सुनी।

पुलिस ने बस को ओवरटेक किया और किसी तरह रोकने में कामयाबी हासिल की। हालांकि, इस दौरान ड्राइवर ने पुलिस जीप को टक्कर मारकर एक्सप्रेसवे से नीचे गिराने का प्रयास किया। खुद को घिरता देखकर वह बस को एक्सप्रेसवे पर बीचोंबीच खड़ी करके फरार हो गया है। पुलिस बस को लेकर बादलपुर थाने में पहुंची। मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। बस के मालिक की तलाश की जा रही है।

डबल डेकर बस सवारी लेकर रॉन्ग साइड दौड़ती रही। ग्रेटर नोएडा में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर डग्गामार बसों का आतंक है। रविवार की देर रात बड़ा हादसा होने से बचा। एक ड्राइवर डबल डेकर बस को लेकर रॉन्ग साइड से चढ़ गया। वह दादरी से बादलपुर की ओर जा रहा था। रॉन्ग साइड आने पर पुलिस पीआरवी ने उसे रोका तो ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के बीचोंबीच खड़ी कर दी। बस रोकने पर संचालक पुलिसकर्मियों पर भड़क गए। रॉन्ग साइड दौड़ रही बस को रोकने के लिए पुलिस पीसीआर वैन आगे-आगे कई किलोमीटर चलती रही। बस चालक ने पुलिस पीसीआर वैन को टक्कर मारने की कोशिश की। करीब तीन किलोमीटर तक दौड़ने के बाद रॉन्ग साइड बस बादलपुर थाना क्षेत्र में कल्दा गांव के पास पकड़ी गई है। ड्राइवर फरार हो गया है। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर रॉन्ग साइड दौड़ते हुए पकड़ी गई बस के मालिक की तलाश की जा रही है।

# नगालैंड के भाई-बहन ने कई युवतियों को ठगा

**लोन दिलाने का झांसा देकर वसूले थे दस लाख रुपये**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा पुलिस ने सगे भाई-बहन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इन दोनों ने मिलकर नोएडा में स्थित एक कंपनी में काम करने वाली युवती और उसकी सहेली को लोन दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी की थी। इस मामले में पीड़ित युवतियों ने सेक्टर-39 कोतवाली में आरोपी भाई.बहन के खिलाफ शिकायत दी थी। पुलिस ने इस मामले में जांच पड़ताल की और जांच के दौरान दोनों भाई-बहन आरोपी साबित हुए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि इन दोनों की पहचान नागालैंड निवासी होपसन और किविकाली के रूप में हुई है। यह दोनों फिलहाल सेक्टर-45 में रह रहे थे। जांच से पता चला है कि इन दोनों भाई-बहन ने युवतियों के अलावा अतुल अग्रवाल नामक एक युवक से 10 लाख रुपए की भी ठगी की थी।

# फर्जी ई-चालान का संदेश भेजकर खाता खाली कर रहे साइबर ठग

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने लोगों को ठगने का नया फार्मूला तैयार किया है। फर्जी लिंक बनाकर ठग मोबाइल पर ई-चालान का मैसेज भेजते हैं, जिसमें यातायात नियम तोड़ने का जिक्र होता है। उसी आधार पर जुर्माने की राशि जमा करने को भी कहा जाता है।

अन्यथा कानूनी कार्रवाई का हवाला दिया जाता है, लेकिन लिंक खोलते ही ठग खाता खाली कर रहे हैं। डीसीपी ट्रैफिक गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि किसी को मोबाइल पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना जमा करने संबंधित कोई मैसेज आया है, तो सावधान रहें। कहीं ऐसा न हो कि नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना भरने के लिए मैसेज में आए लिंक ओपन करते ही बैंक खाता खाली हो जाए। इन दिनों साइबर ठग द्वारा ई-चालान का मैसेज किसी मोबाइल नंबर से नहीं भेजा जाता है, जबकि ई-चालान का मैसेज आने पर आफिशियल वेबसाइट में जाकर चेक करने के बाद ही चालान का भुगतान करें। यातायात पुलिस द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 9971009001 से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# सेक्टर-62 में एक दर्जन स्थानों पर होगी पार्किंग

**कंपनियां कर सकेंगी टेंडर के लिए आवेदन**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण शहर में पार्किंग की व्यवस्था को और बेहतर बनाने में लगा हुआ है। जिसके लिए अब प्राधिकरण ने सेक्टर-62 में नए सिरे से पार्किंग व्यवस्था को बनाने की तैयारी कर रहा है। यहां पर पार्किंग की अतिरिक्त जगह के लिए प्राधिकरण द्वारा आस.पास पड़ी खाली जमीन को भी दिया जाएगा। जिससे करीब एक दर्जन जगह पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। प्राधिकरण ने पार्किंग संचालन के लिए टेंडर भी जारी कर दिए हैं। आपको बता दें कि नोएडा प्राधिकरण ने पार्किंग व्यवस्था के लिए शहर को 4 क्लस्टर में बांट रखा है। प्राधिकरण द्वारा 3 क्लस्टर पर पार्किंग व्यवस्था के लिए कार्य किया जा रहा है। अब प्राधिकरण ने चौथे क्लस्टर के लिए भी टेंडर जारी कर दिए हैं। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-62 वर्क सर्किल.4 के अंतर्गत आता है। जहां पर पार्किंग की व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि 17 मई को आवेदन की प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। जिसके बाद 18 मई को टेंडर को खोल दिया जाएगा।


**SRF LIMITED**

**Regd. Office:** The Galleria, DLF Mayur Vihar, Unit No. 236 & 237, 2nd Floor, Mayur Vihar Place, Noida Link Road, Mayur Vihar Phase I Extn, Delhi-110091
**Corporate Office:** Block-C, Sector 45, Gurugram, Haryana-122 003
Tel. No (Regd office) : (+91-11) 49482870; Fax : (+91-11) 49482900
E-mail: cs@srf.com, Website: www.srf.com; CIN: L18101DL1970PLC005197

**NOTICE**

Notice is hereby given that Share Certificates pertaining to shares of the Company detailed below have been reported lost and request(s) for issue of duplicate Certificates in lieu thereof have been received by the Company. Shareholder(s)/Claimant(s) shall also be entitled to Bonus Shares in the ratio of (4:1) on these shares from Investor Education & Protection Fund Authority :-

| Sl. No. | Folio No. | Name of the Share Holder / Legal Heir (Claimant) | Cert-No. | Dist-No. (from) | Dist-No. (to) | Lost Shares |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | P 0002724 | PAVAN KUMAR SURI | 137864 | 5643617 | 5643628 | 12 |
| | | | 976481 | 18586892 | 18586916 | 25 |
| 2 | M 0006310 | M AM GOVINDAN CHETTIAR (Deceased) | 580230 | 27157971 | 27158020 | 50 |
| | | GOVINDAN VAIRAVAN (JT. Holder 1) | 580231 | 27158021 | 27158070 | 50 |
| | | | 90165256 | 12677125 | 12677174 | 50 |
| 3 | SRF0142789 | TEJ MOHAN CHHABRA | 855357 | 51199200 | 51199249 | 50 |
| | | | 855358 | 51199250 | 51199299 | 50 |
| | | | 855359 | 51199300 | 51199349 | 50 |
| | | | 855360 | 51199350 | 51199399 | 50 |
| | | | 855361 | 51199400 | 51199449 | 50 |
| | | | 855362 | 51199450 | 51199499 | 50 |
| | | | 855363 | 51199500 | 51199549 | 50 |
| | | | 855364 | 51199550 | 51199599 | 50 |
| | | | 855365 | 51199600 | 51199649 | 50 |
| | | | 855366 | 51199650 | 51199699 | 50 |
| | | | 855367 | 51199700 | 51199749 | 50 |
| | | | 855368 | 51199750 | 51199799 | 50 |
| | | | 855369 | 51199800 | 51199849 | 50 |
| | | | 855370 | 51199850 | 51199899 | 50 |
| 4 | M 0001627 | MADHUSUDAN VINAYAK MAHAJAN (Deceased shareholder) | 20866 | 1888176 | 1888200 | 25 |
| | | SANJAY MADHUSUDAN MAHAJAN (Claimant) | 68782 | 3443332 | 3443342 | 11 |
| | | | 131067 | 5455203 | 5455220 | 18 |
| | | | 322789 | 16164418 | 16164467 | 50 |
| | | | 322790 | 16164468 | 16164487 | 20 |
| | | | 322791 | 16164488 | 16164492 | 5 |
| | | | 322792 | 16164493 | 16164494 | 2 |
| | | | 471789 | 24184210 | 24184259 | 50 |
| | | | 471790 | 24184260 | 24184279 | 20 |
| | | | 471791 | 24184280 | 24184284 | 5 |
| | | | 471792 | 24184285 | 24184286 | 2 |
| | | | 90026785 | 7099378 | 7099417 | 40 |
| | | | 90026786 | 7099418 | 7099457 | 40 |
| 5 | SRF0040742 | N PALANIAPPAN | 584409 | 29531466 | 29531515 | 50 |
| | | M A M GOVINDAN CHETTIAR (Deceased JT. Holder 1) | 584410 | 29531516 | 29531565 | 50 |
| | | | 90085406 | 9521226 | 9521265 | 40 |
| | | | 90196398 | 15173390 | 15173414 | 25 |
| 6 | S 0005484 | SUDHA GUPTA | 37886 | 2371276 | 2371300 | 25 |
| | | | 79771 | 3613208 | 3613218 | 11 |
| | | | 145437 | 5826242 | 5826259 | 18 |
| 7 | O 0000439 | OM PARKASH AHUJA (Deceased) | 136648 | 5618182 | 5618199 | 18 |
| | | RANJAN AHUJA (JT. Holder 1) | 976380 | 18583926 | 18583961 | 36 |
| 8 | O 0000461 | O P AHUJA (Deceased) | 90031470 | 7293862 | 7293901 | 40 |
| | | SHRI RANJAN AHUJA (JT. Holder 1) | 976381 | 18583962 | 18583997 | 36 |
| | | SHRI SANJAY KUMAR AHUJA (Deceased JT. Holder 2) | | | | |

Any person having any claim /objection in respect of the above requests should lodge such claim/ objection with the company at its Corporate Office within 15 days of the publication of this notice, failing which the company will consider to give effect to the above requests.

Public is hereby cautioned against dealing with the aforesaid share certificates.

for **SRF LIMITED**
Sd/-
**RAJAT LAKHANPAL**
Vice President (Corporate Compliance)
& Company Secretary

Place : Gurugram
Date : 09-05-2022



**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थीं जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्जदार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आनंद प्रकाश/ अंजू शर्मा/ LBDEL00002376530 | फ्लैट नंबर 35, तीसरी मंज़िल, ब्लॉक एफ 3, पॉकेट 3, सेक्टर 34 रोहिणी, दिल्ल/ 05 मई 2022 | दिसंबर 13, 2021 ₹ 11,23,606/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | अनीता कुमारी/ राजेश कुमार/ LBDEL00002379926 | फ्लैट नंबर 15, तीसरी मंज़िल डीडीए एलआईजी, ब्लॉक- सी18, पॉकेट- 2, सेक्टर- 34, रोहिणी, दिल्ली/ 05 मई 2022 | अक्टूबर 16, 2021 ₹ 10,98,977/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | नितिन गुप्ता/ अनीता/ LBDEL00002379267 | फ्लैट नंबर 9, दूसरी मंज़िल, सेक्टर 34, पॉकेट 2, ब्लॉक डी2, रोहिणी, दिल्ली/ 05 मइ 2022 | अक्टूबर 05, 2021 ₹ 11,10,988/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | सतेंद्र कुमार/ रमेश कनौजिया/ LBDEL00002378804 | फ्लैट नंबर 49, दूसरी मंज़िल, डीडीए एलआईजी ब्लॉक सी-10, पॉकेट 4, सेक्टर 34 रोहिणी, दिल्ली/ 05 मई 2022 | जून 19, 2021 ₹ 7,31,247/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | कपिल डंग/ कांता देवी/ LBDEL00004807343/ LBDEL00004808769 | प्रॉपर्टी संख्या- 53-55, पहली मंज़िल, ब्लॉक ई-16, सेक्टर- 08 रोहिणी, दिल्ली/ 05 मई 2022 | दिसंबर 21, 2021 ₹ 27,69,374/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | समीर आहुजा/ किरण भाटिया/ LBDEL00001790784 | हाऊस नंबर 35, दूसरी मंज़िल (छत के अधिकार के बिना और तीसरी मंज़िल (छत के अधिकार के साथ), पॉकेट- 3, सेक्टर-24, रोहिणी, दिल्ली/ 05 मई 2022 | अक्टूबर 05, 2021 ₹ 16,23,694/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | विकास कुमार/ महेंद्र सिंह ठकरान/ LBDEL00002944420/ LBDEL00002945267 | डीडीए एलआईजी, फ्लैट नंबर 342, ग्राउंड फ्लोर, पॉकेट जीएच 01, सेक्टर 28, रोहिणी, दिल्ली/ 05 मई 2022 | नवंबर 15, 2021 ₹ 22,33,180/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | शैलेंद्र कुमार/ लक्ष्मी सिंह कुशवाहा/ LBDEL00004557680 | हाउस नंबर-263, ब्लॉक- एलआईजी फेज-2 तात्यातोप नगर कानपुर/ 05 मई 2022 | जुलाई 06, 2021 ₹ 2,15,184/- | दिल्ली/ एनसीआर & उत्तर प्रदेश |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक:** मई 10, 2022
**स्थान:** दिल्ली एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

**Whereas**

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/ सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमूल्य कुमार नायक/बिद्युत प्रवा नायक/ एलबीडीईएल00001173375 | पी. नंबर 1/7, फ्लैट नंबर 206, वैष्णवी कुंज, सेक्टर-2, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद/ 04-05-2022 | 15-09-2021 रू. 5,27,669/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | सलीम सिद्दीकी/तस्मीन सुल्तान बेगम/ एलबीएनओडी00001738818 | फ्लैट नंबर डी-351 ए, सेक्टर-11, जी एम पी प्रताप विहार, गाजियाबाद-201010/ 04-05-2022 | 21-12-2021 रू. 3,79,643/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | रमा शर्मा/स्वदेश मोहन/ एलबीडीईएल00002946567 | फ्लैट नंबर एच 1/101, प्रथम तल, टावर सी, क्लासिक रेजीडेंसी, नूर नगर, राज नगर एक्सटेंशन, परगना लोनी, गाजियाबाद/ 04-05-2022 | 30-08-2021 रू. 21,07,757/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | रमा शर्मा/स्वदेश मोहन/ एलबीजीएचजैड00002942007 | फ्लैट नंबर एच 1/101, प्रथम तल, टावर सी, क्लासिक रेजीडेंसी, नूर नगर, राज नगर एक्सटेंशन, परगना लोनी, खसरा नंबर 1093 एवं 1094, एनएच-58, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/ 04-05-2022 | 30-08-2021 रू. 14,36,094/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | रमा शर्मा/स्वदेश मोहन/ एलबीजीएचजैड00003042630 | फ्लैट नंबर 704, 7वां तल, फॉर्च्यून रेजीडेंसी, टावर एफ, एनएच-58, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001/ 04-05-2022 | 30-08-2021 रू. 11,16,614/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | परशु राम सिंह/नीतू सिंह/ एलबीडीईएल00001198235 | मकान नंबर पी-251, एचआईजी ड्यूपलेक्स, प्रताप विहार, गाजियाबाद/ 04-05-2022 | 15-11-2021 रू. 11,43,455/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | पंकज राणा/धन सिंह राणा/ एलबीजीएचजैड00004943275 | फ्लैट नंबर यूजी-3, फ्रंट साइड एलएचएस/उत्तर पश्चिम फ्लैट स्थित यूजीएफ, प्लॉट नंबर डी-990, इंद्रप्रस्थ आवासीय, गाजियाबाद/ 04-05-2022 | 30-08-2021 रू. 8,39,975/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | सुभाष चंद/दीपा/ एलबीजीएचजैड00002516282 | फ्लैट नंबर ए/यूएच-707, 7वां तल, टावर-ए, आदित्य अर्बन होम्स, ग्राम शाहपुर बम्हेटा, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/ 04-05-2022 | 30-08-2021 रू. 16,38,771/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | आशीष कुमार/कनक लता सिन्हा/ एलबीएनओडी00002387778 | फ्लैट नंबर सी/सीए 1008, 10वां तल, टावर-सी, सिटी अपार्टमेंट आदित्य वर्ल्ड सिटी, प्लॉट नंबर जीएच-6, गाजियाबाद/ 04-05-2022 | 15-11-2021 रू. 28,13,756/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 10 मई, 2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# कलेक्शन एजेंट की कनपटी पर पिस्टल लगाकर 7 लाख लूटे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


पीड़ित

नोएडा में बदमाशों के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं। सोमवार को दिनदहाड़े हथियार के बल पर एक कलेक्शन एजेंट से 7 लाख रुपए की लूट हुई है। इस मामले की बाद नोएडा पुलिस में हड़कंप मच गया।

आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। नोएडा के डीसीपी और एडिशनल डीसीपी समेत पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद है। बताया जा रहा है कि जिस व्यक्ति की कनपटी पर पिस्टल लगाकर बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है, वह व्यक्ति इस समय काफी डरा हुआ है।

बताया जा रहा है कि कलेक्शन एजेंट अलग-अलग व्यक्ति से करीब 7 लाख रुपए लेकर जा रहा था। उसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। अब पुलिस कलेक्शन एजेंट से पूछताछ कर रही है। यह बड़ा सवाल है कि बदमाश कलेक्शन एजेंट के पीछे कैसे और कहां से लगे। पुलिस काफी गंभीरता से ही पूछताछ कर रही है। इस समय किसी भी व्यक्ति को थाने के भीतर जाने नहीं दिया जा रहा है। नोएडा सेक्टर.113 कोतवाली के भीतर काफी संख्या में पुलिस टीम मौजूद है। मौके पर डीसीपी और एडिशनल डीसीपी मौजूद है।

## जलालाबाद में युवक ने पिया तेजाब

**गाजियाबाद।** गांव जलालाबाद में गृह क्लेश के चलते एक युवक ने तेजाब पी लिया। उसे गाजियाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां हालात गंभीर बनी हुई है। गांव जलालाबाद निवासी अकबर ने बताया कि उनके पुत्र ने शनिवार रात को तेजाब पी लिया। पहले उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालात गंभीर होने के कारण गाजियाबाद के लिए रेफर कर दिया। युवक की हालात गंभीर बनी हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पिता की तहरीर पर जांच की जा रही है।

# दहशत से पहले ही यूक्रेन में शूट हुई मोहब्बत की कहानी

**लव इन यूक्रेन के एक्टर का छलका युद्ध पर दर्द**



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

मानव सभ्यता में युद्ध किसी भी बात का विकल्प नहीं हो सकता। युद्ध बॉर्डर तक सीमित रहना चाहिए, शहरों तक युद्ध का असर आम आदमी को झकझोर देता है।

रूस और यूक्रेन युद्ध पर बात करते हुए ये बातें अपनी आगामी फिल्म लव इन यूक्रेन के अभिनेता विपिन कौशिक ने कहीं। इस फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे विपिन ने बताया कि फिल्म की ज्यादातर शूटिंग यूक्रेन में की गई। वहां लोकेशन, कलाकार और तकनीकी टीम के लोगों का भारत और कला के प्रति अपार प्रेम है।

विपिन ने बताया कि रूस और यूक्रेन युद्ध से पहले यूक्रेन में शूट की गई ये आखिरी फिल्म है, जिसमें वहां की खूबसूरत संस्कृति और परिदृश्य देखे जा सकते हैं, क्योंकि उसके बाद तो वहां सिर्फ तबाही का ही मंजर फैला हुआ है। उन्होंने बताया कि युद्ध की खबरों में जब यूक्रेन के बुका और कीव के उन स्थानों को तबाह हुए देखा, जिन खूबसूरत स्थानों पर हमने फिल्म शूट की थी, तो दिल स्तब्ध रह गया। दहशत के माहौल में भी एक गीत तैयार करना और फिल्म को लेकर यूक्रेनियन कलाकारों की कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाता है।

विपिन ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में दुनिया में भारत की सशक्त पहचान बनी है। यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को वापस लाने के बाद से वहां के लोगों में भारत के प्रति प्यार और सम्मान और बढ़ गया है। यूक्रेनियन लोग भारत की संस्कृति और नीतियों के कायल हुए हैं। विपिन बताते हैं कि फिल्म को लेकर यूक्रेन की सरकार भी उत्साहित है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।



शाहीन बाग की घेराबंदी करतीं एमसीडी की टीम



खुद ही अतिक्रमण हटाते लोग।



तोड़फोड़ करने पहुंचा नगर निगम का बुलडोजर। सभी फोटो: रंजन डिमरी

# शाहीनबाग में बुलडोजर के खिलाफ भारी हंगामा

## दक्षिणी दिल्ली नगर निगम अधिकारियों के साथ पुलिस बल के विरोध में सड़क पर उतरे लोग

● आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के नेता भी मौके पर पहुंचे और तोड़फोड़ के दिया खिलाफ धरना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से अवैध अतिक्रमण के खिलाफ दिल्ली नगर निगम बुलडोजर चला रहा है। इसी सिलसिले में सोमवार को दक्षिणी दिल्ली के शाहीन बाग में अतिक्रमण हटाने के दौरान करीब दो घंटे चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद निगम अधिकारियों को बिना कार्रवाई किए वापस लौटना पड़ा।

इलाके में निगम के अधिकारी पुलिस बल और बुलडोजर के साथ पहुंचे तो महिलाओं समेत स्थानीय लोग बड़ी संख्या में सड़क पर उतर आए और विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके चलते निगम के कर्मियों ने हाथों से कुछ कब्जों को हटाया और वहां से बैरंग वापस लौट गए। इससे पहले अतिक्रमण हटाने के नाम पर दुकान के बाहर लगा शटरिंग स्थानीय लोगों ने खुद हटा दिया।

प्रदर्शनकारियों ने भाजपा शासित एसडीएमसी और केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और कार्रवाई रोकने की मांग की। इस दौरान कुछ महिलाएं बुल्डोजर के सामने आकर खड़ी हो गईं। इससे पहले आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के नेता भी मौके पर पहुंचे और तोड़फोड़ के खिलाफ धरना दिया।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के मध्य जोन के अध्यक्ष राजपाल सिंह ने मीडिया से बातचीत में बताया कि प्रदर्शन की वजह से अवैध ढांचों को नहीं हटाया जा सका। अतिक्रमण हटाना उनका दायित्व है, जिसे वे पूरा कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रदर्शन राजनीति से प्रेरित हैं। क्षेत्र में अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान एसडीएमसी अधिकारियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी जवानों के साथ मौके पर मौजूद थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, अतिक्रमण रोधी अभियान जहां चलाया जा रहा है, वहां पुलिस बल तैनात किया गया है।

ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित नगर निकाय बिना किसी परेशानी के और पूरी सुरक्षा के साथ अपना काम कर सके।

सिंह ने बताया कि पिछले महीने ओखला और जसोला में अभियान की योजना बनाई गई थी, लेकिन पर्याप्त पुलिस बल मौजूद नहीं होने के कारण उसे अंजाम नहीं दिया जा सका। 10 मई को न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी के नजदीक गुरुद्वारा रोड के पास, जबकि 11 मई को मेहरचंद मार्केट, लोधी कॉलोनी में साईं बाबा मंदिर के पास और जवाहरलाल नेहरू मेट्रो स्टेशन के पास अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि स्थिति से निपटने के लिए अर्धसैनिक बलों को भी तैनात किया गया था। एसडीएमसी के अधिकारियों के बुल्डोजर के साथ शाहीन बाग पहुंचते ही कुछ स्थानीय लोगों ने अपने अवैध निर्माण को खुद ही हटाना शुरू कर दिया।

शाहीन बाग में कालिंदी कुंज मुख्य मार्ग के दुकानदार अकबर ने कहा, बुल्डोजर सुबह साढ़े 11 बजे इलाके में पहुंचे थे, लेकिन यहां कोई अतिक्रमण नहीं होने के कारण वापस लौट गए। लोगों से कहा गया था और उन्होंने अवैध खोखे हटा दिए थे। वहां हटाने के लिए कुछ नहीं था। बुलडोजर कोई भी तोड़फोड़ किए बिना ही लौट गए। शाहीन बाग में अतिक्रमण रोधी अभियान का विरोध कर रहे प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष परवेज आलम सहित पार्टी के कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है।मालूम हो कि शाहीन बाग दिसंबर 2019 में संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शन और धरने का प्रमुख केंद्र था।

### विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ शिकायत दर्ज



**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के महापौर मुकेश सूर्यान ने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर विधायक अमानतुल्लाह खान और वाजिद खान के खिलाफ न्याय संगत उचित कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराने का अनुरोध किया है। ऐसे में शाहीन बाग पुलिस थाना में स्टेशन में एसडीएमसी ने विधायक अमानतुल्लाह खान और पार्षद वाजिद खान समेत उनके समर्थकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आप नेताओं पर निगम की कार्रवाई में बाधा उत्पन्न करने का आरोप है। इस बीच खान ने ट्वीट कर कहा कि ओखला विधानसभ क्षेत्र की जनता का वह शुक्रिया अदा किया।

### अभियान के चलते लगा भारी जाम

**नई दिल्ली।** शाहीन बाग अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान भारी पुलिस बल और बुलडोजर के बीच महिलाओं सहित सैकड़ों स्थानीय लोगों के विरोध-प्रदर्शन के चलते लोगों को भारी जाम का सामना करना पड़ा और घंटों वाहन फंसे रहे।

विरोध-प्रदर्शन के कारण शाहीन बाग, कालिंदी कुंज, जैतपुर, सरिता विहार और मथुरा रोड सहित अन्य क्षेत्रों में भारी जाम लग गया। एसडीएमसी अधिकारियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी जवानों के साथ मौके पर मौजूद थे। स्थिति से निपटने के लिए अर्धसैनिक बलों को भी तैनात किया गया था। शाहीन बाग में कालिंदी कुंज मुख्य मार्ग पर बुलडोजर सुबह साढ़े 11 बजे ही पहुंच गया था। जिसके कारण है वहां भारी जाम लग गया। यातायात पुलिस के एक



वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारी वाहनों को दूसरे रास्तों से भेजा गया और उनके लिए एक वैकल्पिक मार्ग खोला गया। जिन जगहों पर जाम लगने की खबर सामने आई, वहां हमारे लोग तैनात किए गए जिससे यह सुनिश्चित हो कि यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि कुछ जगहों पर मार्ग परिवर्तन भी किया गया।

## रोहिंग्या-बांग्लादेशियों को बचाने के लिए धर्म का सहारा : भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि शाहीन बाग में जब निगम का बुल्डोजर चला तो आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के नेता उसके सामने लेटे हुए नजर आ रहे थे, जो कि सरकारी कार्यों में बाधा डालने और रोहिंग्या-बांग्लादेशियों को संरक्षण देने का सबसे बड़ा सबूत है। जिस तरह से दिल्ली के शाहीन बाग के अंदर 5000 से अधिक रोहिंग्या-बांग्लादेशियों ने आतंक फैलाने का काम किया है, वह सब जानते हैं।

इसकी पुनरावृति भी कई इलाकों में हुई है, लेकिन तुष्टिकरण की राजनीति से ग्रसित आम आदमी पार्टी और कांग्रेस नेता उन्हें संरक्षण देने से पीछे नहीं हटते हैं। उन्होंने दिल्ली पुलिस आयुक्त और निगम आयुक्त को पत्र लिखकर सरकारी काम में बाधा डालने वालों पर पर केस दर्ज करने की मांग की है।

आदेश गुप्ता ने सोवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने एक पत्र लिखा था जिसमें कहा था कि बांग्लादेशियों-रोहिग्याओं को संरक्षण और सारी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बैठक बुलाकर अपने विधायकों को निर्देश दिए हैं कि रोहिंग्या-बांग्लादेशियों को बिजली-पानी, राशन, आधार, सब कुछ मुहैया कराया जाए, जो आज सच साबित हुई। क्योंकि शाहीन बाग में अवैध निर्माण पर बुल्डोजर चलने लगा तो आप के विधायक अमानतुल्लाह खान वहां रोकने के लिए पहुंच गए।

यह निगम की कोई पहली कार्रवाई नहीं है, बल्कि पिछले सवा महीने से लगातार कार्रवाई चल रही है। मदनपुर खादर, बदरपुर, ओखला, रिठाला, किराड़ी, रोहिणी, करोल बाग आदि जगह कार्रवाई चल रही है, लेकिन इस प्रकार के अतिक्रमण की कार्रवाई को सांप्रदायिक बता देना और जब कोई दंगा फैलाता है तो उसपर चुप्पी साध लेना आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की नीति बन चुकी है।

### नफरत की राजनीति कर रही है भाजपा-आप : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** अतिक्रमण के खिलाफ दिल्ली नगर निगम की कार्रवाई को लेकर राजनीति दलों में जुबानी जंग तेज हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि ने कहा कि 15 वर्षों से एमसीडी में भाजपा का सत्ता है। इस दौरान भाजपा ने अतिक्रमण को लगातार संरक्षण देती रही है। उन्होंने कहा कि यह एमसीडी का नहीं भाजपा की सोच का बुल्डोजर है जो दिल्ली में चल रहा है जिसका केजरीवाल सरकार मौन समर्थन कर रही है। अनिल ने कहा कि कांग्रेस बेगुनाह रेहड़ी पटरी वालों की अजीविका के साधन को उजड़ने से बचाने के लिए नफरत का बुल्डोजर चलने नहीं देगी।

## डीयू में कम्पार्टमेंट की ऑफलाइन परीक्षाएं शुरू

● महामारी की वजह से डीयू को ऑपन बुक एग्जामिनेशन आयोजित करना पड़ा था, क्योंकि कॉलेज बंद थे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में कोविड-19 महामारी के कारण दो साल बाद सोमवार को प्रत्यक्ष तरीके से परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा कम्पार्टमेंट (किसी विषय में उत्तीर्ण अंक हासिल न करने) वाले विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। डीयू के परीक्षा डीन डी एस रावत ने कहा कि सभी कॉलेजों में उन विद्यार्थियों के लिए आयोजित परीक्षा सुचारू से हुई जिनका कम्पार्टमेंट आया था। हालांकि विश्वविद्यालय के अधिकतर पाठ्यक्रमों के लिए 11 मई से परीक्षाएं शुरू होंगी और सोमवार को कम्पार्टमेंट वाले विद्यार्थियों का इम्तिहान था। रावत ने कहा, परीक्षाएं आज से शुरू हो गईं।

ये परीक्षाएं उन विद्यार्थियों के लिए थी जिनका कम्पार्टमेंट आया था। हमने दो साल के अंतराल के बाद ऑफलाइन परीक्षाएं आयोजित की हैं। लिहाज़ा, सावधानी से सभी तैयारियां की गई थीं। परीक्षा सुचारू रूप से हुई। महामारी की वजह से डीयू को ऑपन बुक एग्जामिनेशन (ओबीई) आयोजित करना पड़ा था, क्योंकि कॉलेज बंद थे।

बहरहाल, सोमवार को आयोजित इम्तिहान देने के लिए कुछ ही विद्यार्थी पहुंचे। श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स की प्राचार्य स्मृति कौर ने कहा कि कम्पार्टमेंट की परीक्षा देने के लिए सिर्फ पांच ही विद्यार्थी पहुंचे जबकि मिरांडा हाउस कॉलेज में दो छात्राओं ने यह परीक्षा दी। मिरांडा हाउस कॉलेज की प्राचार्य बिजय लक्ष्मी नंदा ने कहा कि मंगलवार को होने वाली परीक्षा में 45 छात्राओं को बैठना है। नंदा ने कहा, आज और कल हम कम्पार्टमेंट की परीक्षाएं आयोजित कर रहे हैं। बुधवार से द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं के इम्तिहान होंगे। वहीं, रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को 30 मिनट का अतिरिक्त समय और विकल्प के तौर पर एक अतिरिक्त सवाल देने का फैसला किया है ताकि उनपर से दबाव कम हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि डीयू द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा आयोजित करने के वास्ते पूरी तरह से तैयार है। रावत के मुताबिक, जो विद्यार्थी कोविड से संक्रमित होंगे या परीक्षा के दौरान जिन्हें पृथक-वास में रहना होगा, वे बाद की तारीख में इम्तिहान दे सकते हैं। उन्होंने कहा, हम पूरी तरह से तैयार हैं। अधिकतर पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 11 मई से होंगी। हमें प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिका की व्यवस्था करनी है ताकि वे वक्त पर कॉलेज पहुंच जाएं। साथ में कोविड के सभी प्रोटोकॉल का पालन किया।

### एलजी नई शराब नीति पर बुलाएं सर्वदलीय बैठक : नेता प्रतिपक्ष

**नई दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने नई शराब नीति के तहत रात 3 बजे तक बार और रेस्टोरेंट्स खोलकर शराब परोसने की छूट देने के केजरीवाल सरकार के फैसले को घातक और दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है।

उन्होंने कहा कि इससे दिल्ली की संस्कृति, कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के लिए भारी खतरा पैदा होगा। उन्होंने उपराज्यपाल से अनुरोध किया है कि वह इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की पहल करें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि नई शराब नीति के तहत अब उन्हें 3 बजे तक खोलने की छूट से कानून व्यवस्थता के लिए चुनौती उत्पन्न होगी।

## डीपीएसआरयू में अब बीएससी बायोमेडिकल साइंस और नर्सिंग की भी होगी पढ़ाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● समय की जरूरतों के अनुसार कोर्सेज में बदलाव करेंगे: सिसोदिया



इंदिरा गांधी अस्पताल को मेडकिल कॉलेज बनाने के बाद दिल्ली सरकार ने मेडिकल के छात्रों को एक और सौगात दी है। दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (डीपीएसआरयू) ने दो नए जॉब ओरिएंटेड कोर्स बीएससी बायोमेडिकल साइंस व बीएससी नर्सिंग की शुरुआत की हैं।

यहां मेडिकल छात्रों को नर्सिंग के तीसरे और चौथे साल में डायग्नोस्टिक्स, रेडियोलॉजी तकनीक आदि जैसे क्षेत्रों में सुपर-स्पेशलाइजेशन की पेशकश भी की जाएगी। उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि कोरोना के बाद की स्थितियों में हेल्थ केयर मैनपॉवर, स्पेशलाइज्ड पेशेंट सपोर्ट सर्विसेज विशेष रोगी और मेडिकल के क्षेत्र में प्रबंधन की मांग बढ़ी है। डीपीएसआरयू समय की जरूरतों के अनुसार इन कोर्सेज में बदलाव भी करेगा। मनीष सिसोदिया ने कहा कि कोरोना के दौरान देश की हेल्थ केयर इंडस्ट्री में ऐसे हेल्थ केयर प्रोफेशनल की भारी कमी देखने को मिली जो स्पेसिफिक मेडिकल टेक्नोलॉजी के साथ डॉक्टरों की बेहतर ढंग से सहायता कर सकें। ऐसे में इस तरह के कोर्सेज छात्रों को स्किल व नॉलेज देने के साथ-साथ देश में हेल्थ केयर इंडस्ट्री की जरूरतों को भी पूरा करने में मदद करेंगे।

## बुजुर्ग की पिटाई के आरोप में नाबालिग पकड़ा गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● थप्पड़ खाने के बाद नाराज था किशोर

महरौली इलाके में कहासुनी के बाद एक नाबालिग ने बुजुर्ग भिखारी की कथित तौर पर पिटाई कर दी।

घायल बुजुर्ग की पहचान मोहम्मद अब्दुल सत्तार खान के तौर पर हुई है जो महरौली में पहलवान ढाबा के निकट एक दरगाह के सामने भीख मांगा करता था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) बेनिता मेरी जयकर ने कहा, रविवार को सुबह आठ बजकर 58 मिनट पर महरौली थाना को एक पीसीआर कॉल मिली जिसमें बताया गया कि पहलवान ढाबा के निकट दरगाह के सामने एक बुजुर्ग घायल अवस्था में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस को खान बेहोशी की हालत में पड़े मिले। उनके चेहरे व सिर पर चोट लगी थी। डीसीपी ने कहा कि नाबालिग भी वहीं भीख मांगा करता था और उसे पकड़ लिया गया है और गैर इरादतन हत्या का प्रयास के तहत मामला दर्ज किया गया है। खान को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। पीड़ित का एक टूटा दांत और आधार कार्ड बरामद किया गया है। जयकर ने कहा, नाबालिग ने बताया कि बुजुर्ग से उसकी बहस हो गई थी और इस दौरान बुजुर्ग ने उसे थप्पड़ मार दिया था। इससे नाराज किशोर ने बुजुर्ग की पिटाई कर दी।

## राजधानी में अप्रैल तक रहा डेंगू का प्रकोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● दिल्ली में इस साल आए 82 मामले, मई के पहले सप्ताह में मिली राहत



डेंगू का मच्छर पहले दिसंबर तक परेशान करता था लेकिन इस बार मार्च और अप्रैल जैसे मध्यम गर्मी वाले मौसम में भी लोगों को डंक लगा रहा है। राहत की बात यह रही है कि डेंगू से इन चार माह में कोई मौत नहीं हुई है लेकिन राजधानी में मई के पहले सप्ताह तक 82 मामले दर्ज किए गए।

दिल्ली में पिछले एक सप्ताह में डेंगू का एक और मामला दर्ज किया गया और इस साल अब तक इसके 82 मरीज को डेंगू का डंक लग चुका है। दक्षिण दिल्ली नगर निगम की एक रिपोर्ट के अनुसार इस साल 30 अप्रैल तक शहर में डेंगू के 81 मामले सामने आए थे। इस वर्ष इस बीमारी से किसी की मौत नहीं हुई है। मई के माह में जिस तरह एक मरीज सामने आए है उससे साफ है कि अभी डेंगू का खतरा आम लोगों पर बना हुआ है। दूसरी तरफ अगस्त से डेंगू के मामले सामने आने लगते है। डॉक्टर इस पूरे साल के चक्र को लेकर हैरान है। हालांकि दिल्ली नगर निगम मच्छरों के अनुकुल मौसम बताकर अपना पल्ला झाड रहा है। साफ है कि डेंगू के मच्छरों ने इस मौसम में खुद को अनुकूल बनाने की शुरूआत कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में जनवरी में डेंगू के 23 मामले सामने आए थे। फरवरी में इसके 16, मार्च में 22, अप्रैल में 20 और मई में अब तक एक मामला सामने आया है। सामान्य तौर पर इस मच्छर जनित बीमारी के मामले जुलाई से नवंबर के बीच सामने आते हैं, लेकिन यह अवधि दिसंबर के मध्य तक भी बढ़ सकती है। निगम के अधिकारियों ने कहा कि इस साल मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल मौसम होने की वजह से डेंगू के मामले जल्द सामने आ रहे हैं। पिछले साल डेंगू के 9,613 मामले दर्ज किए गए, वहीं 2015 में 23 मरीजों की मौत हुई। राजधानी में 2016 में डेंगू से 10 मौतें दर्ज की गईं। 2019 में डेंगू से दो, 2018 में चार मौतें दर्ज की गई थीं। एसडीएमसी की रिपोर्ट के मुताबिक, डेंगू के 4,431 मामले दर्ज किए गए। 2015 में, शहर में डेंगू के बड़े पैमाने पर प्रकोप देखा गया था। अकेले अक्टूबर में मामलों की संख्या 10,600 को पार कर गई। यह दिल्ली का 1996 के बाद सबसे खराब डेंगू का प्रकोप था। राजधानी में भी मलेरिया के 13 और चिकनगुनिया के आठ मामले सामने आए।

## 44 डिग्री सेल्सियस के पार होगा पारा, यलो अलर्ट जारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● 15 मई तक जारी रहेगा गर्मी का प्रकोप

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यलो अलर्ट जारी करते हुए दिल्ली में नए सिरे से गर्मी का प्रकोप बढ़ने की चेतावनी दी है और बुधवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने की संभावना जताई है। मौसम विशेषज्ञों ने कहा कि गर्मी का प्रकोप 15 मई तक जारी रह सकता है।

हालांकि मौसम का पूर्वानुमान व्यक्त करने वाली निजी एजेंसी स्काईमेट के उपाध्यक्ष (मौसम विज्ञान और जलवायु परिवर्तन) महेश पलावत ने कहा कि दिल्ली के अधिकतर हिस्सों में तापमान बहुत ज्यादा नहीं बढ़ेगा क्योंकि बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान असानी के प्रभाव में क्षेत्र में पुरबाई चल रही है, लेकिन आर्द्रता के स्तर में बढ़ोतरी परेशानी का सबब बन सकती है। सफदरजंग वेधशाला में सोमवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस साल के इस समय के लिहाज से सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक है। न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

ज्ञात हो कि पिछले एक सप्ताह तक गर्मी से पश्चिमी विक्षोभ के कारण राजधानीवासियों को गर्मी से लू से राहत मिली थी।

# काव्य संध्या में कवियों ने बिखेरे विविध रंग

### अखिल भारतीय परिषद गुरुग्राम इकाई ने किया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अखिल** भरतीय साहित्य परिषद गुरुग्राम इकाई के तत्वावधान में आर्य समाज मंदिर मॉडल टाउन में काव्य संध्या का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रान्तीय अध्यक्ष सारस्वत मोहन मनीषी ने की। दूरदर्शन के पूर्व निदेशक अमरनाथ अमर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। वरिष्ठ कवि एवं पत्रकार कृष्ण गोपाल विद्यार्थी विशिष्ट अतिथि रहे। इकाई अध्यक्ष प्रो. कुमुद शर्मा और उपाध्यक्ष विधु कालड़ा भी मंचासीन रहे।

अतिथिगण द्वारा भारत मां को पुष्पांजलि एवं नरेन्द्र खामोश के मधुर कंठ द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन इकाई महामंत्री मोनिका शर्मा ने किया। अशोक शर्मा अक्स ने मां को याद करते हुए कहा-तुम बाद बहुत दिन आयी, हम सब तुम्हारी परछाई। हरेन्द्र यादव का माहिया देखिए मां से सुख दूना है, मां के बिन जग में, सब सूना सूना है। त्रिलोक कौशिक की रचना कुछ यूं थी-हाथ को हाथ मिलाने से डर लगता है, ख्वाब आएंगे तो मसल डालेंगे, अब तो नींद में जाने से डर लगता है।



गुरुग्राम में काव्य संध्या में उपस्थित कविगण।

वीरेंद्र कौशिक ने अपनी पंक्तियां मां को समर्पित करते हुए सुनाया-लोरी गा-गा के मुझको सुलाती रही, मेरे सपनों को सजाती रही, मीनाक्षी पांडेय ने अपनी गजल पढ़ी, परछाईया ही बढ़ गई, घटना पड़ा मुझे। इतना तुम्हारा कद बढ़ा, झुकना पड़ा मुझे। भिवानी से पधारे विकास यशकीर्ति ने सुनाया-नोची जा रही है रोज बेटी की बोटियां, सेंकते हैं लोग केवल राजनैतिक रोटियां। विनोद शर्मा ने अपना दर्द कुछ यूं बयां किया-तू छोड़कर मुझको निखर गया, मैं कतरा-कतरा बिखर गया। नरेन्द्र शर्मा खामोश ने अपनी रचना के माध्यम से राष्ट्र के प्रति अपने भाव व्यक्त किये। नवोदित कवयित्री अनन्या सागर ने मां के लिए अपनी पंक्तियां पढ़ी-इस जग को तूने बनाया प्रभु, पर तुमसे मैं इक बात कहूं, मेरी मां से बढ़कर कोई नहीं, मेरी मां से सुंदर कोई नहीं। बिमलेन्दु सागर की रचना कुछ यूं थी, है जिसके पास मां उसपे गजब का नूर होता है कि बच्चा मां की गोदी में खुशी से चूर होता है, न जाने कौन सा मरहम है मेरी मां के हाथों में, महज सहलाने भर से दर्द यूं काफूर होता है।

प्रो. सारस्वत मोहन मनीषी ने ओजपूर्ण रचना पढ़ी-लाखों दीवानों ने गर्दन कटवाई थी, सच कहता हूं तब ही आजादी आयी थी। छोटी बहर की उनकी प्रसिद्ध गजल को उनके साथ श्रोताओं ने भी गुनगुनाया-एक आंख रानी, एक आंख पानी, तृप्ति है बुढ़ापा, प्यास है जवानी। वीणा अग्रवाल, सुरिंदर मनचन्दा, राधा शर्मा की रचनाओं को श्रोताओं ने सराहा। अनिल श्रीवास्तव की रचना-हम होंगे कामयाब...भी सराही गयी। मुख्य अतिथि अमरनाथ अमर ने सफल व सार्थक आयोजन के लिए गुरुग्राम इकाई को बधाई दी।

# कुरीतियों से लड़ने में शिक्षा सबसे बड़ा हथियार : मंत्री मूलचंद शर्मा

### भगवान परशुराम जयंती कार्यक्रम में परिवहन मंत्री ने की शिरकत

### आप शिक्षित हो तो हर समस्या का मजबूजी के साथ सामना कर सकते हैं


गुरुग्राम में भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर कार्यक्रम में बोलते परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**परिवहन** मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने व सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने में शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कहा कि आज के मौजूदा परिवेश में यदि आप शिक्षित है तो आप हर समस्या का मजबूती के साथ सामना कर सकते हैं।

वे रविवार को गुरुग्राम में भगवान परशुराम जयंती के अवसर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में यह कार्यक्रम बसई रोड स्थित भगवान परशुराम भवन में आयोजित किया गया। परिवहन मंत्री ने भगवान परशुराम की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलित करने उपरान्त अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम ने अपने युग में समाज के अपराधियों का नरसंहार कर समाज को दिशा दिखाने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि हजारों सालों के परिवर्तन के दौर के बाद आज समाज मे फैली कुरीतियों व समस्याओं के निवारण में शिक्षा सबसे सशक्त माध्यम है। श्री शर्मा ने कहा कि देश के इतिहास में सामाजिक सद्भाव को कायम रखने व आर्थिक उन्नति के लिए ब्राह्मण समाज ने सदैव समाज को दिशा दिखाने का कार्य किया है, लेकिन आज यह जिम्मेदारी अभिभावकों की है वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा व अच्छे संस्कार देकर उन्हें देश का जिम्मेदार नागरिक बनाएं।

मूलचंद शर्मा ने कहा कि आज के इस प्रतियोगी दौर में शिक्षा हमें अपने जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि यदि आपके आस पड़ोस में कोई मेधावी विद्यार्थी है। उसे आपके मार्गदर्शन की आवश्यकता है तो आप स्वयं पहल करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने में उसकी सहायता अवश्य करें।

### सीएम के नेतृत्व में सभी हलकों का हो रहा विकास

श्री शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सभी हलकों में समान विकास हो रहा है। हरियाणा की युवा शक्ति को शैक्षणिक प्रक्रिया में डिजिटल रूप से मजबूत करने के लिए ई अधिगम योजना के तहत आज प्रदेश में 5 लाख बच्चों को नि:शुल्क टेबलेट दिया जा रहा है। वहीं ग्रामीण अंचल की बेटीयों को फ्री बस पास की सुविधा देने के साथ ही शिक्षा से जुड़ी विभिन्न प्रकार की योजनाएं भी चलाई जा रही हैं।

# नवकल्प के दाना-पानी घोंसले अभियान से जुड़ रहे आम व खास


गुरुग्राम के सिविल लाइन स्थित कामकाजी महिला आवास के बाहर दाना-पानी घोंसला लगाते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

### रोजाना घोंसलों की आ रही है मांग, अब तक 225 घोंसले लगाए

**गुरुग्राम।** नवकल्प फाउंडेशन का दाना पानी घोंसला लगाने का अभियान जारी है। अभी तक लगभग 225 घोंसले लगाए जा चुके हैं। इस अभियान की सराहना करते हुए डीसी निशांत यादव ने यहां सिविल लाइन स्थित कामकाजी महिला आवास के बाहर स्वयं भी घोसले लगाए। उन्होंने कहा कि पंछियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करना बेहद सराहनीय कार्य है। उन्होंने इसके लिए नवकल्प की तारीफ की।

रोटरी क्लब के एसिस्टेंट गवर्नर रविंद्र जैन, नवकल्प के उपाध्यक्ष नवीन गुप्ता, कांग्रेस नेता पंकज डावर, मुकेश शर्मा सहित काफी लोग मौजूद थे। नवकल्प फाउंडेशन के महासचिव सुनील आर्य के अनुसार अभियान के प्रति लोगों में खासा उत्साह है। हमें विभिन्न पार्कों और आरडब्ल्यूए से कॉल आ रही हैं। अभी तक करीब 225 दाना-पानी घोंसले वितरित किए जा चुके हैं, जिनमें से अधिकांश लग चुके हैं। अभी संस्था के पास 350 से अधिक घोंसले और देने के लिए आग्रह आए हुए हैं। इसी क्रम में टीम नवकल्प ने सेक्टर-31 के शक्ति मंदिर, उप्पल साउथ एंड, सेक्टर-9, सेक्टर-15 सहित कई जगहों पर घोंसले लगाए हैं। मातृ दिवस पर सेक्टर-15 पार्ट-2 के सिटीजन पार्क में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने घोंसला लगाकर शुरुआत की। योगाचार्य राजकुमार अग्रवाल, कैप्टन एसएस पठानिया, अमित गोयल, एएस यादव, डॉ. हनीश बजाज, इंदु बावा, नवकल्प के फाउंडर अनिल आर्य, महासचिव डॉ. सुनील आर्य, पंकज डावर, दीपामाला के महेंद्र अग्रवाल, डॉ. रश्मि, डॉ. रेखा, डॉ. ज्योति आदि थे।

# गरीब कन्या की शादी में की 51 हजार की मदद


गुरुग्राम के भीम नगर में गरीब परिवार की कन्या की शादी के लिए राशि सौंपते पदाधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**टैक्स** बार एसोसिएशन के प्रधान व पंजाबी बिरादरी महासंगठन के उप-प्रधान राजकुमार कथूरियों ने सदस्यों समेत एक गरीब कन्या की शादी में आर्थिक सहयोग देकर बड़ा दिल दिखाया है।

भीम नगर स्थित एक गार्ड की बेटी के विवाह में पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी के माध्यम से 51 हजार रुपये की राशि दी गई। बोधराज सीकरी ने कहा कि सामाजिक कार्यों में हर प्रकार से पंजाबी बिरादरी महासंगठन अग्रणी रहता है। चाहे किसी बीमार का उपचार हो या गरीब कन्या की शादी, महासंगठन के पदाधिकारियों ने मंत्रणा करके यह पुण्य का काम किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी सामाजिक संस्था का समाज के प्रति एक उद्देश्य होना चाहिए। साधन संपन्न लोगों का यह कर्तव्य बनता है कि वे ऐसे कार्यों में आगे आएं।

## मकान से नकदी और जेवरात ले गए चोर

**सोहना।** शहर की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में बंद मकान से चोर नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। मकान में चोरी होने का खुलासा सोमवार सुबह उस समय लगा जब मकान के अंदर से बार-बार तोड़-फोड़ की आवाजें आ रही थीं।

अर्जुन सिंह पिछले चार दिन से अपने पुराने मकान वार्ड-17 में किन्ही कारणवंश रह रहा है। नये मकान का ताला बंद था। सोमवार को अर्जुन की पत्नी और बेटी मकान पर आए तो उन्होंने छोटे गेट पर लगा ताला खोला। लेकिन दरवाजे की कुंदी अंदर से बंद होने के कारण नहीं खुला। इस दौरान मकान से तोड़फोड़ की आवाजें आ रही थीं। आवाज सुनकर आसपास के घरों में रहने वाले लोग भी बाहर आ गए। जिन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान में जाकर देखा तो अंदर कोई नहीं मिला। कमरों के दरवाजे समेत अलमारियां खुली मिली। जिनका सामान बिखरा हुआ पड़ा था। जिससे चोर केवल नकदी या जेवरात चोरी करके ही ले गए हैं। अर्जुन सिंह ने बताया कि अभी तक उन्होंने सामान की जांच नहीं की है।

# दौलताबाद पुल से सूरत नगर की ओर रास्ता बनाने को कमेटी गठित होगी

### अनशन पर बैठे समाजसेवी प्रदीप दहिया को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया


गुरुग्राम के दौलताबाद फ्लाईओवर के पास प्रदीप दहिया को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराते विधायक सुधीर सिंगला।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि दौलताबाद फ्लाईओवर से सूरत नगर की तरफ रास्ता बनाने के लिए एक कमेटी गठित की जाएगी। कमेटी का जो भी बेहतर सुझाव आएगा, उस पर काम होगा। यह बात उन्होंने सोमवार को यहां अनशन पर बैठे समाजसेवी प्रदीप दहिया को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराते हुए कही।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि क्षेत्र के विकास को वे सदा तैयार रहते हैं। जहां से जिस भी समस्या की सूचना मिलती है, उसे तुरंत दूर कराया जाता है। जनता की सुविधा के लिए ही यहां लक्ष्मण विहार के पास अंडरपास बनाया जा रहा है। दौलताबाद फ्लाईओवर के दोनों ओर रिहायशी कॉलोनियां हैं। ऐसे में फ्लाईओवर से कनेक्टिविटी भी जरूरी है। इससे पहले राजेंद्रा पार्क की ओर भी कनेक्टिविटी दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सूरत नगर की तरफ कनेक्टिविटी देने के लिए जल्द ही एक कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी की ओर से मौके पर पूरी जांच-पड़ताल करके रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उस रिपोर्ट के आधार पर आगे का काम होगा।

श्री सिंगला ने कहा कि जनता को सुविधाएं देने के लिए हर स्तर पर काम किया जा रहा है। उन्होंने समाजसेवी प्रदीप दहिया को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराते हुए कहा कि जल्द ही इस पर सकारात्मक सूचना आएगी। इस अवसर पर पार्षद योगेंद्र सारवान, श्रीपाल शर्मा, एमसीजी के एक्सईएन विशाल गर्ग, विशम्बर शर्मा और कुंजल ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### मुख्यमंत्री से विधायक संग दमदमा के ग्रामीण आज मिलेंगे

**सोहना।** सोहना विधायक के साथ दमदमा ग्रामीण कमेटी के सदस्य स्कूल अपग्रेड कराने की मांग को लेकर मंगलवार को चंडीगढ़ जाएंगे। जहां मुख्यमंत्री से 12 मार्च को दमदमा में की गई स्कूल अपग्रेड की घोषणा पूर्ण कराने की मांग की जाएगी। शनिवार को दमदमा धरना स्थल पर पहुंचे विधायक संजय सिंह ने ग्रामीण और विद्यार्थियों को स्कूल अपग्रेड कराने का आश्वासन दिया था। दमदमा में सार्वजनिक स्थान पर लगे टेंट में बैठकर पढ़ने का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। दमदमा से कक्षा 9 से 12वीं की पढ़ाई के लिए वाले विद्यार्थियों के साथ अभयुपर के सीनियर छात्र-छात्राओं ने मारपीट की थी, उसके बाद से टेंट लगाकर पढ़ाई की जा रही है। मंगलवार को ग्रामीणों का शिष्टमंडल विधायक संजय सिंह के साथ चंडीगढ़ जाएगा। जिसकी कमेटी सदस्यों ने पूरी तैयारी कर ली है। ग्रामीण मुख्यमंत्री मनोहर लाल से उनके द्वारा की गई मिडिल स्कूल को सीनियर सैकेंडरी बनाने की घोषणा को तुरन्त प्रभाव से पूर्ण कराने की मांग करेंगे। समाज सेवी श्योराज खटाना ने बताया कि मुख्यमंत्री से गांव के बच्चों को दूसरे गांव में पढ़ाई करने के लिए न जाने देने की बात भी कहेंगे। टेंट लगाकर पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाने और पढ़ाई के कार्य में हर संभव मदद के लिए ग्रामीण आगे आ रहे हैं।

### एसडीएम दरबार में रेहड़ी मालिकों की नहीं सुनी गई बात

**सोहना।** एसडीएम दरबार में पहुंचे रेहड़ी मालिकों की मांग अस्वीकार किए जाने से बैरंग लौट आए। गुस्साएं रेहड़ी मालिकों ने फुटपाथ पर खड़े होकर एसडीएम और नगर परिषद अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। शहर के नागरिक अस्पताल के मार्ग पर बने फुटपाथ पर रेहड़ी लगाने वाले मालिक भारी संख्या में एकजुट होकर एसडीएम दरबार में पहुंचे। जानकार सूत्रों के अनुसार एसडीएम जितेन्द्र गर्ग की फुटपाथ पर रेहड़ियां न लगने देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें राजीव गांधी पार्क के पास खाली परिसर में रेहड़ियां लगाने को कहा गया है। एसडीएम और नगर परिषद प्रशासन द्वारा नागरिक अस्पताल के फुटपाथ पर लगी फल व सब्जियों की रेहड़ियों को हटाए जाने को सही ठहराया है। महिला सरोज का कहना है कि फुटपाथ पर रेहड़ी मालिकों ने पूरा कब्जा किया हुआ है। लेकिन अब महिलाओं और छोटे बच्चों को पैदल चलने के दौरान किसी हादसा होने की सम्भावना नहीं होगी। गुस्साए रेहड़ी मालिकों ने प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफनारेबाजी की। उनका कहना था कि यह सब कार्य शहर के ही एक व्यक्ति के इशारे पर किया गया है। रेहड़ी मालिक अपना रोजगार शहर के किसी अन्य स्थान पर ले जाने को तैयार नहीं हो रहे हैं।

### सफाई कर्मचारियों ने पंचायत अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**होडल।** ब्लॉक हसनपुर के दर्जनों ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर पंचायत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। सफाई कर्मचारियों के प्रधान जितेंद्र चौहान व अन्य कर्मचारियों ने पंचायत अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में अपनी मांगों में कहा कि सफाई कर्मचारियों का वेतन महीने की सात तारीख तक दिया जाए, एक मई 2018 से लगे 17 ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का चार महीने का वेतन रुका हुआ है उसे भी जल्द दिलाया जाए, 67 ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का 2018 का जूता-बर्दी नहीं मिला है वह भी दिलाइ जाएं, सफाई कर्मचारियों का जो प्रत्येक महीने 1800 रुपये पीएफ काटा जा रहा है उसका कोई सबूत दिया जाए, सफाई कर्मचारियों को सफाई के जिन उपकरणों की कमी है उसे समय पर उपलब्ध कराया जाऐ जिससे की कर्मचारियों को सफाई में दिक्कत न उठानी पड़े। ग्रामीणों ने पंचायत अधिकारी से इन मांगों की ओर ध्यान देने और जल्द इन समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की है। इस मौके पर रामबीर, लक्ष्मण, वंशी, उदमी, सूबे, नरेश, हंसराज, जयपाल के अलावा अन्या कर्मचारी मौजूद थे।

### हत्यारों की गिरफ्तारी को दर-दर की ठोंकरें खा रहे परिजन




**होडल।** बच्चे की हत्या को चार महीने बीतने के बावजूद पुलिस हत्यारों का कोई सराग नहीं लगा पा रही है। हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए बच्चे के परिजन दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। मृतक के परिजनों द्वारा पुलिस को बच्चों के हत्यारों के नाम देने के बावजूद पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही है। मृतक के परिजन पुलिस पर हत्यारों के साथ साठगांठ के आरोप लगा रहे हैं। इसके अलावा हत्यारे बच्चे के परिजनों पर दबाव बनाने में लगे हैं। मृतक के परिजनों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष व्याप्त है। ज्ञात रहे कि मुंडकटी थाना के अंतर्गत गांव सराय निवासी मुस्ताक का 8 वर्षीय रिजवान 23 दिसंबर को गांव से गायब हो गया था। एक सप्ताह बाद रिजवान का शव गांव के निकट जंगलों में मिला था। पुलिस ने रिजवान के पिता की शिकायत पर अज्ञात हत्यारों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। रिजवान के पिता मुस्ताक ने बताया कि पलवल पुलिस ने उनके सामने गांव निवासी मुवीन को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने पुलिस के आगे कबूला कि उसने गांव निवासी इरसाद, साहुन, मौसिस के साथ मिलकर रिजवान की हत्या की है। मुस्ताक ने बताया कि मुवीन ने पुलिस को बताया कि उन्होंने रिजवान की हत्या बलि चढ़ाने के लिए की थी। गांव में हुई पंचायत में भी मुवीन ने पंचों के सामने रिजवान की हत्या करने के बाद कबूली थी। मुस्ताक ने बताया कि पुलिस हत्यारों को गिरफ्तार करने के बजाय उनका साथ देकर उन्हें बचाने में लगी है। इसके अलावा हत्यारे भी हमपर तरह-तरह से दबाव बना रहे हैं। परिजनों का कहना है कि पुलिस प्रशासन हत्यारों की गिरफ्तारी करने के बजाय उनपर ही तरह-तरह से दबाव बनाने में लगा है। उन्होंने कहा कि वह इस मामले में सरकार व प्रशासन के आला अधिकारियों से मिलकर हत्यारों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग करेंगे। इस मामले में होडल सीआइए इंचार्ज जंगशेर का कहना है कि बच्चे के हत्यारों के तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं। उन्होंने कहा कि जल्द हत्यारों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## एमजी मोटर्स इंडिया ने 100,000 यूनिटों की बिक्री पूरी करने पर अपने कर्मचारियों, डीलरों, आपूर्तिकर्ताओं और ग्राहकों का आभार व्यक्त किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**एमजी** मोटर इंडिया ने भारत में 100,000 खुशहाल परिवारों का हिस्सा बनने की घोषणा की है। यह लगातार नवाचार, अनुभवजन्य ग्राहक सेवा और स्थायित्व तथा समुदाय के प्रति समर्पण पर केंद्रित इस ब्रांड की यात्रा में एक नई उपलब्धि है। नई तकनीकों को पेश करने से लेकर महिलाओं को सशक्त बनाने तक, एमजी ने कारों की बिक्की के अलावा भी बहुत कुछ किया है।

ब्रांड ने भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी - हेक्टर, भारत की पहली प्योर इलेक्ट्रिक इंटरनेट एसयूवी - जेडएस ईवी, भारत की पहली ऑटोनॉमस (लेवल 1) प्रीमियम एसयूवी - ग्लॉस्टर - पर्सनल एआई असिस्टेंट और ऑटोनॉमस (लेवल 2) तकनीक के साथ भारत की पहली एसयूवी - एमजी एस्टर को पेश किया। एमजी ने कार-ऐज़-अ-प्लैटफार्म की अवधारणा को भी मजबूत किया है, जिससे कारों को स्मार्ट और सुरक्षित बनाया जा सकता है। यह ब्रांड भारत में सीएएसई (कनेक्टेड, ऑटोनॉमस, शेयर्ड और इलेक्ट्रिक) मोबिलिटी के अपने विजन की ओर तेजी से बढ़ रहा है।




अपनी शुरुआत से ही ग्राहक, साझेदार, और कर्मचारी एमजी के परिचालनों के केंद्र में रहे हैं।

उत्पादों और ऑन-ग्राउंड अनुभवों के माध्यम से ग्राहकीय आनंद के प्रति वचनबद्धता के प्रमाण के रूप में इस कार निर्माता को हाल में जेडी पॉवर 2021 के इंडिया सेल्स सैटिस्फैक्शन स्टडी (एसएसआई) और इंडिया कस्टमर सर्विस इंडेक्स स्टडी (सीएसआई) में नंबर-1 का स्थान मिला है। इस ब्रांड ने अपने विक्रेताओं और कर्मचारियों के लिए एक सकारात्मक अनुभव तथा वातावरण का निर्माण किया है। परिणामस्वरूप, इसने विक्रेता संतुष्टि में भी 4-व्हीलर मास-मार्केट वाहनों के बीच द्वितीय स्थान हासिल किया है, जिसकी घोषणा फेडरेशन ऑफ़ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) द्वारा की जाती है। नेतृत्व विकास, संस्कृति, मानव संभावना को अधिकतम करने और विविधतापूर्ण कार्यस्थल की रचना करने पर अपने फोकस के आधार पर इस ब्रांड ने हाल में ग्रेट प्लेस टू वर्क (शानदार कार्यस्थल) का प्रमाण प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के विषय में एमजी मोटर इंडिया के प्रेसिडेंट और प्रबंध निदेशक, राजीव छाबा ने कहा कि, कर्मचारियों, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं, और ग्राहकों पर केंद्रित ठोस बुनियाद स्थापित करने के बाद मिले प्यार और भरोसे के लिए हम इन सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। स्मार्ट मोबिलिटी सॉल्यूशंस के माध्यम से भारतीय मोबिलिटी स्पेस में सकारात्मक बदलाव लाने और एक स्थाई भविष्य के निर्माण के प्रति हमारी निष्ठा दिन-प्रतिदिन मजबूत हो रही है। अपने मूलभूत स्तंभों - नवाचार, अनुभव, विविधता, और समुदाय के अनुरूप हम प्रत्येक हितधारकों को अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं, जिन्होंने शुरुआत से ही हम पर भरोसा किया है। आज हम विनम्रता के साथ अपने उत्पादों और पहलकदमियों के द्वारा मोबिलिटी और कम्युनिटी में एक सकारात्मक अंतर लाने की अपनी वचनबद्धता की पुन: पुष्टि करते हैं।

## अमेजन.इन ने लॉन्च किया बैक टू स्कूल स्टोर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**स्कूलों** के खुलने और ऑफलाइन कक्षाओं की शुरुआत के साथ, अमेजन.इन ने बैक टू स्कूल स्टोर शुरू करने की घोषणा की है। यह बच्चों की खरीदारी से जुड़ी सभी जरूरतों को आसान बनाने के लिए एक वन स्टॉप डेस्टिनेशन है। खास तौर पर तैयार किया गया यह स्टोर स्कूल की जरूरत के सभी सामान उपलब्ध कराने के साथ माता-पिता, शिक्षकों और छात्रों की मदद करने के लिए पेश किया गया है। यहां खास डील्स के साथ स्टेशनरी, लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल फोन, पीसी, हेडसेट और स्पीकर, प्रिंटर, अमेजन डिवाइस, होम फर्निशिंग जैसे उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की जा रही है। इस स्टोर के साथ अमेजन की कोशिश है कि स्कूल में पढ़ाई करने और नया सीखने का एक बेहतरीन वातावरण तैयार हो सके। ऑफ़र और डील्स 12 जून 2022 तक उपलब्ध रहेंगी। यहां कुछ लोकप्रिय उत्पाद दिए गए हैं जिन्हें ग्राहक अमेजन.इन पर बैक टू स्कूल स्टोर से खरीद सकते हैं। सभी ऑफर और डील्स भाग लेने वाले विक्रेताओं की ओर से पेश की गई हैं।

**घर पर पढ़ाई को आसान बनाएं** : ऑनर मैजिकबुक Xvz, इंटेल कोर ix एंटी-ग्लेयर थिन और लाइट लैपटॉप - यह लैपटॉप देखने में बेहद स्टाइलिश है, इसमें 16.9 मिमी मोटाई की प्रीमियम अल्युमिनियम मैटल बॉडी दी गई है, साथ ही इसमें 5.3 मिमी के पतले बेजेल्स है। इस लैपटॉप का वजन केवल 1.56 किलोग्राम है, ऐसे में बेहद आसानी से इसे कहीं भी ले जा सकते हैं। इस प्रकार यह लैपटॉप स्कूल, यात्रा और काम पर ले जाने के लिए बहुत सुविधाजनक है। इसकी कीमत amazon.in पर 37,990 रुपये से शुरू है। लेनोवो टैब Mv® FHD प्लस टैबलेट, प्लेटिनम ग्रे - 8.1 मिमी का यह Mv® FHD प्लस टैब बेहद स्टाइलिश है। आप अपने बच्चे के देखे गए कंटेंट की निगरानी कर और उनके देखने के समय को सीमित कर इस टैब को अपने बच्चे के लिए एक सुरक्षित गैजेट बना सकते हैं। पतले बेज़ल के साथ इसकी बड़ी स्क्रीन पर डायनेमिक विजुअल्स का आनंद लें। अमेजन.इन पर यह 19,490 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है। एयरटेल AMF-xvvWW डाटा कार्ड (ब्लैक), 2300 एमएएच बैटरी के साथ 4जी हॉटस्पॉट सपोर्ट - आप इसकी मदद से एक साथ 10 डिवाइस तक कनेक्ट कर सकते हैं। इसमें 150 एमबीपीएस तक की डाउनलोड स्पीड और 4जी स्पीड का मजा उठा सकते हैं।

## मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के वन इंडिया वन गोल्ड रेट ने भारत में न्यूनतम रेट ऑफर किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**देशभर** के गोल्ड के ग्राहक पिछले कुछ दिनों से उत्सव मना रहे हैं क्योंकि देश में ज्वेलरी की एक सबसे बड़ी रिटेलर, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स अपने वन इंडिया वन गोल्ड रेट पहल के भाग रूप में न्यूनतम गोल्ड रेट ऑफर कर रही है।

अग्रणी ग्रुप द्वारा 2020 में शुरू की गई यह पहल देश के विभिन्न राज्यों में विभिन्न दर पर गोल्ड बेचने की उद्योग की प्रथा को समाप्त करती है। गोल्ड की न्यूनतम दर से ना सिर्फ ग्राहक को पूरी तरह से फायदा होता है बल्कि मेकिंग चार्ज में कमी का भी फायदा मिलता है जो गोल्ड रेट के प्रतिशत के रूप में निश्चित की जाती है।

ब्रांड यह प्राइस एडवांटेज ऑफर करने में समर्थ है क्योंकि कंपनी उचित मूल्य नीति का अनुकरण करती है, जो प्रोडक्ट के पारदर्शी और उचित मूल्य की अनुमति देता है। मात्र 2.9 प्रतिशत और अधिक से शुरुआत कर मेकिंग चार्ज निर्दिष्ट करने के अतिरिक्त मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स देशभर में गोल्ड के लिए बिल्कुल यही रेट लगाती है. इससे विभिन्न राज्यों में एकसमान 22 कैरेट के गोल्ड के लिए भाव फर्क की स्थिति का निर्माण होता है। विभिन्न मार्केट सर्वे के अनुसार, अक्षय तृतीया के दौरान देश में विभिन्न राज्यों के बीच गोल्ड की सर्वोच्च दर और न्यूनतम दर के बीच भाव का फर्क ? 350 प्रति ग्राम तक था।



मालाबार ग्रुप के चेयरमैन, एमपी अहमद ने कहा, गोल्ड लगातार देश में निवेश और वेल्थ का सबसे सुरक्षित साधन बना रहेगा। हमने हर ग्राहक के लिए उसके रहने के स्थान का ध्यान दिए बगैर बेस्ट प्राइस सुनिश्चित करने की स्कीम पेश की ह। गोल्ड से निर्मित उपहार उस प्रेम और सम्मान का प्रतीक हैं, जो हम दूसरों को देते हैं और इसीलिए यह महत्वपूर्ण है कि वह हर दृष्टि से शुद्ध हो। एक जिम्मेदार ज्वेलर के रूप में हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारे द्वारा खान से निकलने से लेकर ग्राहकों के हाथों में पहुंचने तक सभी ज्वेलरी जिम्मेदार साधनों के मार्फत बेची जाती है।

उन्होंने कहा, हर ज्वेलर सेम इंटरनेशनल रेट पर समान सरकार अधिकृत हस्ती से गोल्ड खरीदता है और देश में करों की बिल्कुल समान रकम अदा करता है। हालांकि एक बाजार से दूसरे बाजार में बिक्री मूल्य में फर्क होता है। इस प्रथा को ग्राहकों के लाभ के लिए समाप्त करना महत्वपूर्ण है। इस संबंध में खनन से लेकर मैन्युफैक्चरिंग से बेचने के लिए खरीदने तक तक मजबूत ट्रैकिंग तंत्र होना चाहिए। मालाबार ग्रुप हमेशा से गोल्ड में सर्वोच्च मानक और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है।

# अस्पताल की जर्जर इमारत का शुरू हुआ जीर्णोद्वार

## जर्जर इमारत की मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी को मिले एक करोड़ 41 लाख

**कविता।** फरीदाबाद




पायनियर में प्राकाशित खबर।



बीके अस्पताल की इमारत का कार्य शुरू, नीचे पड़ा रेत।

**शहर** के सिविल अस्पताल की इमारत रख-रखाव के अभाव में जर्जर होने लगी थी। 2010 में इसमें अस्पताल शिफ्ट हुआ था, लेकिन 11 वर्षों में मरम्मत नहीं कराई गई। 21 अक्टूबर 2021 को पायनियर में छपी खबर पर विभाग ने एक्शन लिया। इमारत की मरम्मत के लिए एक करोड़ 41 लाख रुपये का बजट सरकार ने पास कर दिया। सोमवार से मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया। पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन प्रदीप सिंघु, जेई संजीव और सुपरवाईजर संतोष के सहयोग से काम शुरू हो गया है। करीब तीन महीने में अस्पताल की मरम्मत का कार्य पूरा हो जाएगा।

बीके अस्पताल की इमारत मरम्मत के अभाव में जर्जर हो गई थी। पिछले ढाई सालों में इमारत का अलग-अलग जगहों से प्लास्टर गिर चुका था। वहीं दूसरी तरफ सिलिंग गिरने की शिकायत भी आम हो गई थी। सिलिंग से गिरते पानी के कारण अस्पताल में सीलन आ रही थी। सिविल अस्पताल की इस इमारत में पिछले 11 सालों में करोड़ों रुपये की लागत से सिलिंग, टाइल्स, प्लास्तर व रंग-रोगन तो किया गया, लेकिन बिल्डिंग की मजबूती पर काम नहीं हो पाया। रंगरोगन से इसकी बाहरी सेहत तो ठीक-ठाक दिख रही था, लेकिन अंदर से हालत बहुत ही नाजुक थी। शौचालयों के बाहर की दीवारों में जगह-जगह काई जमी हुई है। दीवारों से प्लास्तर भी गिरने लगा था।

अस्पताल के पहली से तीसरी मंजिल तक बाहर से देखने पर दरार साफ झलकती थी। पानी गिरने से ग्राउंड फ्लोर के छत की सिलिंग जर्जर हो चुकी थी। जिसे पायनियर ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए अस्पताल प्रबंधन की तरफ से एक करोड़ा 47 लाख का बजट बनाकर सरकार को भेजा गया। जिसके बाद एक करोड़ 41 लाख रुपये का बजट पास हो गया। पीडब्ल्यूडी के पास बजट पहुंच गया और काम शुरू कर दिया। पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि छत से काम शुरू कर दिया गया है। तीन माह में अस्पताल की मरम्मत का कार्य पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि वाटर प्रूफिंग का काम होगा। जिसमें ड्रेनेज पाइप और इंटरनल डेमेज पाइपों को बदला जाएगा। प्लास्टर भी किया जाएगा। इमारत में इलेक्ट्रिकल चेंज भी किए जाऐंगे। जिसमें चार्जिंग के लिए प्लग भी होंगे। फायर फाइटिंग का काम भी 79 लाख 10 हजार रुपये से शुरू होगा।

## सभी खिलाड़ी होंगे सांसद खेल महोत्सव ब्रांड एंबेस्डर : डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि 20 से 22 मई तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में जिला के सभी खिलाड़ी ब्रांड एंबेसडर होंगे और भावी खिलाड़ियों के लिए एक रोलमॉडल के तौर पर जागरुकता करेंगे। उपायुक्त जितेंद्र यादव सोमवार को अपने कार्यालय में सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उपायुक्त ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के लिए शहरी क्षेत्रों व ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। जागरुकता वैन गांव-गांव जाकर खिलाड़ियों को सांसद खेलों के लिए प्रेरित करेगी।

# मां और शिशु को होती है सर्वोत्तम देखभाल की जरूरत : गडकरी

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित सेंटर का उद्घाटन

## 25 बेड के डिलीवरी सेंटर पर ब्लड बैंक की भी सुविधा मिलेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सेक्टर 8 स्थित सर्वोदय अस्पताल में डिलीवरी सेंटर का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और अन्य।

**सड़क** परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार फरीदाबाद के सेक्टर 8 में सर्वोदय हॉस्पिटल ने 25 बेड से सुसज्जित एक अत्याधुनिक डिलीवरी सेंटर का उद्घाटन किया। केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री सहित हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा व विधायक नरेंद्र गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत किया। यह सेंटर मातृत्व के अनुभव को सुखद एवं आरामदेय बनाने को समर्पित है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि वह फरीदाबाद में सर्वोदय हॉस्पिटल में इस तरह के अत्याधुनिक बर्थिंग सेंटर को देखकर बेहद खुश हुए। बच्चे को जन्म देना एक महिला के जीवन के सबसे कीमती पलों में से एक होता है। मां और नवजात शिशु को दुनिया में सर्वोत्तम देखभाल की आवश्यकता होती है। मुझे विश्वास है कि यह अत्याधुनिक सुविधा शहर के स्वास्थ्य संबंधी इंफ्रास्ट्रचर के लिए देश में इस तरह के सर्वश्रेष्ठ केंद्रों के बराबर होगी।

सर्वोदय हेल्थकेयर फरीदाबाद के चेयरमैन डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि एक महिला के लिए मातृत्व से जुड़ी यादें जीवन भर साथ रहती हैं। यह प्रीमियम बर्थिंग सेंटर इस अनुभव को सुखद बनाने और इस प्रक्रिया से जुड़ी हर छोटी बड़ी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। जिसमें डिलीवरी से पहले और बाद में भी होने वाली सभी जरूरतों का ख्याल रखा गया है और मरीज के परिवार की सुविधा को भी महत्व दिया गया है। इस सेंटर को बनाने में हमने ना केवल देश बल्कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप जच्चा और बच्चा से जुडी सुरक्षा को ध्यान में रखा है। हम आशान्वित हैं कि इस सेंटर के आने से फरीदाबाद में अत्याधुनिक डिलीवरी सुविधा में एक बड़ा बदलाव आएगा।

सर्वोदय हॉस्पिटल के इस अत्याधुनिक बर्थिंग सेंटर में नवीनतम उपकरणों के साथ एक विश्वस्तरीय लेबर डिलीवरी रूम है। इस सेंटर के लिए समर्पित टीम कार्यरत रहेगी जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रसूति रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, डिलीवरी से पहले और बाद की देखभाल के लिए प्रशिक्षित नर्स एवं बाल एनेस्थेसियोलॉजिस्ट शामिल हैं। यह विशेष टीम डिलीवरी से पहले और बाद में देखभाल और मां और नवजात शिशु पर व्यक्तिगत ध्यान देना सुनिश्चित करती हैं। इसके साथ - साथ सेंटर में एक अत्याधुनिक एनआईसीयू और सभी स्थितियों से निपटने के लिए एक ब्लड बैंक की सुविधा शामिल है। बर्थिंग सेंटर के विशाल कमरे हॉस्पिटल की नियमित हलचल से दूर एक स्वस्थ और खुशनुमा माहौल देने के लिए डिजाइन किये गए हैं।

# प्रिंसीपल से मारपीट के विरोध में स्टाफ ने की हड़ताल



नेहरू कॉलेज में हड़ताल पर बैठे प्रोफेसर।

**फरीदाबाद।** सेक्टर 16 ए स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू कॉलेज में सोमवार को कॉलेज के स्टाफ ने एक दिन की हड़ताल कर अपना काम बंद कर दिया। उन्होंने बताया कि यह हड़ताल प्रिंसिपल डॉ. एमके गुप्ता के साथ हुई मारपीट के विरोध में की गई है। इस दौरान स्टाफ कर्मियों ने आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की। प्रिंसिपल एमके गुप्ता ने सेक्टर 12 में डीसी जितेंद्र यादव से मुलाकात कर उन्हें घटना के बारे में जानकारी देने के साथ साथ आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इस पूरे मामले की जानकारी दी।

हड़ताल के दौरान कॉलेज के सभी काम बंद रहे। इस दौरान कॉलेज के बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई। कॉलेज स्टाफ को हड़ताल करते देखकर ज्यादातर बच्चों ने सुबह से घर लौटना शुरू कर दिया था।

**यह था मामला :** गत छह मई को कॉलेज के एक सहायक प्रोफेसर के परिजनों ने सेक्टर 16 ए स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू कॉलेज के प्रिंसिपल ऑफिस में घुसकर प्रिंसिपल के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी। प्रिंसिपल एमके गुप्ता ने शिकायत सेक्टर-17 थाने में दी थी।

**नहीं हुई गिरफ्तार :** घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और न ही आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। इसे लेकर स्टाफ में काफी रोष है, जिसके चलते सभी ने सोमवार को हड़ताल कर अपना काम बंद रखा। सभी स्टाफ कर्मी कॉलेज की बिल्डिंग के पास बैठे रहे। कॉलेज में पढ़ाई से लेकर दूसरी सभी काम बंद रहे।

# स्कूल में सोलर पावर पैनल व आरओ का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**राजकीय** माध्यमिक विद्यालय मलेरना बल्लभगढ़ के प्रांगण में केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के कर कमलों से सोलर पावर पैनल एवं आरओ वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी ने की। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि शिक्षित होना बहुत जरूरी है। शिक्षा एक ऐसा जादू है जिसके माध्यम से हम कोई भी मुकाम हासिल कर सकते हैं।

सोलर पावर पैनल से बच्चों को बिजली की पूरी सुविधा मिलेगी एवं बिजली की बचत होगी और वाटर कूलर से बच्चों को शुद्ध एवं शीतल पानी मिलेगा। कार्यक्रम का मंच संचालन संत सिंह हुड्डा अध्यक्ष जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद ने किया। कार्यक्रम में गांव की सरदारी व सरपंच कृष्ण पाल यादव, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुखबीर मलेरना ने केंद्रीय मंत्री व पृथला विधायक के भाई दुर्गपाल रावत को पगड़ी बांधकर स्वागत किया।

स्कूल के मुख्याध्यापक समर देशवाल व समस्त अध्यापक गण पौधा भेंट करके मंत्री जी स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया। स्कूल के मुख्याध्यापक समर देशवाल ने आए सभी अतिथियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया। जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी ने केंद्रीय मंत्री व पृथला विधायक के भाई दुर्गपाल रावत का एवं गणमान्य लोगों व सभी सरपंचों का आभार प्रकट कर धन्यवाद किया।

# सैनी इंडिया ने सफलतापूर्वक पूरे किए 20 साल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**निर्माण** मशीनरी के अग्रणी निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं में से एक सैनी इंडिया ने भारत में अपने परिचालन के 20 साल पूरे करने की घोषणा की है। कंपनी ने केवल 4 मोटर ग्रेडर 2002 के साथ शुरुआत करते हुए, एक्सक्रेटर्स, क्रेन, पाइलिंग रिग, मानिंग एक्यूपमैंट, रोड़ तथा पोर्ट मशीनरी जैसे कई प्रोडक्स वर्टिकल्स में बाजारी हिस्सेदारी में पैर जमाया है तथा पुणे में अपनी अत्याधुनिक निर्माण सुविधा में 750 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। सैनी ने ग्लोबल से लोकल कंपनी में तक एक सफल संचालन किया है, जिसमें 50 से अधिक मॉडल लोकल तौर से पुणे ब्रांच में निर्मित किए जा रहे हैं। इतना ही नही, कंपनी ने पूरे भारत और दक्षिण एशिया में 41 से अधिक डीलरों के साथ 210 टच पॉइंट जोड़े हैं। सैनी इंडिया द्वारा हासिल किया गया यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है अब तक 22000 से अधिक मशीनों की बिक्री है। अब सैनी इंडिया एक्सकॉन 2021 में नए उपकरणों की एक श्रृंखला को भी जल्द लॉन्च करने जा रहा है जो दुनिया भर में बिल्ड टू चेंज पर आधारित है जो कि देश को नया दृष्टिकोण प्राप्त करायेगा।

सैनी इंडिया एंड साऊथ एशिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री दीपक गर्ग ने कहा, हम देश में मशीनों के निर्माण में 20 सफल वर्षों को पूरा करके बेहद खुश हैं, जिसने एक बेहतर नए भारत को सक्षम करने के लिए हमारे देश के परिदृश्य को बदल दिया है। बेमिसाल20साल हमारे ग्राहकों, चैनल पार्टनर्स, फंडिंग पार्टनर्स और टीम सैनी द्वारा प्रदान किए गए दृढ़ समर्थन और विश्वास के कारण ही संभव हो पाया हैं। हम उच्च मूल्य प्रस्ताव और अधिक कमाई सुनिश्चित करने वाले शीर्ष उत्पादों को वितरित करके ग्राहकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। देश के विकास में सैनी इंडिया के योगदान के बारे में बोलते हुए, उन्होंने कहा कि लोकललाइजेशन हमारी कंपनी का मेन फोकस है, नई पीढ़ी की अधिकांश मशीनों का निर्माण मेक इन इंडिया के पहल के हिस्से के रूप में किया जा रहा है। वर्तमान में, हमारे उपकरण देश भर में विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर, माइनिंग, बंदरगाह और सड़क निर्माण परियोजनाओं में उपयोग किए जा रहे हैं। जहां तक प्रौद्योगिकी, उत्पादकता और दक्षता का संबंध है, हम उद्योग में बेजोड़ उत्पादों की पेशकश करके सभी प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं में भी योगदान दे रहे हैं। देश में विभिन्न ढांचागत परियोजनाओं में योगदान देने के बाद, सैनी इंडिया की सफलता की कहानी सदैव सराहनीय रही है।

देश की प्रगति और विकास में केंद्र बिंदु होने के साथ, सैनी इंडिया ऐसे उत्पादों की पेशकश करके कई प्रमुख विकास परियोजनाओं में योगदान दे रहा है जो उद्योग में प्रौद्योगिकी, उत्पादकता और दक्षता के मामले में बेजोड़ हैं। दीर्घावधि और संतुष्ट ग्राहकों के साथ सैनी इंडिया ने भारतीय बाजारों में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है और अगले कुछ महीनों में कई नई परियोजनाओं को जल्द शुरू करने की संभावना है।

## आंखों के इलाज को शुरू की गांजा तस्करी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी इंस्पेक्टर सेठी मलिक की टीम ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम नीरज है जो फरीदाबाद के खेड़ी गुजरान गांव का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस थाना सारण एरिया से गांजे सहित काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 1 किलो 550 ग्राम गांजा पति बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में 35 वर्षीय आरोपी ने बताया कि वह चाय की दुकान करता है और आंखों से कमजोर है। आंखों का इलाज कराने के लिए उसके पास पर्याप्त पैसे नहीं थे तो उसने गांजा बेचकर पैसे इकट्ठे करने की स्कीम बनाई। वह पलवल से किसी अनजान व्यक्ति से 8000 रुपये में यह गांजा खरीद कर लाया था और इसे फरीदाबाद में लाकर बेचने की फिराक में था परंतु पुलिस ने उसे पहले ही गिरफ्तार कर लिया।

# एथलेटिक्स हरियाणा की बैठक का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




एथलेटिक्स हरियाणा संघ की मीटिंग संबोधित करते उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह।

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ (फरीदाबाद) ने बताया कि एथलेटिक्स हरियाणा के समस्त पदाधिकारियों की एक दिवसीय बैठक होटल मिड टाउन हिसार में एथलेटिक्स हरियाणा के वरिष्ठ उप प्रधान हनुमान सिंह भादू (हिसार) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मेजबान हिसार जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव मनोज कड़वासरा ने गुलदस्ते देकर सभी आगुन्तक पदाधिकारियों का स्वागत किया।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान (पानीपत) के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैठक को संघ के उपाध्यक्ष भूपेंदर सिंह (हिसार) ने विशेष रूप से संबोधित करते हुए बताया कि मुझे भारतीय बाक्सिंग महासंघ और भारतीय ओलिंपिक संघ में भी काम करने का मौका मिला और मेरे अनुभव के अनुसार एथलेटिक्स हरियाणा खेल के क्षेत्र में बहुत ही अच्छा काम कर रहा है। सबसे अहम बात ये है कि संघ किसी भी तरह की अनियमिता को बढ़ावा नहीं देता। श्री हनुमान सिंह भादू ने सम्बोधन में कहा कि संघ के खिलाड़ियों के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन में संघ के कोच, सिलेक्शन कमेटी और सचिवों के अथक प्रयासों का विशेष योगदान है। बैठक में नीरज चोपड़ा (पानीपत) के देश के लिए ओलंपिक में एथलेटिक्स में पहला पदक जितने पर तथा जूनियर विश्व एथलेटिक्स में अमित (रोहतक) द्वारा रजत पदक व सुम्मी, कपिल (हिसार) द्वारा कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी गई।

राजकुमार मिटान (पानीपत) ने पिछले दो साल का लेखा जोखा और कार्यकलाप बैठक में रखे। मिटान ने बताया पिछले दोनों वर्षों में प्रदेश की जूनियर टीम ओवरऑल चैंपियन रही है और राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपिनशिप में भी हरियाणा ओवरऑल चैंपियन रहा है। बैठक की शुरुआत करते हुए महासचिव ने पिछले दो वर्ष में दिवंगत हुए संघ के पदाधिकारियों के निधन पर शोक प्रस्ताव पास किया और मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। सभी जिला संघों के सचिवों को 6 माह के दौरान संघ का पंजीकरण करने, बैंक खाता एवं पैन कार्ड बनवा कर एथलेटिक्स हरियाणा को सूचना देना अनिवार्य है। सभी जिला संघों को जिला प्रतियोगिता कराने का निर्देश दिया। संघ के कोषाध्यक्ष सुरेंदर सिंह बूरा (भिवानी) के आकस्मिक निधन से रिक्त हुए कोषाध्यक्ष पद पर संघ के संविधान में दिए प्रावधानों के अनुरूप जसवंत सिंह (जींद) को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## कम्यूनिटी सेंटर और फायर स्टेशन की साइट का सर्वे

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर 78 में नया कम्यूनिटी सेंटर व सेक्टर 76 में फायर स्टेशन बनाने के लिए साइट का सर्वे हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने पूरा कर लिया है। सर्वे रिपोर्ट उच्च अधिकारियों के पास भेजने के बाद इन दोनों बिल्डिंग के लिए एस्टिमेट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एस्टिमेट मंजूरी के बाद जल्द ही इनके निर्माण की प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा। ग्रेटर फरीदाबाद में अलग जिम खाना क्लब बनाने का एस्टिमेट भी मंजूरी के लिए भेजा जा चुका है।

ग्रेटर फरीदाबाद में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण कई नई कम्यूनिटी बिल्डिंग बनाने की योजना पर काम कर रहा है। पिछले दिनों प्रदेश के सीएम ने ग्रेटर फरीदाबाद में नया कम्यूनिटी सेंटर व फायर स्टेशन बनाने की घोषणा की थी। प्राधिकरण ने इस योजना को सिरे चढ़ाने के लिए सेक्टर 78 में कम्यूनिटी सेंटर बनाने व सेक्टर 76 में फायर स्टेशन बनाने के लिए सर्वे पूरा लिया है।

# मतदाता सूची के पुनर्निरीक्षण निर्धारित समय पर पूरा करें

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उपायुक्त** कम जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र यादव ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार एमसीएफ चुनाव के लिए मतदाता सूची के पुनर्निरीक्षण में लगे अधिकारी और कर्मचारी निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार कार्य को गंभीरता से निर्धारित समय पर पूरा करें। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि 11 मई को एमसीएफ की इलेक्ट्रोल का फाइनल प्रकाशन होगा। इस कार्य के लिए गत 21 अप्रैल से वार्ड बंदी का कार्य शुरू हो गया था। इस कार्य को अधिकारी धरातल पर जाकर पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि धरातल पर जाकर चुनाव कार्य में लगे बीएलओ, सुपरवाइजर व जेई धरातल पर जाकर कार्य को मूर्त रूप दें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हरियाणा निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर सभी अधिकारी व कर्मचारियों को चुनाव कार्य करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त जितेंद्र ने कहा कि हरियाणा चुनाव आयोग द्वारा फरीदाबाद नगर निगम चुनाव की संभावित घोषणा के मद्देनजर वोटर लिस्ट तैयार की जानी है। नई वार्ड बंदी की वोटर लिस्ट तैयार करने के लिए लगे अधिकारी आपस में बेहतर तालमेल करके निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार टीम भावना से कार्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि एमसीए के 45 वार्डों के लिए अलग-अलग एचसीएस रैंक के अधिकारियों को पुनर्निरीक्षण के तौर पर नियुक्त किया है। इसके लिए बीएलओ, सुपरवाइजर और जेई अपने संबंधित बूथों पर जाकर कार्य को धरातल पर जा कर मूर्त रूप दें। आपको बता दें कि एमसीएफ के चुनाव के लिए वार्ड बंदी में मतदाताओं के वोटों के बूथों की वोटर लिस्ट तैयार की जा रही है। इसके लिए वोटर लिस्ट वीआईसीसी बनाए गए हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया



गायन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पाने वाली छात्राएं शबा एवं बिंदु का स्वागत करतीं प्राचार्य डॉ. सुनिधि।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-16 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा शबा अहमद एवं बिंदु ने केएल मेहता दयानंद महाविद्यालय फरीदाबाद में स्वर कोकिला स्वर्गीय लतामंगेशकर की याद में आयोजित एकल गायन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया। जिसे महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। प्राचार्य डॉ. सुनिधि ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने संगीत विभाग के प्रोफेसर डॉ. रामनिवास को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए कठिन परिश्रम एवं बेहतर मार्गदर्शन जरूरी है। उन्होंने छात्राओं को स्वर कोकिला स्वर्गीय लता मंगेशकर के जीवन एवं परिश्रम से भी अवगत कराया। संगीत विभाग के प्रोफेसर डॉ रामनिवास ने बताया की 7 मई को केएल मेहता दयानंद महाविद्यालय में इस अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था।

## मां बच्चों के लिए सदैव समर्पित, मां जैसा कोई नहीं



एनच तीन के रकारी स्कूल में मातृ दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में मातृ दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में अध्यापकों और जूनियर रेडक्रॉस सदस्य छात्राओं ने मां को त्याग और ममता की मूर्ति बताया। मातृ दिवस पर छात्राओं ने एक विशेष नाटिका का मंचन भी किया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि मां को हमारे पुराणों में अंबा, अम्बिका, दुर्गा, सरस्वती, शक्ति, ज्योति, पृथ्वी आदि नामों से संबोधित किया गया है। मां को माता, मात, मातृ, अम्मा, जननी, जन्मदात्री, जीवनदायिनी, जनयत्री, धात्री, प्रसू आदि अनेक नामों से पुकारा जाता है। प्रधानाचार्य मनचंदा ने कहा कि मां का त्याग, बलिदान, ममत्व एवं समर्पण अपनी संतान के लिए इतना विराट है कि पूरा जीवन भी समर्पित कर दिया जाए तो मां के ऋण से उऋण नहीं हुआ जा सकता है। छात्राओं ने अपने संबोधन में मां को परमपिता परमेश्वर की सर्वोत्कृष्ठ रचना बतलाते हुए एक लघु नाटिका का मंचन भी किया जिस में कुछ बच्चों द्वारा न चाहते हुए भी मां की उपेक्षा की गई थी और एक छात्रा ने मां की मित्र बन कर उपेक्षापूर्ण व्यवहार के बारे में सभी बालिकाओं को नाटिका के माध्यम से बताया। इस से प्रभावित होकर समयांतर पर बच्चों ने गलती मान कर भविष्य में पुन: ऐसा नहीं करने के लिए वचन दिए। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने प्राध्यापिका सविता का बहुत ही सुंदर तैयारी कराने के लिए अभिनंदन किया।

## किरायेदार के कमरे से चोरी करने वाला मकान मालिक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक कार्यालय द्वारा पूरे हरियाणा में चलाए गए नाइट डोमिनेशन अभियान के दौरान पुलिस थाना तिगांव प्रभारी इंस्पेक्टर अशोक कुमार की टीम ने चोरी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 7, 8 अप्रैल की रात पीड़ित ने थाने में आकर शिकायत दी जिसमें उसने बताया कि वह सीही गांव में किराए के मकान पर रहता है। उसके मकान मालिक का नाम अनिल उर्फ चीकू है जो नशेड़ी है। पीड़ित अली ने बताया कि उसने 21 अप्रैल को बैंक में जाकर अपनी जमीन के दो लाख रुपये निकलवाए थे और उसमें से कुछ पैसे खर्च करने के बाद किसी केस के लिए 01.80 लाख रुपये बचे थे जो उसने अपने कमरे की काठ की अलमारी में बचाकर रखें। 28 अप्रैल को उसका मकान मालिक उसके कमरे में आया और नशा करने के लिए उसे 300 रुपये मांगने लगा जो इंकार करने पर चीकू ने उसके घर का सम्मान खंगालना शुरू कर दिया और उसकी अलमारी की दराज में रखे 01.80 लाख रुपये उसके हाथ लग गए। कुछ दिन चीकू अपने घर से गायब रहा और जब वह वापस आया तो किराएदार ने अपने पैसे वापस मांगे वह आनाकानी करने लगा। आखिरकार अली ने पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दी जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने गुप्त सूत्रों की सहायता से आरोपी को मारिया मोहल्ला से काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह किराएदार से कुछ पैसे लेने के लिए गया था परंतु जब उसने मना कर दिया तो उसने उसके घर में रखे सारे पैसे छीन लिए। आरोपी की शिनाख्त पर आरोपी के कब्जे से 155500 रुपये बरामद किए हैं। आरोपी ने बताया कि बाकी के पैसे उसने नशे में उड़ा दिए। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया है।

## पीने के पानी की सरकारी सुविधा कराई उपलब्ध



शिव दुर्गा विहार में बूस्टर का बटन दबा कर शुभारंभ करती बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा। स्थानीय निवासी विनोद मेहता।

**फरीदाबाद।** बीते पचास वर्षों से पानी की समस्या का दंश झेल रहे शिव दुर्गा विहार के ब्लाक - ए, बी और सी की जनता को बड़खल की लोकप्रिय विधायक सीमा त्रिखा ने वहां की स्थानीय महिला विनोद मेहता से पानी के बूस्टर का बटन दबाकर पानी माफिया से मुक्ति दिलाई और पीने के पानी की सरकारी सुविधा उपलब्ध करा दी। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि कई वर्षों के भरक प्रयत्न और आजादी के बाद मोदी-मनोहर के राज्य में शिव दुर्गा विहार के लोगों की पानी की समस्या का हल हो गया है। इस बूस्टर के चलने से शिव दुर्गा विहार के ब्लाक ए, बी और सी में पानी की सप्लाई सुचारू रूप से हो सकेगी। लगभग 15 से 20 दिनों के बाद शिव दुर्गा विहार के ब्लाक डी और डी-एक में भी पानी की सप्लाई सुचारू रूप से हो पाएगी क्योंकि इस लाइन पर कार्य प्रगति पर है। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि इसके साथ ही विधानसभा क्षेत्र में जहां-जहां पानी की किल्लत है उसको दूर करने के लिए भी सरकार प्रयासरत है। इसके लिए प्रशासन को सख्त निर्देश हैं कि पानी की व्यवस्था जल्द से जल्द कराई जाए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्ष के तीन महीनों-अप्रैल, मई तथा जून में अत्यधिक गर्मी होने की वजह से पानी की दिक्कत बनी रहती है, इसलिए पानी का सदुपयोग करते हुए पानी को व्यर्थ न बहने दें।

## बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी रहा जारी

**फरीदाबाद।** ऑल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशनज वर्कर यूनियन ने कार्यकारी अभियंता ग्रेटर फरीदाबाद के खिलाफ मांग पत्र का नोटिस देने के बावजूद बात न करने पर ग्रेटर यूनिट फरीदाबाद ने ग्रेटर फरीदाबाद डिवीजन कार्यालय में तीसरे दिन भी आक्रोश धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। विरोध प्रदर्शन यूनिट प्रधान दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया और संचालन ओल्ड यूनिट प्रधान करतार सिंह जागलान ने किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी व सर्कल सचिव कृष्ण कुमार ने एक्सईएन और एसडीओ पर आरोप लगाते हुए कहा कि दिए गए मांग पत्र की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है और न ही यूनियन से कोई बातचीत की जा रही है, समस्याओं का मांग पत्र 130 दिन पहले का दिया हुआ है आज तक यूनियन से कोई बातचीत नहीं की है और ना ही किसी समस्या का समाधान किया है। नोटिस की समय सीमा पूरी होने के बाद डिवीजन कार्यालय पर प्रदर्शन शुरू कर दिया गया था।

## खालिस्तान का सपना

### असंभव कल्पना

**खालिस्तानी** झंडे फहराने वालों को समझ लेना चाहिए कि उनके सपने कभी सच होने वाले नहीं हैं। रविवार सवेरे हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में विधान भवन की दीवाल व बाउंड्री पर खालिस्तान के झंडे बांधना 'खालिस्तानी' मुद्दा जीवित रखने के कायरतापूर्ण कृत्य के सिवा और कुछ नहीं है। संभवत: यह कार्रवाई राज्य सरकार द्वारा भिंडरावाले व खालिस्तानी झंडे लगाने वाले वाहनों पर प्रतिबंधक कार्रवाई की प्रतिक्रिया है। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में खुफिया एजेंसियों ने ऐसे प्रयासों के प्रति सतर्क करते हुए कहा था कि सिख फार जस्टिस-एसजेएफ राज्य में खालिस्तानी झंडे फहराने का प्रयास करेगा। यह घटना अपने आप में चिन्ताजनक है। देर रात में कोई भी किसी चीज पर झंडा लगा या दीवाल पर कुछ नारे लिख कर भाग सकता है। लेकिन चिन्ताजनक बात यह है कि खालिस्तान आंदोलन को भारत के भीतर से तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ तत्व परोक्ष समर्थन दे रहे हैं। देश के भीतर विस्फोटक बरामद होने तथा खालिस्तानी हमदर्दों की गिरफ्तारी की अनेक घटनायें हुई हैं। दुर्भाग्य से ऐसे प्रयासों को भारत में राजनीतिक वर्ग के एक हिस्से से भी स्पष्ट समर्थन मिलता है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश के एक नेता हरप्रीत सिंह बेदी ने खुलेआम 'खालिस्तान' की मांग का समर्थन किया। बेदी ने माइक्राब्लागिंग साइट ट्विटर पर खालिस्तान के समर्थन में अनेक ट्वीट किए और बाद में एकाउंट बंद कर दिया। एक ट्वीट में कहा गया, 'संविधान के अनुसार सिख खालिस्तान की मांग कर सकते हैं, फिर यदि आप यह मुद्दा रोकना चाहते हैं तो इसमें गलत



क्या है। अलग तरीके से काम करें।' बेदी पहले आप से जुड़े थे, पर बाद में उनको पार्टी से निकाल दिया गया। राजनीतिक पार्टियां और उनके नेताओं को खालिस्तान के मुद्दे पर एक-दूसरे पर निशाना लगाने में सावधानी का परिचय देना चाहिए। सार्वजनिक रूप से खालिस्तान-समर्थक आरोप लगाने के बजाय उनको इस बारे में पुलिस को प्रमाण देने चाहिए। याद रखें कि विघटनकारी गतिविधियों से निपटने के लिए कानून हैं। राजनीतिक लाभ के लिए ऐसे गंभीर मुद्दों को हवा देना खालिस्तान आंदोलन समर्थक तत्वों के हाथों में खेलने की तरह होगा। मीडिया से सामने आई खुफिया जानकारियों से पता चलता है कि खालिस्तानी आंदोलन को मजबूत अंतरराष्ट्रीय वित्तीय समर्थन तथा पाकिस्तान का लाजिस्टिक समर्थन प्राप्त है। दुनिया भर में ऐसे तत्वों ने हिंसक गतिविधियों के माध्यम से प्रकाश में आने का प्रयास किया है। खालिस्तानी हमदर्दों से हाल में विस्फोटक बरामद होने को इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। जब भी ऐसे तत्वों ने अपना सिर उठाने का प्रयास किया, भारत ने हर बार ऐसे तत्वों को कुचला है। लेकिन हमें सतर्कता बरतने से पीछे नहीं हटना चाहिए। सक्रिय खालिस्तानी हमदर्दों की पहचान कर उनको बाहर निकालने की गतिविधि में कोई ढील नहीं आनी चाहिए। समान रूप से यह भी महत्वपूर्ण है कि पंजाब में बेहतरी का माहौल बनाया जाए ताकि नौजवान ऐसे आंदोलनों की ओर आकर्षित न हों। इस दिशा में पहला कदम पंजाब को नशे की विभीषिका से मुक्त कराना होना चाहिए? शिक्षित नौजवानों में बढ़ती बेरोजगारी तथा किसानों की समस्याओं का फौरन समाधान किया जाना चाहिए। दूसरी ओर खालिस्तानी झंडा लहराने वालों को भी समझ लेना चाहिए कि उनका सपना कभी यथार्थ नहीं बन सकता है। भारत ने उनको अतीत में कुचला है और भविष्य में भी वह ऐसा ही करेगा।

# भारतीय ट्रेनों की गति बढ़ाना जरूरी

**भारतीय रेलवे के पास दिल्ली व आगरा के बीच पटरी व ढांचे की ऐसी व्यवस्था है जहां ट्रेनें 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल सकती हैं।**





एम के गुप्ता | सुधांशु मणि




**वंदे** भारत एक्सप्रेस या ट्रेन 18 के विकास ने उम्मीद जगाई है कि भारत में जलद ही ऐसी ट्रेनों की संख्या काफी हो जाएगी। यह भारतीय रेलवे-आईआर की पहली सेमी-हाईस्पीड ट्रेन है। अगले तीन साल में असाधारण रूप से इसकी 400 रैक तैयार करने की घोषणा की गई है। सेमी-हाईस्पीड क्षेत्र को ठीक से परिभाषित नहीं किया गया है, पर भारतीय संदर्भ में जहां मेल-एक्सप्रेस ट्रेन की गति दशकों से 110-130 किलोमीटर प्रति घंटे है, वहां इसका अर्थ 160-200 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलने वाली यात्री ट्रेन है। लेकिन यथार्थ उम्मीद से बहुत दूर है। आईआर के पास केवल दिल्ली और आगरा के बीच ऐसी पटरियां व ढांचागत संरचना है जहो ट्रेनें 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल सकती हैं। आईआर पिछले पांच दशकों से, यानी 1960 के दशक से 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से प्रशिक्षण ट्रेन चलाने की बात कर रहा है, पर इसकी समयसीमा कई बार संशोधित की गई है। अनेक अवसरों पर ऐसा करना शर्मनाक रहा है। आईआर की फ्लैगशिप ट्रेनें राजधानी और शताब्दी 130 किलोमीटर प्रति घंटे की इसी अधिकतम गति से अपने शुरू किए जाने के बाद से चल रही हैं। एक और आयाम भी यदि अधिक नहीं तो समान रूप से महत्वपूर्ण है। यह आपरेशन की अधिकतम गति के बजाय ट्रेनों की औसत गति है। इससे पता चलता है कि आईआर की क्षमता यात्री ट्रेनों को लगातार अच्छी गति पर चलाने की है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने हाल ही में संसद में एक रिपोर्ट पेश की। इसमें रेलवे की खिंचाई की गई है कि उसने मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों की गति में ज्यादा सुधार इस तथ्य के बावजूद नहीं किया है कि 2008 व 2019 के बीच पटरियों के ढांचे में 2.5 लाख करोड़ की भारी धनराशि खर्च की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019-20 में ऐसी ट्रेनों की गति केवल 50.6 किलोमीटर थी जो एक दशक पहले की गति से केवल थोड़ी ही अधिक थी। आईआर 2016-17 से 'मिशन रफ्तार' चला रहा है जिसमें कल्पना की गई थी कि 2021-22 तक इन ट्रेनों की गति 50 किलोमीटर प्रति घंटे से बढ़ा कर 75 किलोमीटर की जाएगी। हालांकि, यह लक्ष्य एक मील से पीछे रह गया, पर ऐसा नहीं लगता कि निकट भविष्य में इन ट्रेनों की औसत गति 60 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक हो पाएगी। कुछ सालों से दिल्ली-हावड़ा व दिल्ली मुंबई हिस्से में आपरेशन की अधिकतम गति 160 किलोमीटर प्रति घंटे करने का अभियान चल रहा है। हालांकि, इसका घोषित लक्ष्य मार्च, 2023 था, पर उस समय या 2024 तक यह परियोजना पूरी होने की उम्मीद नहीं है। आईआर को इस रणनीति पर गौर करते हुए कुछ कमियों पर ध्यान देना चाहिए जिनमें नियोजन, वित्तपोषण तथा क्रियान्वयन के मामले शामिल हैं। हमें वैश्विक परिदृश्य पर भी गौर करना चाहिए। 20 से अधिक ऐसे देश हैं जहां यात्री ट्रेनों की गति 200 किलोमीटर प्रति घंटे या उससे अधिक है। अनेक देशों ने यह उपलब्धि वर्तमान पटरियों, संबंधित ढांचागत संरचना तथा रोलिंग स्टाक में सुधार से प्राप्त की है जिसमें टिल्टिंग भी शामिल है जिससे औसत गति अधिकतम 150 से 225 किलोमीटर प्रति घंटे करना संभव हुआ है। लेकिन टाल्गो ट्रेन परीक्षण प्रयास विफल होने के बाद आईआर के लिए यह दूर का सपना है। अब तक यह स्पष्ट हुआ है कि आईआर ने 160 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक गति के लिए परिसंपत्तियों के रखरखाव व निर्माण की दिशानिर्देश भी नहीं तैयार किए हैं, हालांकि आरडीएसओ की आरएंडडी के लिए जिम्मेदार शाखा को यह काम तीन साल पहले दिया गया था। आईआर द्वारा जुलाई 2019 से जून 2020 तक प्रकाशित टाइमटेबल के अनुसार स्पष्ट है कि वंदे भारत, तेजस व शताब्दी एक्सप्रेस अलग-अलग रास्तों पर चलती हैं, पर उनकी वास्तविक औसत गति में भारी अंतर है। जहां वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत की अधिकतम औसत गति केवल 96 किलोमीटर प्रति घंटे है, वहीं देहरादून व काठगोदाम शताब्दी के लिए यह केवल 53 किलोमीटर प्रति घंटे है।

इसका कारण गति पर अनेक स्थाई व अस्थाई नियंत्रण हैं जिनमें हाल्टों की संख्या तथा नियोजित रखरखाव कार्य के लिए लगने वाला समय व अचानक होने वाली घटनायें शामिल हैं। जब तक इन बाधाओं को समयबद्ध तरीके से दूर नहीं किया जाता है तब तक केवल अधिकतम गति बढ़ाने से केवल सीमित लाभ होगा क्योंकि भारी पूंजीगत खर्च के बावजूद यात्रा के कुल समय में ज्यादा कमी नहीं होगी। ज्यादा शक्तिशाली रेल इंजनों के प्रयोग के बावजूद औसत गति कम बनी हुई है क्योंकि मालवाहक ट्रेनों समेत बाकी ट्रेनों की गति अलग-अलग है और वे एक ही पटरी का साझा करती हैं। मोड़ों पर गति धीमी करनी पड़ती है तथा अधिकतम गति एक यात्रा में केवल थोड़े समय के लिए प्राप्त हो पाती है। कोंकण रेलवे के मुंबई व मडगांव सेक्शन पर ज्यादा चपटे क्षैतिज घुमावों का गति पर प्रभाव स्पष्ट दिखता है। मूल रूप से इनका निर्माण 160 किलोमीटर प्रति घंटा गति के लिए किया गया था, पर चपटे मोड़ों के कारण इस सेक्शन में कोई स्थाई गति बाधा नहीं है। गैर-विद्युतीकृत सिंगल लाइन के बावजूद तेजस एक्सप्रेस 85 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत गति प्राप्त कर सकी है। गति एवं क्षमता के अनेक उद्देश्यों के साथ आईआर ने नई दिल्ली-हावड़ा तथा नई दिल्ली-मुंबई सेंट्रल मार्ग पर 160 किलोमीटर प्रति घंटे की परियोजना मार्च, 2023 तक पूरी करने का लक्ष्य था जिस पर 17,000 करोड़ रुपये खर्च होने थे। परियोजना के दायरे में फेंसिंग, स्वचालित ट्रेन सुरक्षा व्यवस्था, मोबाइल ट्रेन रेडियो संचार व स्वचालित तथा मशीनीकृत निदान व्यवस्थायें शामिल थीं। 17,000 करोड़ की धनराशि का प्रमुख हिस्सा, यानी संस्थागत फाइनेंसिंग से प्राप्त 16,000 करोड़ मार्च, 2020 तक खर्च होना था, लेकिन कोई खर्च नहीं हुआ। इसके साथ ही सभी समपार क्रासिंगे समाप्त करने के लिए अलग से पैसा दिया गया था। तत्कालीन परिस्थितियों में इन दोनों कामों का इस वित्त वर्ष के अंत तक पूरा होना कठिन है। इसके साथ ही समय बढ़ने पर खर्च अधिक बढ़ने की आशंका भी है।

यह बात समझ में आती है कि यह ढांचा बन जाने के बाद ट्रेन 18 टाइप की ट्रेनों की अधिकतम गति क्षमता 200 किलोमीटर प्रति घंटे तक बढ़ाई जा सकेगी तथा आईआर इंजीनियरों को इसमें थोड़ा ही योगदान करना होगा। जहां तक औसत गति बढ़ाने का सवाल है, आईआर को कुछ ट्रेन 18 को झुकाने पर विचार करना चाहिए ताकि भारतीय परिवेश में उनकी विश्वसनीयता सिद्ध हो सके। हालिया वर्षों में एक्सप्रेसवे निर्माण को गति देने, कारों की डिजाइन व आरामदेह गति बढ़ने, आधुनिक टूरिस्ट टैक्सियों के सस्ते होने तथा हवाई यात्रा का विस्तार होने से आईआर के लिए यात्री ट्रैफिक में अपना वर्तमान हिस्सा बनाए रखना कठिन होगा। यदि इंटर-सिटी शताब्दी किस्म की ट्रेनों की औसत गति बढ़ा कर उनकी यात्रा का समय घटाया नहीं जाता है तो रेल यात्रा सड़क यात्रा की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं रह जाएगी। इसमें स्टेशन तक पहुंचने के लिए लगने वाला अतिरिक्त समय भी शामिल है। पाठकों को याद होगा कि मुंबई-पूना शताब्दी एक्सप्रेस को मुंबई-पूना एक्सप्रेसवे शुरू होने के बाद कम यात्रियों के कारण बंद करना पड़ा था।

इसी प्रकार यदि नई दिल्ली से मुंबई व हावड़ा की रात भर में यात्रा के माध्यम से राजधानी ट्रेनों के समय में भारी कमी नहीं की जाती है तो नए एक्सप्रेसवे बनने के बाद इनका भी यही हाल हो सकता है। यह स्पष्ट है कि सड़क की गुणवत्ता चाहे जो हो, चांदनी चौक में फेरारी कार आटोरिक्शा की गति से ही चल सकेगी। इसी कारण यदि आईआर वास्तव में वर्तमान पटरियों पर वास्तव में सेमी हाईस्पीड ट्रेनें चलाने के प्रति गंभीर है और वह अच्छी लगभग 120 किलोमीटर प्रति घंटे की गति प्राप्त करना चाहती है तो पूरी परिस्थितिकी पर पुन: गौर करना होगा। इसमें रोलिंग स्टाक में सुधार, मालवाहक व यात्री ट्रेनों के बीच गति अंतर घटाने, मालवाहक ट्रेनों को समय सारिणी के अनुसार चलाने, परिसंपत्तियों की विश्वसनीयता तथा 160 किलोमीटर की गति सीमा पर पहुंचने के लिए अनेक स्थाई बाधा नियंत्रण तेजी से हटाने होंगे। रेलवे के युवा व उत्साही मंत्री द्वारा यह काम करने का समय आ गया है।

# महंगाई व मुनाफाखोरी से विकास प्रभावित



**शिवाजी सरकार**
(वरिष्ठ पत्रकार)

**रूस**-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर वैश्विक आपूर्ति में कमी के कारण अधिकांश कंपनियां कीमतें बढ़ा रही हैं। अति-मुद्रास्फीति का अर्थ तीव्र, अत्यधिक, व नियंत्रण से बाहर सामान्य मूल्य वृद्धि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए ईंधन की कीमतों को कम करने के लिए राज्यों से बात करने का एक गंभीर मुद्दा बन गया है, जिसे आर्थिक संकट का एक प्रमुख कारण माना जाता है। बढ़ती कीमतों का एक और कारण कॉरपोरेट मुनाफाखोरी बढ़ना है। मर्सिलियस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स के अनुसार, शीर्ष 20 कंपनियों का 70 प्रतिशत मुनाफा जारी है, और माना जाता है कि बाजार में उत्पादों की कीमतें अधिक हैं। यूनिलीवर, सुजुकी मोटर और जेएसडब्ल्यू स्टील सभी कीमतें बढ़ाने के खेल में शामिल हैं। अधिकांश कंपनियां रूस-यूक्रेन युद्ध का नाम लेकर वैश्विक आपूर्ति में कमी के जवाब में कीमतें बढ़ा रही हैं। इसकी जांच की जरूरत है। सरकार के प्रयासों के बावजूद, गुजरात और कर्नाटक को छोड़कर, कई राज्यों को पेट्रोलियम उत्पादों पर अपने करों में राहत देने के लिए जाना जाता है। यह एक राजनीतिक मुद्दा बनता जा रहा है क्योंकि विपक्ष इस विवाद में शामिल हो गया है और वित्त मंत्रालय ने घोषणा की है कि राज्यों के उपकर के 78,704 करोड़ रुपये का हिस्सा अभी स्थानांतरित किया जाना है। यह कीमतें ब्रेंट क्रूड के 104 डॉलर प्रति बैरल तक गिरने के बावजूद है। पिछले लगभग दो वर्षों से, अभूतपूर्व रूप से कम कच्चे तेल की कीमतों का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं दिया गया। आठ साल में ईंधन की कीमतों में 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

ईंधन की कीमतों में वृद्धि के कारण पेट्रोल पंपों को भी उच्च कमीशन से लाभ होने वाला है, वे टैंकरों की लागत से लगभग दोगुना भुगतान कर रहे हैं। इसके अलावा, बढ़ते टोल टैक्स माल को और भी महंगा बना रहे हैं। टोल अंतर-क्षेत्रीय और स्थानीय व्यापार को भी प्रभावित करते हैं। देश को यूक्रेन की स्थिति में विश्व स्तर पर खाद्यान्न को अधिक कीमत पर बेचने का अवसर दिखाई देता है। हालांकि इससे किसानों को अधिक पारिश्रमिक सुनिश्चित हो सकता है, लेकिन इसका एक दूसरा पहलू भी है। इससे घरेलू कीमतों में तेजी आ सकती है। प्रधानमंत्री ने हाल ही



में कहा था कि सरकार विश्व बाजार में भारतीय खाद्यान्न की बिक्री की सुविधा के लिए विश्व व्यापार संगठन से संपर्क कर रही है। विश्व व्यापार संगठन अभी भी अपनी शर्तों के साथ सामने नहीं आया है। यूक्रेन की स्थिति ने एक शून्य पैदा कर दिया है क्योंकि सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता विश्व की मांग को पूरा करने में असमर्थ हैं। सलाहकार प्रोज़र्नो के अनुसार, यूक्रेन ने पिछले महीने लगभग 1.7 मिलियन टन अनाज का निर्यात किया। हालिया नवीनतम निर्यात मात्रा अभी भी मार्च 2020 का केवल आधा है। यूक्रेन और रूस से डिलीवरी के रूप में वे बाजार अधिक उथल-पुथल के लिए तैयार हैं - जो एक साथ दुनिया के लगभग एक चौथाई अनाज व्यापार के लिए जिम्मेदार हैं। स्थिति तेजी से जटिल हो रही है और दुनिया में भोजन की कमी भी सामने आ रही है। भारत के लिए धीरे-धीरे एक नया बाजार खुल सकता है। हालांकि, इसके प्रभाव का अभी अध्ययन करना जल्दबाजी होगी। भारत घरेलू स्तर पर खाद्यान्न से भरा हुआ है। पिछले दो वर्षों से लगभग 80 करोड़ लोगों को सालाना 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक का मुफ्त राशन दिया जा रहा है। जबकि भारत 2020 में दुनिया के उत्पादन में लगभग 14.14 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक है। लेकिन उसका वैश्विक गेहूं निर्यात का 1 प्रतिशत से भी कम है। निर्यात की संभावनाएं बहुत बड़ी हो सकती हैं, लेकिन कॉर्पोरेट वर्चस्व के साथ, किसानों को बहुत अच्छी कीमतें मिलने में बाधा आ सकती है। घरेलू बाजार पर अनाजों व अन्य पदार्थों की कीमत का असर राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित कर सकता है। कोयले की कमी, इसकी ऊंची कीमतें और तापीय बिजली पर निर्भरता के कारण बिजली की लागत प्रति यूनिट बहुत अधिक हो गई है। इससे ट्रेनों, वाहनों, खेतों और उद्योग के लिए बिजली का उपयोग महंगा हो जाएगा। सीईओ संजीव मेहता का दावा है कि महंगाई हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) जैसी बड़ी कंपनियों को नुकसान पहुंचा रही है, लेकिन उनके पास इसके उच्च 20 प्रतिशत ऑपरेटिंग मार्जिन का कोई जवाब नहीं है, जो पहले के 24 प्रतिशत से कम है। बढ़ती कीमतें उपभोक्ता खर्च को बढ़ा रही हैं। कच्चे माल की ऊंची कीमतों की भरपाई अब उत्पाद की कीमतें बढ़ाकर की जा रही है। जैसा कि कंपनी लागतों को स्थानांतरित करने की कोशिश करती है, उपभोक्ताओं को कम कीमत वाले उत्पादों के लिए आदी बनाया जा रहा है। फिर भी, कंपनी को 2203 करोड़ या 8.5 प्रतिशत का लाभ हो रहा है। यह इस बात की गवाही देता है कि उच्च मुनाफाखोरी अभिशाप है। उपभोक्ता केवल वही खरीदता है जिसकी उसे बहुत आवश्यकता होती है। कई कंपनियों को उच्च मुनाफे में गिरावट का अनुमान है। बुद्धिमान उपभोक्ता द्वारा कम खर्च शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी कंपनियों को प्रभावित कर रहा है। बढ़ती कीमतें घरेलू खपत को नुकसान पहुंचा रही हैं। यदि मुनाफे को युक्तिसंगत बनाया जाए तो कुल मिलाकर बाजार के रुझान में सुधार हो सकता है।

व्यापार और विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन ने पाया है कि सब कुछ के बावजूद, ई-कॉमर्स व्यापार बढ़ रहा है। हालांकि, यह इसे स्वस्थ नहीं मानता है। महामारी के दौरान कुल खुदरा बिक्री 2019 में 16 प्रतिशत से बढ़कर 2020 में 19 प्रतिशत हो गई। इसने कम विकसित देशों के साथ-साथ छोटे व्यवसायों को भी नुकसान पहुंचाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है कि देश ठोस विकास के लिए कम मुद्रास्फीति के जादुई दौर में वापस जाए।

## आप की बात

### आबादी नियंत्रण कानून जरूरी

**आबादी** के भारी भरकम बोझ तले दबे हुए देश में जन्म दर स्थिर हो जाना सुखद स्थिति है। लेकिन इसके बावजूद अनेक युवा रोजगार का मुंह ताकते हुए नजर आएंगे। वर्ड इनइक्वलिटी रिपोर्ट 2022 के मुताबिक भारत में दस फीसदी आबादी के पास 65 फीसदी संसाधन हैं। मतलब 90 फीसदी लोग सिर्फ 35 फीसदी संसाधनों के बूते काम चला रहे हैं! दूसरी ओर देश के अत्यंत प्रतिभाशाली युवा आरक्षण, भारी रिश्वतखोरी आदि के चलते विदेशों में अपनी प्रतिभा का पूरा उपयोग कर रहे हैं।उन्हें वहां भरपूर पैसा भी मिल रहा है। इसे रोकने के लिए सरकार को मध्यम दर्जे से ऊपर की सभी नौकरियों में आरक्षण खत्म करना होगा। और सिर्फ प्रतिभा के आधार पर ही नियुक्तियां देना होंगी। अभी देश के सारे संसाधन मुफ्त सुविधाएं वितरण में ही खत्म हो रहे हैं! अत: आबादी नियंत्रण कानून की आज भी जरूरत उतनी ही है जितनी पहले थी। छोटी आबादी वाले देश हम से अधिक खुशनुमा माहौल में जी रहे हैं। यहां सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं में भी भेड़ बकरियों की तरह भरकर यात्रा करनी होती है। जिसका निदान एकमात्र आबादी नियंत्रण कानून ही हो सकता है।

- **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

### महंगाई की मार

**आज** के परिपेक्ष में किसी कवि की ये पंक्तियां सटीक बैठती हैं-ये महंगाई देखकर, वो दिन आते याद। वो दिन आते याद, जब जेब में पैसे रखकर। सौदा लाते थे बाजार से थैला भरकर। धक्का मारा युग ने मुद्रा की क्रेडिट में। थैले में हैं पैसे और सौदा है पॉकेट में। आज एक़ तरफ़ पेट्रोल व डीजल की कीमत जनता को डरा रही है, वहीं उज्जवला गैस योजना का असर कमजोर हो रहा है क्योंकि मुफ्त कनेक शन मिलने के बाद दूसरी बार सिलिंडर भराना बहुत कठिन हो गया है तथा गांवों व दुर्गम क्षेत्रों की अनेक उज्जवला लाभार्थी महिलायें फिर जंगलों से लड़कियां बटोर कर खाना पकाने लगी हैं। बढ़ती महंगाई के कारण गरीबों को कम खाने और खराब खाने पर मजबूर होना पड़ रहा है, लेकिन बाजार इसका लाभ उठाने से नहीं चूकता है। एक के साथ एक मुफ्त या अधिक वजन के नाम पर अनेक उत्पादों की क्वालिटी गिराई जा रही है तथा इसके कारण बिना ब्रांड वाले स्थानीय खाद्य पदार्थों के निर्माता व स्थानीय दूकानदार प्रतियोगिता में टिक नहीं पा रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वोकल फार लोकल का नारा भी प्रभावित हो रहा है।

- **मनोज शर्मा** , मेरठ


### पीके की रणनीति

**राजनीतिक** दलों को सत्ता की सीढ़ियां चढ़ना सिखाने वाले रणनीतिकार प्रशांत किशोर अब खुद इन पर चढ़ते नजर आएंगे। फिलहाल बिहार से अपनी यात्रा शुरू करने की घोषणा करने वाले पीके आम लोगों में अपनी कितनी पैठ बना पाएंगे यह तो आने वाला समय ही बताएगा पर इतना तय है कि वे राजनीतिक दलों के लिए सिरदर्द जरूर बनेंगे। उनकी राजनीतिक पार्टी बनाने की संभावना ने राजनीति में एक हलचल अवश्य पैदा कर दी है। कभी भाजपा तो कभी कांग्रेस को सियासी दांव सिखाने वाले पीके अपनी एक दशक की यात्रा के बाद कुछ नया करने की सोच रहे हैं। कुछ खास लोग ही उन्हें जानते हैं ऐसे में परिचय के मोहताज की दुविधा पीके के सामने आ सकती है। इन तमाम कमजोरियों के बाद भी यदि पीके रणनीति बनाते हैं तो निश्चित रूप से यह राजनीतिक दलों के लिए चावल में कंकर साबित हो सकता है। रही बात सत्ता की सीढ़ी चढ़ने की तो उस पर अभी सोचना जल्दबाजी हो सकती है।

- **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**स्कूली** बच्चों पर तकनीक का बोझ बढ़ने से रोकने के लिए हमें आनलाइन व आफलाइन की हाइब्रिड व्यवस्था बनानी चाहिए।

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**यदि** मेरे उत्तरवर्ती वर्तमान आर्थिक संकट का हल करने में सक्षम हों तो मैं स्वेच्छा से इस्तीफा देने के लिए तैयार हूं।

- **महिंदा राजपक्षे**
श्रीलंका के प्रधानमंत्री



**भाजपा** देश को घृणा व हिंसा के जाल में फंसाना चाहती है ताकि वह महंगाई, स्वास्थ्य, पानी और बिजली पर बहस से बच सके।

- **संजय सिंह**
आप नेता

## क्विक न्यूज

### रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने पर मिलेगी 40 प्रतिशत तक सब्सिडी

**लखनऊ।** अपने घर की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट लगाकर बिजली बिल की झंझट से निजात पा सकते हैं। यूपीनेडा ने सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने वाले उपभोक्ताओं को अनुदान देने का निर्णय लिया है। एक से तीन किलोवाट तक का रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने वालों को 40 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। तीन किलोवाट से अधिक और 10 किलोवाट तक 20 प्रतिशत की सब्सिडी मिलगी। हाउसिंग सोसाइटी के लिए केंद्र सरकार द्वारा 500 किलोवाट तक के सोलर प्लांट पर 20 प्रतिशत की सब्सिडी मिलेगी। नेडा के अनुसार घरेलू उपभोक्ता सोलर रूफटॉप लगाने के लिए विभाग की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। एक किलोवाट सौर ऊर्जा के लिए 10 वर्ग मीटर जगह की जरूरत होती है। बिजली पर होने वाले खर्च में 30-50 प्रतिशत की बचत होती है। राज्य सरकार का अनुदान 15 हजार रुपये प्रति किलोवाट और अधिकतम 30 हजार रु. प्रति किलोवाट मिलता है। पोर्टल एक-दो दिनों में खुल जायेगा।

### उत्पादन निगम के ताप विद्युत गृहों से हुआ रिकॉर्ड बिजली उत्पादन

**लखनऊ।** यूपी में बिजली उत्पादन धीरे-धीरे सुधार की और बढ़ रहा है। रविवार से अब तक सरकारी क्षेत्र के उप्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के ताप विद्युत गृहों से अब तक का रिकॉर्ड दैनिक विद्युत उत्पादन 131 मिलियन यूनिट हुआ जिसमें अनपरा ताप विद्युत गृह में उपलब्ध क्षमता 63.12 मिलियन यूनिट के सापेक्ष 60.52 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन रहा जो कि 95.88 प्रतिशत है। पारीछा ताप विद्युत गृह में उपलब्ध क्षमता 22.08 मिलियन यूनिट के सापेक्ष 22.26 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन रहा जो कि 100.81 प्रतिशत है। हरदुआगंज ताप विद्युत गृह में उपलब्ध क्षमता 30.48 मिलियन यूनिट के सापेक्ष 30.23 मिलियन यूनिट रहा जो कि 99.18 प्रतिशत है वहीं पर ओबरा ताप विद्युत गृह में उपलब्ध क्षमता 19.20 मिलियन यूनिट के सापेक्ष 18.23 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन हुआ जो कि 94.92 प्रतिशत है। इस प्रकार सभी ताप विद्युत गृहों की कुल उपलब्ध क्षमता 134.88 मिलियन यूनिट के सापेक्ष 131.23 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन हुआ जो कि 97.30 प्रतिशत है। उत्पादन निगम के ताप विद्युत गृहों द्वारा उपरोक्त रिकॉर्ड उत्पादन होने के उपलक्ष्य में राज्य विद्युत परिषद अभियन्ता संघ के अध्यक्ष वीपी सिंह एवं महासचिव प्रभात सिंह ने विभाग के समस्त अभियन्ताओं एवं जूनियर इंजीनियरों व कर्मचारियों को बधाई दी।

### उद्यान विभाग के वरिष्ठ सहायक दीपक कुमार निलम्बित

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के वरिष्ठ सहायक दीपक कुमार उपाध्याय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दीपक कुमार उपाध्याय के खिलाफ राजकीय कार्यों में लापरवाही एवं शिथिलता बरतने का आरोप लगा है। निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण आरके तोमर ने बताया कि दीपक कुमार उपाध्याय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय के स्थापना 4, अनुभाग में वरिष्ठ सहायक के पद पर तैनात थे। श्री उपाध्याय मनमाने रूप से कार्यालय आते थे और बिना कार्यालय उपस्थित हुए ही अनियमित रूप से वेतन ग्रहण करते थे। बार-बार उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करते और उन्हें गुमराह करते, बिना प्रार्थना पत्र दिये ही स्वेच्छा से अवकाश पर जाना तथा विभागाध्यक्ष के प्रति आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग कर उद्दण्डता प्रदर्शित करना आदि मामलों में दोषी पाये गये हैं जिसके आधार पर उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है।

### एक करोड़ से ज्यादा लोगों ने पाया आरोग्य मेले का लाभ

**लखनऊ।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभ उपलब्धता के उद्देश्य से शुरू 'मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों' का लोगों को खासा लाभ मिल रहा है। फरवरी, 2020 में शुभारंभ होने के बाद से अब तक आयोजित हो चुके 43 मेलों में 1 करोड़ 1 लाख 19 हजार से ज्यादा लोग इन मेलों का लाभ ले चुके हैं। इनमें से 1.54 लाख गंभीर रोगियों को उच्च स्वास्थ्य केन्द्रों पर रेफर किया गया, जबकि 8.81 परिवारों को आयुष्मान भारत-गोल्डेन कार्ड भी मिला। पहले मेले से लेकर बीते 8 मई को 43वें मेले में आमजन की बढ़ती भागीदारी से स्पष्ट है कि जाँच-उपचार, गोल्डेन कार्ड वितरण के साथ स्वास्थ्य योजनाओं की सहज उपलब्धता के कारण यह मेला आमजन में निरंतर लोकप्रिय रहा है। पूर्व के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला प्रदेश के सभी ग्रामीण एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित किए गए थे। इन मेलों में स्वास्थ्य परीक्षण एवं विभिन्न जांचों के साथ उपचार की सुविधाएं दी गई थीं। इसके अतिरिक्त गम्भीर रोगियों को सरकारी एम्बुलेंस से उच्चतर चिकित्सा केन्द्रों पर रेफर किया गया। यही नहीं, इन स्वास्थ्य मेलों में कोरोना वायरस से बचाव के समस्त उपाय किए गए थे तथा मेले के माध्यम से जनसामान्य को कोरोना वायरस से बचाव के बारे में अवगत कराते हुए इसके सामान्य लक्षणों के बारे में भी बताया गया।

# टेस्टिंग की संख्या बढ़ाएं: योगी

**● हमीरपुर और ललितपुर में मिले कोविड के नए केस सख्ती बरतने के आदेश**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उच्चस्तरीय बैठक में आला अधिकारियों को टेस्टिंग की संख्या को तेजी से बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। हमीरपुर और ललितपुर में भी दहाई अंक में नए केस की पुष्टि होने पर सीएम ने इन दोनों जिलों में भी इनके कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग और ट्रैवल हिस्ट्री का आंकलन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आला अधिकारियों से कहा कि जिन जिलों में केस अधिक मिल रहे हैं वहां सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाया जाना अनिवार्य करें और इसका प्रभावी अनुपालन कराएं। योगी सरकार की कुशल रणनीति के कारण कोरोना संक्रमण की चपेट में आने वाले 1487 संक्रमित मरीज घर पर ही होम आइसोलेशन में पूरी तौर पर ठीक हो चुके हैं। प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता का ही असर है कि 24 करोड़ आबादी वाले प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या में इजाफा होने के बाद भी अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या न के बराबर है। संक्रमित मरीजों को उनके घर पर ही सारी सेवाएं सरकार की ओर से पहुंचाई जा रही हैं। टेस्टिंग, टीकाकरण, ट्रेसिंग और ट्रीटमेंट 'फोर टी' के सफल क्रियान्वयन से उत्तर प्रदेश में कोविड पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 1567 एक्टिव केस हैं। इसमें 1487 लोग घर पर ही स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं और उनमें से कोई भी गंभीर नहीं है। बीते 48 घंटों में प्रदेश में 305 नए संक्रमण के मामलों की पुष्टि हुई, जिसमें गौतमबुद्ध नगर में 124, गाजियाबाद में 41, आगरा में 20 नए केस शामिल हैं। इस बीच 771 संक्रमितों ने संक्रमण को मात दी है। उत्तर प्रदेश में अब तक कोविड टीके की 31 करोड़ 77 लाख डोज दी जा चुकी है। जबकि यूपी में 11 करोड़ 21 लाख से अधिक कोविड टेस्ट भी किए जा चुके हैं। 18 से अधिक आयु की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज दी जा चुकी है, जबकि 89 प्रतिशत वयस्क लोगों को दोनों खुराक दी जा चुकी है। 15 से 17 आयु वर्ग में 95.74 प्रतिशत से अधिक किशोरों को पहली खुराक दी जा चुकी है और 69.17 प्रतिशत किशोरों को दोनों डोज दी जा चुकी है।

### लखनऊ में कोरोना के 27 केस आये सामने

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में कोरोना के प्रसार में उतार-चढ़ाव जारी है। सोमवार को राजधानी में कोरोना के 27 मरीज सामने आये हैं। इनमें 19 पुरूष और 8 महिला मरीज शामिल है। वहीं 12 मरीजों ने एक साथ वायरस को हराने में कामयाबी हासिल की है। राजधानी में मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है। जांच की संख्या में इजाफा किया है। रोजाना छह से सात हजार लोगों की जांच कराई जा रही है। 60 मरीजों ने वायरस को मात देने में कामयाबी हासिल की है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सभी संक्रमित बिना लक्षण हैं। सभी मरीज होम आईसोलेशन में हैं।

अधिकारियों ने बताया कि मरीज के संपर्क में आने वाले तीन लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। यात्रा से लौटे सात लोग संक्रमित पाए गए। सर्दी.जुकाम से पीड़ित दो लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। ऑपरेशन से पहले कोरोना जांच में एक मरीज संक्रमित मिला। मौजूदा समय में 108 सक्रिय मरीज हैं।

### योगी आज मेरठ में करेंगे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और शहीदों के परिजनों को सम्मानित

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ क्रांति दिवस पर क्रांति धरा (मेरठ) पर मंगलवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और शहीदों के परिजनों का सम्मान करेंगे। क्रांतिकारियों के सम्मान में पहली बार कोई सीएम मेरठ पहुंच रहा है। 1857 की क्रांति के 165 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में क्रांति धरा पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। सीएम राजकीय स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय और विक्टोरिया पार्क में क्रांति दिवस पर आयोजित कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। साथ ही मंडल के विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक करेंगे। इसके अलावा वह निर्माणाधीन ट्रांजिट हास्टल, आरआरटीएस परियोजना और इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान सीएम योगी क्रांतिकारी नायक और 1857 की क्रांति के अग्रदूत शहीद कोतवाल धन सिंह गुर्जर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।



केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने सोमवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की

# अपनी जिम्मेदारी को समझें और सेवाभाव से कार्य करें: दुर्गा शंकर



**● आईएएस प्रशिक्षुओं ने मुख्य सचिव से की भेंट**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से आज लोक भवन स्थित कार्यालय कक्ष के सभागार में 2020 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि आईएएस अधिकारी की आम जन के मध्य छवि उनके उत्कृष्ट कार्यों से बनती है। भारतीय प्रशासनिक सेवा में अधिकारियों को विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है। आम आदमी की आपसे बहुत अपेक्षायें हैं, आपका दायित्व है कि आप अपनी जिम्मेदारी को समझें और सेवाभाव से कार्य करें।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अपनी छवि को बेहतर बनाने के लिये अपनी उत्कृष्ट सेवायें प्रदान करने पर ध्यान केन्द्रित करते हुये निष्पक्षता एवं पारदर्शिता से कार्य करना चाहिये। ईज ऑफ लिविंग पर कार्य करें। लोगों के जीवन में तभी खुशहाली आयेगी, जब सुगमता आयेगी। प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा जन सामान्य को प्रदान की जा रही शासकीय योजनाओं का लाभ लोग आसानी से प्राप्त कर सकें, इसके लिये प्रयत्न करें। उन्होंने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि जनता की सेवा का अवसर मिला है, इसलिये पूरी सेवा भाव से जनता के लिये कार्य करें। अपने कार्यों से लोगों के मध्य अमिट छाप छोड़ें। प्रशिक्षु अधिकारियों में जयदेव सीएस, नुपूर गोयल, अजय जैन, प्रत्यूष पाण्डेय, नेहा बंधु, परीक्षित खटाना, रम्या आर, सुथन अब्दुल्ला, सुमित राजेश महाजन, ओजस्वी राज, विशाल कुमार, अभिनव गोयल, नवनीत सेहरा, पवन कुमार मीना, अजय कुमार गौतम शामिल थे।

### निर्धारित 35 करोड़ पौध रोपण के लक्ष्य को समय से पूरा करें

**लखनऊ।** प्रदेश के वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरुण कुमार सक्सेना द्वारा विभाग द्वारा तैयार की गई 100 दिन की कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही विभाग द्वारा तैयार किये गये प्रजेंटेशन को देखा तथा इस वर्ष होने वाले वृक्षारोपण अभियान-2022 से पूर्व विभागीय व अन्य विभागों द्वारा किये जाने वाले वृक्षारोपण के लक्ष्य की जानकारी प्राप्त की। वन मंत्री ने आज यहां स्थित वन विभाग मुख्यालय पर पारिजात सभाकक्ष का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस वर्ष किये जाने वाले 35 करोड़ वृक्षारोपण के निर्धारित लक्ष्य को समय से पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत भी अच्छी किस्म के पौधे लगाये जाये तथा जो गांव नदियों के किनारे स्थित हैं तथा स्टेट हाई-वे एवं नेशनल हाई-वे के किनारे अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाये। वृक्षारोपण अभियान-2022 को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाए।

# निर्माणाधीन बाढ़ परियोजनाओं को मानसून से पहले पूरा करें: स्वतंत्र देव

**● जलशक्ति मंत्री ने बाढ़ से सम्बन्धित परियोजनाओं एवं कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक की**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जलशक्ति** मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन बाढ़ परियोजनाओं को मानसून से पहले हर हाल में पूरा किया जाए। इसके साथ ही जलशक्ति मंत्री ने कहा कि अपने अपने क्षेत्र में कम लागत से नहरों को जोड़कर किसानों को पानी दे सकने के लिए एक योजना तैयार करके प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि परियोजना व शेष कार्यों का सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत करें तथा नहरों में कितने गैप बचे हैं, उनको चिन्हित कर तत्काल कार्यवाही करें। उन्होंने नहरों की सिल्ट सफाई बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिये हैं।



जलशक्ति मंत्री ने यह बात सोमवार को उदयगंज स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग मुख्यालय स्थित सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान कही। जलशक्ति मंत्री ने समीक्षा बैठक में बाढ़ से सम्बन्धित परियोजनाओं एवं बाढ़ से सम्बन्धित कार्यों, सील्ट सफाई, वर्तमान परियोजनाओं की भौतिक, वित्तीय प्रगति के बारे में जानकारी ली। जलशक्ति मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नवीन बाढ़ परियोजनाओं को भी समय से पूर्ण करें। उन्होंने मुख्यालय द्वारा गठित अधिकारियों की टीम द्वारा बाढ़ परियोजनाओं का नियमित रूप से मॉनीटरिंग करने का निर्देश दिया, जिससे परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट मिलती रहे। उन्होंने डाटा सेंटर, कॉल सेंटर पर 5 अधिकारियों को लगातार जानकारी करने के भी निर्देश दिये हैं।

### जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाय निस्तारण: केशव

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार का कैम्प कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के लोगों कील समस्याओं को सुना साथ ही उनकी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन भी किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोग अपने क्षेत्रान्तर्गत होने वाले समाधान दिवस में उपस्थित होकर अपना आवेदन देते हुए समस्या से अवगत करायें, जिससे आपको दूर तक नहीं दौड़ना पड़ेगा और आपकी समस्या का शीघ्रता के साथ नियमानुसार निस्तारण भी किया जायेगा। श्री मौर्य ने पत्रों का संज्ञान लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनका नियमानुसार निर्धारित अवधि में निस्तारण करायें जिससे किसी भी फरियादी को बेवजह परेशान न होना पड़े। समस्या का निदान सही और पारदर्शिता के साथ हो, जिससे किसी प्रकार की कोई पुनः शिकायत प्राप्त होने की सम्भावना न रहे। शिकायत निस्तारण की समय-समय पर समीक्षा की जाये।

### प्रदेश के 26 जिलों में अनिवार्य हॉलमार्किंग व्यवस्था 1 जून से लागू

**लखनऊ।** नियंत्रक विधिक माप विज्ञान मार्कण्डेय शाही ने बताया कि 1 जून 2022 से प्रदेश के 26 जिलों में अनिवार्य हॉलमार्किंग व्यवस्था लागू हो जायेगी। उन्होंने बताया कि देश के 256 जिलों में 23 जून 2021 अनिर्वार्य हॉलमार्किंग के सफल कार्यान्वयन होने के पश्चात सरकार द्वारा सोने के आभूषण एवं सोने की कलाकृतियों की हॉलमार्किंग 4 अप्रैल 2022 के माध्यम से अनिवार्य हॉलमार्किंग के दूसरे चरण को लागू करने के लिए अधिसूचित किया गया है। इसके तहत प्रदेश के 26 जनपदों में अनिवार्य हॉलमार्किंग व्यवस्था 1 जून 2022 से लागू हो रही है। यह व्यवस्था आगरा, प्रयागराज, बरेली, बदायूं, देवरिया, गाजियाबाद, गोरखपुर, जौनपुर, झांसी, मथुरा, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, गौतम बुद्ध नगर, सहारनपुर, शाहजहांपुर, वाराणसी, आजमगढ़, भदोही, बलिया, बाराबंकी, प्रतापगढ़, मिर्जापुर व औरैया जिले शामिल हैं।

# उत्तराखंड विधानसभा की स्पीकर ने महाना से की शिष्टाचार भेंट



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तराखंड** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने उप्र विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना से उनके कार्यालय कक्ष विधान भवन में शिष्टाचार भेंट की, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी ऋतु खंडूड़ी भूषण का मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया। विधानसभा के अध्यक्ष ने उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष को उत्तर प्रदेश विधान भवन स्थित सभा मंडप को दिखाते हुए सदस्यों की संख्या व ई-विधान के बारे में चर्चा की, इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे एवं उत्तराखंड उत्तर प्रदेश विधानसभा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# औद्योगिक विकास के पथ बनेंगे एक्सप्रेस-वे

**● एक्सप्रेस वे के किनारे छह मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के लिए होगा भूमि अधिग्रहण**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार एक्सप्रेस-वे को उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास के पथ के तौर पर विकसित कर रही है। एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ औद्योगिक कारीडोर विकसित किया जा रहा है। इसके लिए कार्ययोजना क्रियान्वित की जा रही है। ये कारीडोर प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति प्रदान करेंगे, साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे। इससे आसपास के क्षेत्रों के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। योगी सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है। एक तरफ जहां प्रदेश के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य हो रहे हैं, वहीं प्रदेश के औद्योगिक विकास को भी सरकार गति देने में जुटी है। बेहतर अवसंरचना के लिए प्रदेश एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाया जा रहा है तो इसके दोनों ओर औद्योगिक कारीडोर के निर्माण करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे शुरू हो चुका है, जबकि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे कार्य अंतिम चरण में है। इसके जल्द शुरू होने की संभावना है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस, बलिया एक्सप्रेस-वे काम तेजी से चल रहा है। गंगा एक्सप्रेस के लिए भी तेजी से कार्रवाई चल रही है। सरकार इनके दोनों तरफ औद्योगिक कारीडोर को विकसित कर रही है।

# आतंकियों व उनके मददगारों पर भारी पड़ रहा एटीएस का 'अभियोजन अभियान'




**● अदालत में मजबूत पैरवी कर किसी भी अहम मामले में नहीं होने दी अभियुक्तों की जमानत**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** मुकुल गोयल के निर्देश पर आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) द्वारा चलाया गया 'अभियोजन अभियान' आतंकियों और उनके मददगारों पर भारी पड़ा है। अमूमन जांच एजेंसियों द्वारा ऑपरेशन को अंजाम देने के बाद आरोपितों के खिलाफ अदालत में पैरवी पर ध्यान नहीं देती और वह आसानी से बरी हो जाते हैं। इसके विपरीत अभियोजन अभियान के तहत एटीएस ने इस साल बीते चार महीनों के दौरान जिन बड़े आपरेशन को अंजाम दिया उनमें पकड़े गए किसी भी आरोपी की अभी तक जमानत नहीं हो सकी है। एटीएस चार महीनों के दौरान 32 समाज विरोधी तत्वों की जमानत अर्जी निरस्त करवा चुकी है।

एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि एटीएस के अभियोजन अभियान के तहत कई अति संवेदनशील एवं आतंकवादी कृत्यों, जो राष्ट्र की एकता अखंडता, सम्प्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े हैं उनमें त्वरित पैरवी एवं न्यायिक कार्रवाई कर अभियुक्तों की पुलिस अभिरक्षा रिमांड प्राप्त की गई तथा शत-प्रतिशत मामलों में अभियुक्तों के जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कराए गए। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण विधि सम्मत विवेचानात्मक कार्रवाई करते हुए समयबद्ध रूप से आरोप-पत्र न्यायालय प्रेषित किए गए। यूपी एटीएस ने लखनऊ की स्पेशल कोर्ट में केस की पैरवी के लिए जिला शासकीय अधिवक्ता की टीम के साथ साथ एक सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता को भी लगाया है।

एटीएस ने अब आतंकी संगठनों से जुड़े संदिग्धों और उनके मददगारो को गिरफ्तार कर आतंकी साजिशो को नाकाम करने के साथ-साथ पकड़े गए आरोपियों को अदालत से भी सजा दिलाने के दूसरे मोर्चे पर भी काम करना शुरू कर दिया है। पहली जनवरी 2022 से 30 अप्रैल 2022 तक एटीएस सीजेएम कस्टम कोर्ट से एक, एटीएस-एनईए, स्पेशल कोर्ट से 25 और हाईकोर्ट से 6 आरोपियों की जमानत अर्जी निरस्त करवा चुकी है। बात अगर बीते साल में यूपी एटीएस के द्वारा चलाए गए प्रमुख अभियान और उसमें गिरफ्तारियों के बाद कोर्ट से जमानत की करें तो यूपी एटीएस ने साल 2021 में 3 बड़े अभियान चलाए। अवैध धर्मांतरण के सिंडिकेट का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी उमर गौतम समेत 17 लोग गिरफ्तार किए गए।

अवैध धर्मांतरण केस में किसी भी आरोपी को आज तक जमानत नहीं मिल पाई है। प्री एक्टिवेटेड सिम के चीन कनेक्शन में मुख्य आरोपी जेम्स समेत 20 लोग गिरफ्तार किए गए। इसमें भी किसी को जमानत नहीं मिली। फर्जी दस्तावेजों से बांग्लादेश के नागरिकों को भारत लाकर अफ्रीका व खाड़ी देशों में तस्करी के सिंडिकेट में मुख्य आरोपी मिथुन मंडल समेत 20 लोग गिरफ्तार किए गए लेकिन किसी को जमानत नहीं मिली। यूपी एटीएस ने गिरफ्तारियों के साथ-साथ कोर्ट में पैरवी की व्यवस्था को भी दुरुस्त किया है।

# मुंबई में रह रहे प्रदेश वासियों की सामाजिक सुरक्षा के लिए आगे आयी योगी सरकार

**● महाराष्ट्र की राजधानी में जल्द खोलेगी कार्यालय**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**देश** की औद्योगिक महानगरी मुंबई में रह रहे उत्तर प्रदेश के निवासियों के लिए अब अपने मूल गृह राज्य से जुडने का एक और रास्ता खुलने जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार मुंबई में एक नया कार्यालय स्थापित करने जा रही है जिसका उद्देश्य होगा महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में रह रहे उप्र के निवासियों को अपने प्रदेश में निवेश करने, उनके हितों की रक्षा व उनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र सरकार द्वारा प्रस्तावित इस कार्यालय के माध्यम से उन तमाम उप्र के निवासियों से जुड़ना संभव होगा जो या तो लंबे समय से मुंबई में नौकरी या व्यसाय के लिए रह रहे हैं, या वे, जो हर वर्ष रोजगार की तलाश में मुंबई जाते हैं और समय समय पर या किसी आपदा की स्थिति में उप्र वापस आते हैं। एक अनुमान के अनुसार, मुंबई की 1 करोड़ 84 लाख जनसंख्या में लगभग 50 से 60 लाख उत्तर भारतीय मूल के लोग रहते हैं, जिनमे उप्र से आने वालों की संख्या सर्वाधिक है। मुंबई में ये लंबे समय से रह रहे हैं और समय समय पर अपने घर उत्तर प्रदेश के अलग जिलों में आते रहते हैं। मुंबई में उद्योग, सेवा क्षेत्र, खुदरा व्यापार, ट्रांसपोर्ट, खाद्य व्यवसाय, फैक्ट्री या मिल जैसे कई क्षेत्रों में उप्र के लोगों का उल्लेखनीय योगदान है। इसके साथ, असंगठित क्षेत्र में भी उप्र के कामगार बड़ी संख्या में मुंबई में काम कर रहे हैं। पिछले दो वर्षों में कोविड आपदा व लॉकडाउन के कारण बड़ी संख्या में इन्हे मुंबई से वापस अपने गृह राज्य उप्र आना पड़ा था, और उस समय योगी सरकार द्वारा एक विशाल योजना के अंतर्गत न केवल इन्हें सकुशल उप्र लाया गया बल्कि उन्हे उनके गृह जनपदों तक भी भेजा गया था। प्रस्तावित कार्यालय के माध्यम से मुंबई में रह रहे उप्र वासियों को उत्तर प्रदेश में पर्यटन, संस्कृति और अन्य क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं से अवगत करा कर उन्हे यहाँ उद्यम लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही, उनसे विचार-विमर्श करके उनके लिए यहाँ एक अनुकूल व आकर्षक बिजनस एनवायरनमेंट भी तैयार किया जाएगा।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मददगार बनी गुलाबी मीनाकारी

**● मोदी और योगी के ओडीओपी व जीआई उत्पाद को उपहार स्वरूप लोगों को देने से गुलाबी मीनाकारी के कारोबार को मिली नई उड़ान**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गुलाबी** मीनाकारी अपनी खूबसूरत कारीगरी से जहां पूरी दुनिया में धूम मचा रही है। वही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी मददगार साबित हो रही है। सरकार की 'समर्थ' योजना के अंतर्गत महिलाओं को गुलाबी मीनाकारी के हुनर सिखाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश यात्रा के दौरान अपने ख़ास मेहमानों को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बनी गुलाबी मीनाकारी के उत्पादों को उपहार स्वरुप देते हैं। जिससे इस जीआई उत्पाद की मांग देश और विदेश में बढ़ती जा रही है। गुलाबी मीनाकारी से दूर हो रहे शिल्पी अब प्रशिक्षण लेकर एक बार फिर इस प्राचीन कला से जुड़ रहे हैं। जीआई उत्पाद और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट में शामिल गुलाबी मीनाकारी की खूबसूरती कायल पूरी दुनिया होती जा रही। सहायक निदेशक हस्तशिल्प अब्दुल्ला ने बताया कि सरकार गुलाबी मीनाकारी का हुनर सिखाने के लिए 'समर्थ' नाम से प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है। जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। समर्थ नाम से चल रहा प्रशिक्षण कार्यक्रम 65 दिनों का होता है। जिसमें सरकार प्रशिक्षुओं को 300 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से प्रोत्साहन राशि भी देती है। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम वस्त्र मंत्रालय द्वारा कराया जा रहा है।

सहायक निदेशक ने बताया कि 2 अक्टूबर 2021 से प्रशिक्षण का कार्यक्रम चल रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाएं शामिल हो रही है। अभी तक 60 महिलाएं प्रशिक्षण ले चुकी है। जिसमें सीधे तौर पर करीब 70 प्रतिशत महिला काम करके आत्मनिर्भर बन रही हैं। जबकि बाकी पार्ट टाइम काम करके कमाई कर रही है। प्रशिक्षण दे रहे नेशनल अवार्डी कुंज बिहारी ने बताया कि प्रधानमंत्री अपने विदेशी मेहमानों को गुलाबी मीनाकारी का नायब तोहफा जरूर देते हैं। और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोगों को उपहार देने और लोगों से जी आई और ओडीओपी को उपहार स्वरूप देने की अपील करने से हस्त शिल्पियों के हुनर की मांग बढ़ी है। और गुलाबी मीनाकारी को संजीवनी मिली है।

महाराणा प्रताप की 482वीं जयंती पर आल्हा-ऊदल की वीरता का हुआ बखान

# कभी किसी के सामने नहीं झुके महाराणा: सिंह



**संवाददाता। सीतापुर**

**अटरिया कस्बे के** साकेत उत्सव मैरिज लॉन में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 482वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्रताप गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवरस आल्हा टीम द्वारा सुन्दर आल्हा का गायन किया गया। आल्हा टीम बुंदेलखंडी लोककला का एक उदाहरण है, आल्हा ऊदल की वीरता का बखान भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान, विधायक सुरेश्वर सिंह, मनीष रावत, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री लालजी प्रसाद निर्मल, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह ने महाराणा प्रताप की चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्प अर्पित किया। आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए विधायक मनीष रावत ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपनी मातृभूमि की आन बान और शान की रक्षा के लिए कई दिनों तक मुगलों से लड़ाई की एवं जंगल में रुक-कर घास की रोटियां खाई किंतु हार नहीं मानी। सम्बोधन में उन्होंने सिधौली के लिए बस सेवा को भी सुन्दर बनाने के लिए जनता को सहूलियत देने की मांग परिवहनमंत्री से की। विधायक मनीष रावत ने तीन मांगे परिवहन मंत्री के सामने रखी। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सम्बोधित करते हुए महाराणा प्रताप के वीरता व उनके परिचय पर प्रकाश डाला।

महाराणा प्रताप की 482वीं जयंती पर कई पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप के बारे में सम्बोधित करते हुए उनके वीरता का बखान किया। इस मौके पर आयोजक सुरेश सिंह, उमाशंकर सिंह कुशवाहा, राघवेंद्र सिंह, सुधाकर सिंह, डा. केपीएस पंवार, जयसिंह राठौर, संजय सिंह चौहान, शिवम यादव, भूपेंद्र सिंह, रोहित भारती, अभिषेक शुक्ला, प्रतीक सिंह, सत्येंद्र पाल सिंह, प्रतीक सिंह सभासद गांधीनगर, संदीप सिंह, संजय सिंह, नीरज सिंह टिंकी, बच्चे बाजपेयी, मनोज सिंह, अमरेन्द्र सिंह चौहान, आरपी सिंह, मन्नू सिंह, उद्देश्य निगम, सुधीर सिंह, नीलकमल सिंह, हिमांशू सिसोदिया, राजू गुप्ता, उमेश पांडेय, सर्वेश अवस्थी, सुजीत सिंह, नंदकिशोर मिश्रा, सावित्री चौधरी, महेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, प्रभात शेखावत, राजू यादव, पंकज यादव, पीयूष शुक्ला, भूपेन्द्र सिंह, धमेन्द्र सिंह, रोहित आदि सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### ● परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को एआरटीओ प्रशासन ने भेंट किया चश्मा

## परिवहन मंत्री ने नेत्र परीक्षण शिविर में कराई अपनी आंखों की जांच



**संवाददाता। सीतापुर**

**उत्तर प्रदेश** सरकार के परिहवन मंत्री दयाशंकर सिंह का सोमवार को सीतापुर में प्रथम आगमन हुआ, क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मोहम्मदी विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जाते समय सीतापुर लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर खैराबाद स्थित टोल प्लाजा के पास ट्रक चालको के लिए लगाए गए नेत्र परीक्षण शिविर में पहुंचकर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और उनकी स्कार्ट टीम ने अपनी आंखो की जांच कराई, इस दौरान परिवहन मंत्री को एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी ने एक चश्मा भी भेंट किया। सड़क राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से एक निजी सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे परिवहन मंत्री का एआरटीओ प्रवर्तन डा. उदित नरायण पांडेय ने बुके देकर स्वागत किया गया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अधिकारियों से कहा कि चालको का नियमित रूप से नेत्र परीक्षण होना चाहिए, सड़क हादसों को न्यूनतम स्तर तक सड़क सुरक्षा के प्रयास मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किए जा रहे है। कार्यक्रम में एनजीओ के पदाधिकारियों के अतिरिक्त एआरएम राकेश कुमार, मिलिन्द चर्तुवेदी, प्रामिश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## केन्द्र व प्रदेश सरकार झूठे आंकड़े देकर करती है फर्जीवाड़ा:नरेन्द्र वर्मा

### ● कांग्रेस नेता ने भाजपा पर लगाए आरोप कहा-जनहित की नहीं करती कोई बात



**संवाददाता। सीतापुर**

**केंद्र एवं** उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार देश एवं प्रदेश की जनता को झूठे आंकड़े देकर फर्जीवाड़ा कर रही है सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोनावायरस से 4.8 लाख मौतें हुई हैं जबकि डब्ल्यूएचओ के मुताबिक कोरोनावायरस में 47 लाख लोगों ने अपनी जान गवाई उपरोक्त भाजपा सरकार के कुकृत्य की निंदा करते हुए जिला युवक कांग्रेस के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने कहा कि देश की भोली-भाली जनता को अपने झूठ के जाल में फंसाने का काम भाजपा की सरकार ने किया है एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने सरकार से सवाल खड़ा किया कि यह झूठे आंकड़े कहां से आए कौन-कौन से लोग अधिकारी इसमें संलिप्त हैं इसकी जांच होनी चाहिए पिछले दिनों में कोरोनावायरस गाई से जनजीवन त्रस्त है नौजवान अपनी डिग्रियों को लेकर दर-दर भटक रहे हैं लेकिन सरकार के पास नौकरियों के कोई विकल्प नहीं है सरकार की उदासीनता से आज नौजवान बेहाल है श्री वर्मा ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की कांग्रेश सदैव जन सरोकार की मांगों को लेकर सरकार को जगाने का काम करती रही है अगर सरकार नौजवानों गरीबों किसानों मजदूरों की आवाज को नहीं सुनेगी तो हम कांग्रेस के लोग संघर्ष करके सदन से सड़क तक की लड़ाई लड़ेंगे एवं सरकार द्वारा किए गए फर्जी वालों को उजागर करेंगे

पूर्व मंत्री संजय गर्ग ने बोला भाजपा पर हमला

# संविधान हमें अन्याय, अत्याचार के विरुद्ध प्रतिकार का देता है अधिकार

**संवाददाता। सीतापुर**



**भारत का** संविधान हमे अन्याय ,अत्याचार और शोषण के विरुद्ध प्रतिकार का भी अधिकार देता है ,अगर समाज मे व्याप्त विसंगतियों और असमानता के विरुद्ध समाजवादी पार्टी लोकतान्त्रिक ढंग से अपनी आवाज़ उठाती है तो ये उसका संवैधानिक अधिकार है। यह बात पूर्व मंत्री और समाजवादी व्यापार सभा के अध्यक्ष संजय गर्ग ने स्थानीय समाजवादी पार्टी कार्यालय मे पूर्व सदर विधायक राकेश राठौर द्वारा आयोजित प्रबुद्ध वर्ग संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। संजय गर्ग ने कहा पिछले सात वर्षो मे समाज का हर वर्ग बुरी तरह से परेशान हुआ है ,नोटबंदी ,जी एस टी जैसे प्रावधानों ने आम व्यपारियों की कमर तोड़ कर रख दी है ,अपने प्रभावपूर्ण उदबोधन मे उन्होंने भारतीय संस्कृति और समरसता के अनेको उदाहरण देते हुए बदलाव के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की अपील की। सदर के पूर्व विधायक और वरिष्ठ सपा नेता राकेश राठौर द्वारा अम्बेडकर जयंती से विभिन्न वर्गों के साथ संवाद की नियमित श्रंखला आयोजित की जा रही है,अनुसूचित जाति ,पिछड़ा वर्ग और महिलाओ के बाद् अब प्रबुद्ध वर्ग के साथ संवाद आयोजित किया गया ,जिसको सम्बोधित करते हुए श्री राठौर ने कहा कि समाज् मे बदलाव लाने मे प्रबुद्ध वर्ग की हमेशा अग्रणी भूमिका रही है ,आज देश जिन हालात से गुजर रहा है उसमे इस वर्ग को आगे आकर फिर एक पहल करनी होगी ,उन्होंने आने वाले समय मे अन्य वर्गों के साथ भी संवाद की इस श्रंखला को जारी रखने की बात कही। इस मौके पर विधायक लहरपुर अनिल वर्मा ने देश मे बढ़ती बेरोजगारी और नौकरियो मे ठेका व्यवस्था को समाज के लिए एक बड़ा खतरा बताया ,वही पूर्व मंत्री रामहेत भारती ने समाजवादियों और अम्बेडकरवादियों के मिलन को आज के दौर मे महत्वपूर्ण बताते हुए मिलजुलकर संघर्ष करने की अपील की। तार्किक ढंग से अपनी बात रखते हुए नोमान अंसारी ने अल्पससंख्यकों से जुड़े मामलो पर प्रकाश डाला जबकि अधिवक्ता निर्भय ब्राम्हण ने वर्तमान सरकार को जातिवादी सरकार बताते हुए इस हुकूमत को पूरी तरह से ब्राम्हण विरोधी करार दिया। इस मौके पर अधिवक्ता ब्रजेन्द्र पाण्डेय ,ललित शुक्ल ,व्यावारी संदीप भारतिया ,सुशील चचुवा,रिजवान अंसारी ,विधानसभा अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सहित प्रबुद्ध समाज् के तमाम लोगो ने सम्बोधित किया,समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव ने आगंतुको के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर यथार्थ शुक्ल ने किया।

### ● पूर्व विधायक राकेश राठौर ने किया प्रबुद्ध वर्ग का संवाद कार्यक्रम

## जांच कमेटी ने नगर क्षेत्र के चार तालाबों का किया निरीक्षण

**सीतापुर।** कमाल सराय संगत के प्रबंधक महंत बजरंग मुनि के द्वारा जिलाधिकारी सीतापुर से की गई शिकायत का संज्ञान लेने के उपरांत जिलाधिकारी के द्वारा गठित जांच कमेटी मे प्रथम दिन कोई आला अधिकारी तो उपस्थित नहीं हुआ परंतु कानूनगो राजेश शुक्ला के साथ साथ कई जगहों के लेखपाल व नगर पालिका परिषद के कर्मचारी अवश्य उपस्थित हुए सभी ने नगर क्षेत्र के मोहल्ला भूलन पुर स्थित टेढ़वा का तालाब का निरीक्षण किया तथा पाया कि तालाब पर कहीं किसी का कोई कब्जा नहीं है जिस के संबंध में शिकायत की गई थी की तालाब का जो वास्तविक रकवा है वह कम हो गया है वहां पर तालाब के 30 लाख रुपया से सुंदरीकरण किया गया है तालाब छोटा करके वहां पर भू माफियाओं के द्वारा प्लाटिंग की गई है परंतु जांच टीम ने उस शिकायत को दरकिनार करके वहां पर रकवा कम ना होने की रिपोर्ट बता रहे हैं उन्हीं में से अन्य लोगों ने यह भी बताया कि तालाबों का पानी बहुत ज्यादा गंदा है काला काला पानी तालाबों में बह रहा है जो कि स्थानीय लोगों से बात करने पर पता चला कि तालाबों में घरों का गंदा पानी तथा दरी फैक्ट्रियों का केमिकल युक्त गंदा पानी बहाया जा रहा है जिससे कि जल में निवास करने वाले जीव जंतु नष्ट हो गए हैं तथा नगर पालिका परिषद और राजस्व की हानि हो रही है क्योंकि मत्स्य पालन के ठेके तथा सिंघाड़ा पालन इत्यादि ही गंदे केमिकल युक्त पानी की वजह से नहीं हो पा रहा है स्थानीय नागरिकों मैं इस बात को लेकर जबरदस्त आक्रोश है कि नगर क्षेत्र में उल्टी बोरिंग करा कर दरी फैक्ट्रियों का पानी उसमें उतारा जा रहा है जिससे कि जमीन की कोख को महिला करने का प्रयास किया जा रहा है तथा भूजल को जहरीला बनाया जा रहा है और स्थानीय प्रशासन तथा जिला प्रशासन मूकदर्शक बना इसको देख रहा है।

## परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 2 के छात्रों के बीच होगी तीन चरणों में उड़ान परीक्षा प्रतियोगिता: बीएसए

**संवाददाता। लखीमपुर-खीरी**

**खीरी के** सभी परिषदीय विद्यालयों में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर कक्षा 2 के लिए छात्र-छात्राओं के अधिगम स्तर में उन्नयन के लिए तीन चरणों में उड़ान परीक्षा प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसे प्रत्येक प्राथमिक व संविलियन विद्यालय में कक्षा 2 में कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी बीएसए डॉ लक्ष्मी कांत पांडेय ने दी।

उन्होंने बताया कि विद्यालय स्तर पर के सर्वश्रेष्ठ एक छात्र-छात्रा का चयन होगा। प्राथमिक विद्यालय व संविलयन विद्यालय से कक्षा 2 से एक उत्कृष्ट छात्र-छात्रा का चयन किया जाएगा, जो ब्लॉक स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट छात्र-छात्रा जनपद स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि कक्षा दो की लिखित उड़ान परीक्षा प्रथम चरण में विद्यालय स्तर-10 मई समय प्रात: 09 बजे, सम्बन्धित विद्यालय में, दूसरे चरण में ब्लॉक स्तर-13 मई, समय प्रात: 09 बजे, सम्बन्धित बीआरसी पर व तृतीय व अंतिम चरण में जनपद स्तर-17 मई समय प्रात: 11 बजे, बीएसए कार्यालय पर उड़ान परीक्षा प्रतियोगिता आयोजित होगी। चयन के समय समान अंक की दशा में अतिरिक्त प्रश्नों के आधार पर परिणाम निकाले जाएंगे। समस्त स्तरों के प्रश्न पत्र बीएसए कार्यालय से उपलब्ध कराए जाएंगे। परीक्षा पूरे जनपद पर एक साथ सम्पन्न होगी। परीक्षा सपन्न होने के बाद सभी खंड शिक्षा अधिकारियों,एआरपी, संकुल शिक्षक, प्रधानाध्यापक, इं. प्रधानाध्यापको को जनपद स्तर से प्रेषित गूगल शीट उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें जनपद के समस्त विद्यालयों- विकास क्षेत्रों को चयनित बच्चों का विवरण भरना होगा। इस परीक्षा में सभी विद्यालयों की प्रतिभागिता जरूरी है। डीएम के निर्देशानुसार शुचितापूर्ण एवम ससमय परीक्षा सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। परीक्षा के फोटोग्राफ्स व अभिलेख जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

## अब जीआईसी-जीजीआईसी प्रोजेक्ट अलंकार से चमकेंगे

**संवाददाता। लखीमपुर खीरी**

### ● डीएम ने अफसरों संग की बैठक, बनी रणनीति

**शहर स्थित** राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) का जल्द ही कायाकल्प किया जाएगा। कॉलेज परिसर को ग्रीन-क्लीन करने के साथ ही आधुनिक साज-सज्जा से लैस होंगे। सोमवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने दफ्तर में अफसरों संग बैठक की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार के तहत चयनित जीआईसी-जीजीआईसी को सवारने के लिए आवंटित बजट से तत्काल कार्य योजना बनाकर काम शुरू करने का निर्देश कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को दिया। उन्होंने कहा कि वह स्वयं काम के दौरान दोनों विद्यालयों का भ्रमण करेंगे, विद्यालय को सवारने में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। अरसे से बदहाली का दंश झेल रहे जीआईसी व जीजीआईसी में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को जल्द ही अव्यवस्थाओं से निजात मिलने वाली है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दोनों कॉलेजों को ग्रीन-क्लीन करने का मंथन किया। साथ ही इन दोनों कॉलेजों को स्मार्ट बनाने की तैयारी है, जिससे छात्र छात्राएं निजी विद्यालयों की तरह ही यहां पर भी पढ़ाई का माहौल मिलेगा।

## डीएम के गोद लिए विद्यालय को संवारने में जुटीं अल्पना, झोंकी ताकत

**संवाददाता। लखीमपुर खीरी**

**विद्यालय विकास** व गुणवत्तायुक्त शिक्षा की मुहिम संविलियन विद्यालय सदर में इनदिनों तेजी पकड़ रही। विद्यालय को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के गोद लेने के बाद से ही इसे सजाने, संवारने व खूबसूरती की छटा बिखेरने का जिम्मा आकांक्षा अध्यक्ष अल्पना सिंह ने अपने कंधों पर उठाया, जिसमें वह पूरी जी जान से जुटी है।

सोमवार को डीएम की धर्मपत्नी एवं जिला आकांक्षा समिति अध्यक्ष अल्पना सिंह ने नगर क्षेत्र के संविलियन विद्यालय सदर पहुंची, जहां उन्होंने विद्यालय की स्वच्छता व शिक्षण व्यवस्था को परखा। यही नहीं उन्होंने अध्यापक की भूमिका में बच्चों की क्लास ली। कक्षाओं में बच्चों से सवाल कर उनका अधिगम स्तर जाना व उन्हें प ?ाई को लेकर टिप्स भी दिए। विद्यालय की स्वच्छता व्यवस्था की बावत स्टाफ को निर्देश दिए। बच्चों से सवाल पूंछे। सही जवाब मिलने पर बच्चों की जमकर तारीफ की, टाफियां बांटी। बच्चों ने उन्होंने गीत-कहानियाँ भी सुनी। श्रीमती सिंह ने बच्चों को खेल-खेल में नैतिक मूल्यों की बातें समझाई।

### खेत में मिले गोवंशीय पशुओं के अवशेष

**बरेली ।** सड़क किनारे खड़े होकर किसी बहन का इंतजार कर रहे एक युवक ने पास में ही स्थित एक खेत में गोवंशीय पशुओं के अवशेष देखें और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों को जमीन में दबा कर पशुओं को काटने बालों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।शाही थाने के गांव भुजिया मेनार में आज गांव के ही रहने वाले चंद्रसेन पुत्र मुन्ना सिंह के खेत में 2 गांव वंशीय पशुओं को काटने के बाद वध करने वाले अवशेषों को वहीं पर छोड़ दिया और शेष मास लेकर फरार हो गए सुबह होने पर गांव का ही रहने वाला अखिलेश पुत्र वीरपाल मीरगंज जाने के लिए घर से निकला था और वह सिरौली शाही मार्ग पर खड़े होकर मीरगंज जाने के लिए किसी वाहन का इंतजार कर रहा था इसी दौरान उसकी नजर चंद्रसेन के खेत में पड़ी जहां पर गोवंशीय पशुओं के अवशेष पड़े हुए थे वह तुरंत मौके पर पहुंचा और घटना की जानकारी गांव वालों को दी देखते ही देखते लोगों की भीड़ मौके पर लग गई कुछ देर बाद सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों को पास में ही एक गड्ढा खोदकर दबा दिया और पशुओं का वध करने वालों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी ।

## पेज एक का शेष

### श्रीलंका के पीएम...

राष्ट्रपति ने एक ट्वीट में कहा, मैं आम जनता से संयम बरतने और यह याद रखने की अपील करता हूं कि हिंसा से केवल हिंसा फैलेगी। आर्थिक संकट में हमें आर्थिक समाधान की जरूरत है जिसे यह प्रशासन हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। महिंदा राजपक्षे ने लोगों से संयम बरतने का भी आग्रह किया। ऑनलाइन समाचार पोर्टल डेली मिरर की खबर के अनुसार प्रधानमंत्री के समर्थकों ने उनके आधिकारिक आवास टेंपल ट्रीज के पास प्रदर्शनस्थल मैनागोगामा के बाहर मौजूद प्रदर्शनकारियों पर हमला कर दिया। इसके बाद हालात तनावपूर्ण हो गए। हीरू न्यूज वेबसाइट के अनुसार पुलिस ने श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) के समर्थकों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। वहीं अग्रणी समाचार नेटवर्क लंका फर्स्ट के अनुसार, भीड़ ने टेंपल ट्रीज के सामने मौजूद तंबुओं को उखाड़ दिया। विपक्षी दल समागी जन बालवेगया के नेता साजिथ प्रेमदासा ने स्थिति का आकलन करने के लिए विरोध स्थल का दौरा किया। विपक्षी सूत्रों ने कहा कि प्रेमदासा और उनके सहयोगियों पर भी एक समूह ने हमला किया क्योंकि वह राष्ट्रपति सचिवालय के विरोध स्थल पर पहुंचे थे। विपक्ष ने महिंदा राजपक्षे पर अपने समर्थकों को भड़काने का आरोप लगाया। समाचार पत्र कोलंबो पेज की खबर के अनुसार प्रधानमंत्री के सैकड़ों समर्थकों को बसों में लाया गया, जबकि कुछ अन्य लोगों ने प्रधानमंत्री के इस्तीफे के आह्वान के खिलाफ टेंपल ट्रीज तक मार्च किया। गौरतलब है कि शुक्रवार को एक विशेष कैबिनेट बैठक में राष्ट्रपति राजपक्षे ने शुक्रवार मध्य रात्रि से आपातकाल की घोषणा कर दी थी। यह दूसरी बार है जब श्रीलंका में लगभग एक महीने की अवधि में आपातकाल घोषित किया गया।

### अतिक्रमण रोधी अभियान...

पार्टी का कोई हित नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि दूसरा याचिकाकर्ता फेरीवालों का एक संगठन है और उन्हें बिना किसी सूचना के हटाया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर फेरीवाले अतिक्रमण कर रहे हैं तो उन्हें हटाया जाएगा और अधिकारियों ने यदि कानून का कोई उल्लंघन किया है तो याचिकाकर्ता उच्च न्यायालय जा सकते हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि उसने जहांगीरपुरी मामले में इसलिए हस्तक्षेप किया क्योंकि ढांचों को तोड़ा जा रहा था। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि अधिकारी इमारतों को गिरा रहे हैं। पीठ ने कहा कि हम नहीं जानते कि वे क्या गिरा रहे हैं। हॉकर भी ढांचे बनाते हैं और जहां तक हम जानते हैं वे प्लेटफॉर्म पर बैठते हैं। प्रभावित पक्ष को आने दो। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह एक प्रक्रिया है जो लंबे समय से चल रही है, नोटिस देने के बाद एक नियमित कवायद। मेहता ने आगे कहा कि नगर निगम अधिनियम के अनुसार, सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण हटाने के लिए किसी नोटिस की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि निवासी समूहों द्वारा अतिक्रमण की शिकायत किए जाने के बाद उच्च न्यायालय द्वारा पारित कुछ आदेशों के आधार पर कार्वाई की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने जब जहांगीरपुरी के घटनाक्रम पर शीर्ष अदालत के हालिया आदेश का हवाला दिया जिसमें अतिक्रमण रोधी अभियान पर रोक लगा दी गई थी तो इस पर पीठ ने कहा कि मामले में प्रभावित पक्षों को आने दिया जाए। उन्होंने कहा कि जब शीर्ष अदालत ने मामले को संज्ञान में लिया है तो अधिकारियों ने विध्वंस की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पीठ ने कहा कि हम सभी अतिक्रमण मामलों को संज्ञान में नहीं ले रहे हैं। यहां तक कि जहांगीरपुरी मामले में भी हमने कपिल सिब्बल से कहा था कि हम सभी अतिक्रमणों के खिलाफ आदेश पारित नहीं कर सकते। हमें एक संतुलन बनाना होगा। इसने कहा कि हमने किसी को यह कहने के लिए यहां आने का लाइसेंस नहीं दिया है कि मेरा घर तोड़ा नहीं जा सकता, भले ही वह अनधिकृत ही क्यों न हो। आप उस आदेश का सहारा नहीं ले सकते। हम इसमें दखल नहीं दे सकते वह भी राजनीतिक दलों के कहने पर। सुरेंद्रनाथ ने कहा कि उच्च न्यायालय इस मामले को नहीं सुनेगा।शीर्ष अदालत ने वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्रनाथ को फटकार लगाते हुए कहा कि इस तरह याचिका दायर करना यह ठीक नहीं है। आपने पूरा दिन यहीं बिताया और आप इसके बजाय उच्च न्यायालय जा सकते थे। यह बहुत ज्यादा है कोई पक्ष हमारे पास आकर हमसे कह रहा है कि उच्च न्यायालय नहीं सुनेगा। पीठ ने कहा कि आप कैसे कह सकते हैं कि उच्च न्यायालय सुनवाई नहीं करेगा। यह उच्च न्यायालय का अनादर है। उनके पास अनुच्छेद 226 के तहत व्यापक अधिकार हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता ने जब अनुरोध किया कि दो दिन के लिए अतिक्रमण हटाने पर रोक लगाई जाए, तो पीठ ने आदेश पारित करने से इनकार कर दिया।

### देशद्रोह कानून पर फिर...

हलफनामे में कहा गया, इसके मद्देनजर, बहुत सम्मान के साथ यह बात कही जा रही है कि माननीय न्यायालय एक बार फिर भादंसं की धारा 124ए की वैधता का अध्ययन करने में समय नहीं लगाए और एक उचित मंच पर भारत सरकार द्वारा की जाने वाली पुनर्विचार की प्रक्रिया की कृपया प्रतीक्षा की जाए जहां संवैधानिक रूप से इस तरह के पुनर्विचार की अनुमति है। हलफनामे के अनुसार, प्रधानमंत्री इस विषय पर व्यक्त अनेक विचारों से अवगत रहे हैं और उन्होंने समय-समय पर अनेक मंचों पर नागरिक स्वतंत्रताओं तथा मानवाधिकारों के सम्मान के पक्ष में अपना स्पष्ट रुख व्यक्त किया है। इसमें कहा गया कि प्रधानमंत्री ने बार-बार कहा है कि विविधतापूर्ण विचारों का यहां बड़ी खूबसूरती से आकार लेना देश की एक ताकत है।

### राज्यों, हितधारकों से चर्चा के...

धारा 2 सी के तहत छह समुदायों को अल्पसंख्यक समुदायों के रूप में अधिसूचित किया है। हलफनामे में कहा गया, रिट याचिका में शामिल प्रश्न के पूरे देश में दूरगामी प्रभाव हैं और इसलिए हितधारकों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बिना लिया गया कोई भी कदम देश के लिए एक अनपेक्षित जटिलता पैदा कर सकता है। हलफनामे के मुताबिक, अल्पसंख्यकों को अधिसूचित करने की शक्ति केंद्र सरकार के पास है, लेकिन याचिकाओं में उठाए गए मुद्दों के संबंध में केंद्र सरकार द्वारा अपनाए जाने वाले रुख को राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा।

### झारखंड की आईएएस पूजा...

सिन्हा पर भारतीय दंड संहिता की आपराधिक धाराओं के तहत धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार से संबंधित आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। उस पर आरोप है कि एक अप्रैल 2008 से 21 मार्च 2011 तक कनिष्ठ अभियंता रहते हुए उसने सार्वजनिक धन का गबन किया और इसका अपने तथा अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर निवेश किया। एजेंसी ने पहले कहा था कि उक्त धनराशि खूंटी जिले में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत सरकारी परियोजनाओं के निष्पादन के लिए निर्धारित की गई थी। सिन्हा ने ईडी को बताया कि उसने जिला प्रशासन को पांच प्रतिशत कमीशन दिया था। ईडी ने कहा है कि सिंघल के खिलाफ तब अनियमितताओं के विभिन्न आरोप लगाए गए थे जब वह 2007-2013 के बीच चतरा, खूंटी और पलामू की उपायुक्त जिलाधिकारी थीं।

### आलोचना जरूरी, लेकिन...

इसमें राजनीति, सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण, अर्थव्यवस्था, संगठन, किसान एवं कृषि तथा युवा एवं सशक्तीकरण से जुड़ी समन्वय समितियों के संयोजकों ने वो एजेंडा भी रखा जिन पर चिंतन शिविर में मंथन होगा। बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि यह चिंतन शिविर कोई एक गंतव्य नहीं होगा, बल्कि एक लंबी यात्रा की शुरुआत होगी और यह एक मील का पत्थर भी होगा। उन्होंने बताया कि मल्लिकार्जुन खड़गे ने राजनतिक मुद्दों, चिदम्बरम ने आर्थिक मुद्दों, भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कृषि से संबंधित मुद्दों पर जानकारी दी। इसके साथ ही सलमान खुर्शीद ने एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दों पर बात की, मुकुल वासनिक ने संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और अमरिंदर सिंह राजा वड़िग ने युवाओं से जुड़े मुद्दों पर बात की। उन्होंने कहा कि 15 मई को जो उदयपुर नवसंकल्प सामने आएगा उसमें संगठन के पुनर्गठन की बात होगी और वह एक कार्य योजना होगी। रमेश ने जोर देकर कहा, यह राजनीतिक चिंतन शिविर है। यह कदम उठाने से जुड़ा है। इसमें कोई प्रस्ताव नहीं, बल्कि कार्ययोजना सामने आएगी। रमेश के अनुसार, इस चिंतन शिविर में हम दो साल के निर्णय ले रहे हैं। हमारा मकसद 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के संगठन को तैयार करना है।

कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने बताया कि चिंतन शिविर में कुल 422 नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति के सभी सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य एवं स्थाई आमंत्रित सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, विधानमंडल दल के नेता, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, पूर्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, संयुक्त सचिव, पार्टी के विभिन्न विभागों के प्रमुख, महिला कांग्रेस की सभी पदाधिकारी, युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारी, एनएसयूआई के सभी पदाधिकारी तथा समन्वय समितियों के सदस्य और कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा चयनित लोग शामिल होंगे। सुरजेवाला के अनुसार, चिंतन शिविर में शामिल होने वाले 50 फीसदी लोग 50 साल से कम आयु के हैं और इनमें भी करीब आधे 40 साल से कम उम्र के हैं। इनमें से 21 प्रतिशत महिलाएं हैं। समाज के भिन्न-भिन्न वर्गों से जुड़े लोगों को भी बुलाया गया है ताकि भारत की विविधता प्रतिबिंबित हो सके। उन्होंने बताया कि सीडब्ल्यूसी की बैठक में दो निर्णय किए गए। डिजिटल सदस्यता अभियान लगभग संपन्न हो चुका है। ऐसे में इसके लिए कांग्रेस के संविधान में संशोधन की जरूरत थी और इसका अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही यह फैसला भी हुआ कि पार्टी की लद्दाख इकाई का गठन किया जाएगा।

### देश की 90% जनसंख्या...

वे वर्तमान में उच्च संक्रमण संख्या के साथ एक कठिन दौर से गुजर रहे हैं, उदाहरण के लिए, दक्षिण कोरिया, हांगकांग और चीन। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा स्थिति चिंता का कारण नहीं है। चौथी लहर तभी आ सकती है जब कोई नया उत्परिवर्ती हो जो प्राकृतिक प्रतिरक्षा को महत्वपूर्ण रूप से दरकिनार कर दे। बेशक, कुछ सावधानियां बरतने की सलाह दी जाती है।

# सीमावर्ती इलाकों के विकास पर जोर : शाह

**भाषा** । गुवाहाटी



**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए प्रयासरत है। असम के दो दिवसीय दौरे पर आए शाह ने मनकाचर सेक्टर में असम-बांग्लादेश सीमा पर स्थिति की समीक्षा की और यहां एक गोपनीय बैठक में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अभियान संबंधी रणनीतियों पर चर्चा की।

गृह मंत्री ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास की कमी की वजह से लोगों का विस्थापन हो रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन क्षेत्रों में विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात बीएसएफ कर्मियों को सुरक्षा मजबूत करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक मुहैया कराई जाएंगी। शाह अपनी इस यात्रा में इस पूर्वोत्तर राज्य में अनेक कार्यक्रमों में शामिल हो सकते हैं। वह हिमंत बिस्व सरमा नीत सरकार के एक वर्ष पूरा होने के मौके पर आयोजित समारोहों में भी भाग ले सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री रविवार रात को गुवाहाटी पहुंचे थे। वह तामुलपुर जिले के केलेंची में केंद्रीय सशस्त्र अर्द्धसैनिक बल (सीएपीएफ) के लिए केंद्रीय कार्यशाला और भंडारगृहों के शिलान्यास समारोह में भाग लेंगे। वह बाद में कामरूप जिले के अमीनगांव में जनगणना कार्यालय का तथा शाम को गौहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुपरस्पेशियलिटी कार्डियोथोरेसिक और न्यूरोसाइंस केंद्र का उद्घाटन करेंगे। शाह मंगलवार को गुवाहाटी में एक समारोह में असम पुलिस को राष्ट्रपति का ध्वज (प्रेसीडेंट्स कलर) प्रदान करेंगे तथा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों से बातचीत भी करेंगे। शाह मंगलवार की शाम को नई दिल्ली लौट सकते हैं।

# औरंगाबाद नगर निकाय ने निर्माण गतिविधियों में ताजे पानी के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया

**भाषा** । औरंगाबाद

**महाराष्ट्र के** औरंगाबाद में नगर निकाय ने मराठवाड़ा के सबसे बड़े शहर में पानी की कमी से निपटने के लिए निर्माण गतिविधियों में ताजे पानी के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। आयुक्त आस्तिक कुमार पांडे ने संवाददाताओं से कहा कि औरंगाबाद नगर निगम (एएमसी) महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) से रोजाना 30 लाख लीटर (एमएलडी) अतिरिक्त पानी की आपूर्ति करने की मांग करेगा।

पांडे के मुताबिक, औरंगाबाद में जल आपूर्ति के प्रबंधन के लिए 30 सूत्री कार्यक्रम लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले तीन से चार वर्षों में शहर के जल आपूर्ति तंत्र और क्षमता को बढ़ावा देने के लिए कुछ खास कदम नहीं उठाए गए हैं। पांडे ने कहा, पानी की कमी से निपटने के लिए हमने एएमसी के दायरे में आने वाले क्षेत्रों में निर्माण गतिविधियों में ताजे पानी के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। कम से कम अगले दो से तीन महीने तक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के पानी का इस्तेमाल करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर स्विमिंग पूल पर भी पाबंदियां लागू की जा सकती हैं, लेकिन नगर निकाय कोविड-19 महामारी के बाद शहर में आम जनजीवन के पटरी पर लौटने की प्रक्रिया में खलल नहीं डालना चाहता है। पांडे के अनुसार, प्रशासन ने निजी और सरकारी नियंत्रण वाले कुओं के अधिग्रहण की योजना बनाई है। जल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए जिम्मेदार लाइनमैन पर नजर रखने के लिए अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। इस बीच, औरंगाबाद के संभागीय आयुक्त सुनील केंद्रेकर ने हरसुल झील में जल आपूर्ति ले जुड़े कार्यों को तेजी से निपटाने के निर्देश दिए।

## क्विक न्यूज

### खरगोन हिंसा के तीन मुख्य आरोपी गिरफ्तार, अब तक 182 लोग पकड़े गए

**खरगोन।** मध्य प्रदेश के खरगोन शहर में पिछले महीने रामनवमी समारोह के दौरान हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खरगोन में अस्थाई रूप से तैनात किए गए विशेष सशस्त्र बल के कमांडेट अंकित जायसवाल ने रविवार देर रात पत्रकारों को बताया कि दस अप्रैल को हुई हिंसा के सिलसिले में दर्ज 72 मामलों में अब तक 182 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। दस अप्रैल को शहर में रामनवमी के जुलूस के दौरान और बाद में सांप्रदायिक झड़पे हुई थी। जायसवाल ने कहा कि शहर के आनंद नगर में हिंसा को उकसाने के मुख्य आरोपियों में से एक इकबाल बानी और भटवाड़ी इलाके में दंगों के मुख्य आरोपी अफजल को क्रमशः जावरा (रतलाम जिला) और इंदौर से जबकि एक अन्य मुख्य आरोपी अर्श उर्फ कैफ को खरगोन जिले के कसरावद कस्बे से गिरफ्तार किया गया है। पिछले महीने हिंसा के बाद शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया था और 24 दिन बाद चार मई की शाम को इसे हटाया गया।

### सीमा पर घुसपैठ रोकने में मदद करने के लिए वीएनएल ने वायरलेस प्रणाली विकसित की

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ से निपटने के लिए विहान नेटवर्क्स लिमिटेड (वीएनएल) ने एक वायरलेस निगरानी प्रणाली विकसित करने में सफलता हासिल की है। कंपनी का दावा है कि इस प्रणाली की मदद से सुरक्षाबल रियल टाइम में दूर बैठे ही सीमा पर पैनी नजर रख सकेंगे। घाटी में लगभग तीन दशक पहले पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की शुरुआत के बाद जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ की कोशिशों ने सुरक्षाबलों के सामने हमेशा चुनौती पेश की है। वीएनएल ने कहा कि आतंकवादी घुसपैठ के खतरे को ध्यान में रखते हुए कंपनी एक वायरलेस घुसपैठ निगरानी प्रणाली लेकर आई है। वीएनएल भारत की प्रमुख और एकमात्र ऐसी कंपनी है, जिसने वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए एंड-टू-एंड जीएसएम, एलटीई और ब्रॉडबैंड नेटवर्क प्रणालियों की विस्तृत शृंखला तैयार करने में कामयाबी हासिल की है। कंपनी के मुताबिक, वायरलेस घुसपैठ निगरानी प्रणाली में एक एकीकृत और सर्वव्यापी प्रणाली शामिल है, जिसे पेरिमीटर इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम (पीआईडीएस) नाम दिया गया है। वीएनएल ने बताया कि पीआईडीएस एक वायरलेस प्रणाली है, जिसमें खुफिया, निगरानी और टोही उपकरण मौजूद है, जो अधिकारियों को दूर बैठे अहम स्थानों की रियल टाइम निगरानी करने और उन पर नियंत्रण बनाए रखने में सक्षम बनाते है। कंपनी ने जम्मू-कश्मीर के ऊधमपुर में बीते हफ्ते सेना की उत्तरी कमान के मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय नॉर्थ टेक सिम्पोजियम में इस प्रणाली का प्रदर्शन किया था। उसने सोमवार को कहा, एकीकृत रियल टाइम घुसपैठ निगरानी प्रणाली सुरक्षाबलों को सभी मौसम में इंसान के जीवन को खतरे में डाले बगैर निर्धारित इलाके पर प्रभावी रूप से नजर रखने में सक्षम बनाती है।

### मैं प्रशांत किशोर पर ध्यान नहीं देता: तेजस्वी

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने अपने पिता और पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद को लेकर प्रशांत किशोर के इस बयान पर नाराजगी जताई है कि उन्होंने सत्ता में रहते हुए आर्थिक विकास की अनदेखी की। तेजस्वी ने कहा कि वह चुनावी रणनीतिकार किशोर पर कोई ध्यान ही नहीं देते। किशोर ने पिछले सप्ताह अर्द्ध-राजनीतिक मंच जन सुराज की शुरुआत की है जो उनके मुताबिक बाद में पूर्ण रूपेण राजनीतिक दल बन सकता है और चुनाव लड़ सकता है। किशोर ने कहा है कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने वंचितों को सशक्त बनाया, लेकिन आर्थिक विकास की अनदेखी की। उन्होंने कहा कि मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास किया लेकिन अपेक्षाओं पर खरे नही उतरे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए तेजस्वी ने कहा, वह (किशोर) क्या कहते है और करते है, मै ध्यान नही देता। वह कौन है? वह बिहार में कभी मुद्दा रहे ही नही। तेजस्वी यादव ने 2015 के विधानसभा चुनाव से सक्रियता दिखानी शुरू की थी जब लालू प्रसाद और नीतीश कुमार ने मिलकर चुनाव लड़ा था और किशोर पेशेवर तौर पर उनकी सहायता कर रहे थे। राजद नेता से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस बयान के बारे में भी पूछा गया कि कोरेना महामारी का संकट समाप्त होने के बाद नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू किया जाएगा जिस पर नीतीश कुमार का रुख अस्पष्ट है। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा, कुमार की पार्टी ने संसद में सीएए के समर्थन में मतदान किया है। मेरी पार्टी ने इसका विरोध किया था। इसलिए हमें इस मुद्दे पर सफाई देने की कोई जरूरत नही है। लेकिन, मुख्यमंत्री को जरूरी स्पष्टीकरण देना होगा। नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यू) ने सीएए के समर्थन में मतदान किया था, लेकिन मुख्यमंत्री देशभर में प्रस्तावित राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के विरोध में रहे है।

# एनआईए ने कई जगहों पर छापेमारी के बाद छोटा शकील के एक साथी को हिरासत में लिया

**भाषा** । मुंबई

**राष्ट्रीय अन्वेषण** अभिकरण (एनआईए) ने गैंगस्टर छोटा शकील के साथी सलीम कुरैशी उर्फ सलीम फ्रूट को सोमवार सुबह मुंबई में हिरासत में ले लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने इससे पहले भगौड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के साथियों के खिलाफ मुंबई और पड़ोसी जिले ठाणे में 20 से अधिक जगहों पर छापेमारी की थी। अधिकारियों के मुताबिक, एनआईए ने कुरैशी को उसके दक्षिण मुंबई के भिंडी बाजार इलाके स्थित आवास से हिरासत में लिया। कुरैशी छोटा शकील की पत्नी की बहन का पति है। अधिकारी ने कहा कि एजेंसी ने हाजी अली दरगाह और माहिम दरगाह के ट्रस्टी सोहेल खंडवानी को भी माहिम इलाके में उनके आवास से हिरासत में लिया।

उन्होंने कहा कि एनआईए अधिकारियों की एक टीम ने खंडवानी के माहिम स्थित कार्यालय पर भी छापेमारी की और बिल्डर असलम सोरतिया और बीफ निर्यातक फरीद कुरैशी सहित कई लोगों से पूछताछ की। अधिकारी ने कहा कि बांद्रा और माहिम इलाकों में रहने वाले कुछ अन्य लोगों से भी पूछताछ की गई। केंद्रीय एजेंसी ने दाऊद इब्राहिम के साथियों के खिलाफ मुंबई के नागपाड़ा इलाके स्थित एक हाउसिंग सोसायटी, भिंडी बाजार, सांताक्रूज, माहिम और गोरेगांव के अलावा ठाणे के मुंब्रा तथा अन्य स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारी ने बताया कि कई हवाला ऑपरेटर और मादक पदार्थ तस्करों के कथित तौर पर दाऊद इब्राहिम के साथ संबंध हैं। गौरतलब है कि इस साल फरवरी में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दाऊद इब्राहिम के खिलाफ दर्ज धन शोधन के एक मामले की जांच के दौरान कुरैशी से पूछताछ भी की थी।

# कर्नाटक के मंदिरों में हनुमान चालीसा, भक्ति गीत बजाए गए


**भाषा** । बेंगलुरु

● **मस्जिदों में अनाधिकृत तरीके से लगे लाउडस्पीकरों का हिन्दू संगठनों ने किया विरोध**

**कर्नाटक के** विभिन्न हिस्सों में मस्जिदों में अनधिकृत तरीके से लगे लाउडस्पीकर के विरोध में सोमवार को कुछ हिंदू समूहों ने अभियान शुरू किया। इस बीच, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने अधिकारियों को उच्चतम न्यायालय के आदेश का कड़ाई से पालन कराने का निर्देश दिया। इससे पहले कांग्रेस पार्टी के मुस्लिम नेताओं ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी।

राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारियों, गृह और विधि विभाग के अधिकारियों के साथ होने वाली बैठक से पहले बोम्मई ने कहा कि उन्होंने उच्चतम न्यायालय के लाउडस्पीकर के संदर्भ में दिए गए फैसले को लागू करने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले, सुबह श्री राम सेना सहित हिंदू समूहों के अभियान के तहत राज्य के अलग-अलग हिस्सों के मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुप्रभात, ओमकारा और भक्ती गीत बजाए गए। इस समूहों ने आरोप लगाया है कि सरकार मस्जिदों में लगे लाउडस्पीकर के खिलाफ कार्वाई करने में असफल रही है। मस्जिदों में लाउडस्पीकर पर सुबह की अजान सुनाए जाने के विरोध में तड़के करीब पांच बजे मंदिरों में मौजूद लोगों ने भजन बजाए। बेंगलुरु, हुबली, बेलगावी, मैसूर, चिक्कमंगलुरु, यादगीर, मांड्या और कोलार सहित विभिन्न स्थानों के मंदिरों से ऐसी घटनाओं की खबरें मिली हैं। बेंगलुरु सहित कुछ स्थानों पर हिंदू कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा हिरासत में भी लिया गया। बोम्मई ने कहा, अजान के संबंध में , उच्चतम न्यायालय का फैसला है जो सभी पर लागू होता है। इसे सौहार्द्रपूर्ण माहौल में लागू किया जाना चाहिए। हम देख रहे हैं अन्य राज्यों में क्या हुआ है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, उच्चतम न्यायालय के आदेश को कैसे लागू करना है इसको लेकर उच्च न्यायालय का भी आदेश है। मैंने अधिकारियों को कड़ाई से आदेश का पालन कराने को कहा है। मेरी अधिकारियों के साथ बैठक होने वाली है और एक बार फिर हम स्पष्ट निर्देश देंगे। श्रीराम सेना के प्रमुख प्रमोद मुतालिक ने कहा कि अभियान सरकार और हठी मुस्लिम समुदाय के खिलाफ है। उन्होंने मैसूर के अंजनेय मंदिर में सुबह की प्रार्थना में हिस्सा लिया था। मुतालिक ने कहा, हम लाउडस्पीकर से समाज, छात्रों और मरीजों को होने वाली परेशानियों के बारे में पिछले एक साल से आगाह कर रहे हैं। हमने इस बारे में मुसलमानों को भी बताया, लेकिन स्थिति वैसी ही बनी रही। उन्होंने कहा, नोटिस जारी करने के अलावा कोई कार्वाई नहीं की गई। यह एक ड्रामा था। यहां तक कि आज सुबह पांच बजे भी मस्जिदों ने लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किया। मुतालिक ने आरोप लगाया कि दिन में चार अन्य अवधि में होने वाली अजान की ध्वनि तय सीमा के तहत कम नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा, हमारी लड़ाई आज ही शुरू हुई है। अगर अब भी कोई कार्वाई नहीं की गई तो हम उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर करेंगे, क्योंकि यह उच्चतम न्यायालय के आदेश का उल्लंघन है। मुतालिक ने कहा, यह तालिबान की हुकूमत या पाकिस्तान, अफगानिस्तान नहीं है। यह भारत है और यहां संविधान तथा कानून का शासन है। इस बीच, गृह मंत्री अरगा ज्ञानेंद्र ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाली किसी भी गतिविधि को नियंत्रित करने के लिए अदालत के आदेशों के अनुसार कड़ी कार्वाई की जाएगी। इससे पहले कर्नाटक कांग्रेस के मुस्लिम नेताओं ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समाज में शांति और सदभाव बनाए रखने के लए जरूरी एहतियाती कदम उठाने की मांग की। विधानसभा में कांग्रेस के उप नेता यूटी खादर के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

# पृथ्वीराज शैक्षणिक फिल्म है, स्कूलों में दिखाई जानी चाहिए: अक्षय



**भाषा** । मुंबई

**बॉलीवुड अभिनेता** अक्षय कुमार ने सोमवार को कहा कि उनकी आने वाली फिल्म पृथ्वीराज को स्कूलों में दिखाना अनिवार्य किया जाना चाहिए। इस फिल्म का लेखन व निर्देशन चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने किया है और अक्षय कुमार ने इसमें पृथ्वीराज की भूमिका निभाई है। फिल्म का ट्रेलर जारी होने के मौके पर 54 वर्षीय अभिनेता ने कहा कि उन्होंने पृथ्वीराज रासो किताब के जरिए पृथ्वीराज के जीवन और उस काल के बारे में जाना है और यह अनुभव किया कि लोग कितना कम इस शासक के बारे में जानते हैं।

कुमार ने संवाददाताओं से कहा, मुझे डॉ.साहब (द्विवेदी) ने पृथ्वीराज रासो किताब पढ़ने के लिए दी थी। मैंने धीरे-धीरे किताब पढ़ी और अनुभव किया कि वह कितने बड़े योद्धा थे। लेकिन जब हम इतिहास में उनके बारे में पढ़ते हैं तो उन्हें एक पैराग्राफ तक सीमित पाते हैं। उन्होंने कहा कि पृथ्वीराज को एक शैक्षणिक फिल्म कहना गलत नहीं होगा और उन्होंने उम्मीद जताई की युवा पीढ़ी इतिहास को बेहतर तरीके से समझने के लिए इस फिल्म को देखेगी। कुमार ने कहा, आज , मैं चाहता हूं कि न केवल भारत का बल्कि पूरी दुनिया का हर बच्चा इस फिल्म को देखे। यह शैक्षणिक फिल्म है। आपको अपने बच्चे को दिखाना चाहिए कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान की कहानी क्या थी। मैं इस फिल्म में काम करके गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। अगर मेरी मां यहां होतीं, तो गौरवान्वित महसूस करतीं। अक्षय कुमार की मां का पिछले साल निधन हो गया था।

# सोमैया की पत्नी ने राउत के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी

**मुंबई।** महाराष्ट्र भाजपा के नेता किरीट सोमैया की पत्नी ने सोमवार को शिवसेना सांसद संजय राउत के खिलाफ एक लिखित शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि उन्होंने मीडिया में उनके खिलाफ दुर्भावनापूर्ण बयान दिया है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि डॉ. मेधा सोमैया ने दावा किया कि अप्रैल के मध्य में कथित शौचालय घोटाले के बारे में बात करते हुए राउत ने उनके खिलाफ दुर्भावनापूर्ण बयान दिए थे। मेधा ने मुलुंड (पूर्व) पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत दर्ज कराने के दौरान उनके पति किरीट सोमैया और बेटे नील सोमैया भी उनके साथ थे। शिकायत के अनुसार शिवसेना के राज्यसभा सांसद राउत ने कहा था, डॉ मेधा सोमैया और युवक प्रतिष्ठान (एक गैर सरकारी संगठन) 100 करोड़ रुपए के शौचालय घोटाले में लिप्त हैं, पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा डॉ मेधा सोमैया और युवक प्रतिष्ठान के 100 करोड़ रुपए के शौचालय घोटाले की जांच के आदेश देने वाली है। मेधा ने आरोप लगाया कि शिवसेना सांसद ने इसके अलावा भी उनके खिलाफ कई अन्य दुर्भावनापूर्ण बयान दिए। अधिकारी ने बताया कि मेधा सोमैया ने राउत के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 503, 506 और 509 के तहत मामला दर्ज करने की मांग की।

# विशेष अदालत ने राणा दंपति को 18 मई को पेश होने का निर्देश दिया

**भाषा** । मुंबई



नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष से भेंट करते राणा दंपती

**एक विशेष** अदालत ने राजद्रोह मामले में आरोपी निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को सोमवार को नोटिस जारी करते हुए मुंबई पुलिस की उस अर्जी पर जवाब मांगा, जिसमें उनकी जमानत को रद्द किए जाने का अनुरोध किया गया है। अदालत ने उन्हें 18 मई को उसके समक्ष पेश होने के लिए भी कहा है। राणा दंपति के खिलाफ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के आवास के बाहर हनुमान चालीसा के पाठ का आह्वान करने को लेकर हुए विवाद के बाद राजद्रोह का मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस ने दंपति की जमानत को इस आधार पर रद्द करने का अनुरोध किया कि दोनों ने पिछले सप्ताह जमानत दिए जाते समय विशेष अदालत द्वारा उन पर लगाई गई शर्तों में से एक का कथित तौर पर उल्लंघन किया है। विशेष न्यायाधीश आर एन रोकड़े ने विशेष लोक अभियोजक प्रदीप घरात की दलीलों पर सोमवार को संक्षिप्त सुनवाई की, राणा दंपति को नोटिस जारी किया तथा उन्हें 18 मई को अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा, प्रतिवादियों (नवनीत राणा और रवि राणा) को 18 मई को इस अदालत के समक्ष पेश होने के लिए नोटिस जारी किया जाता है। महाराष्ट्र के अमरावती लोकसभा सीट से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और बदनेरा से विधायक उनके पति रवि राणा को मुंबई पुलिस ने 23 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। दोनों ने ऐलान किया था कि वे बांद्रा में उद्धव ठाकरे के निजी आवास मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। हालांकि बाद में प्रधानमंत्री की मुंबई यात्रा के मद्देनजर उन्होंने अपनी योजना वापस ले ली थी। राणा दंपती के खिलाफ विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता पैदा करने और राजद्रोह के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। विशेष अदालत ने चार मई को दंपति को जमानत दे दी थी। हालांकि, उसने दंपति पर कुछ शर्तें लागू की थीं, जिसमें ऐसी ही घटना न दोहराना और मीडिया से बातचीत न करना शामिल है। उपनगर खार की पुलिस ने सोमवार को विशेष लोक अभियोजक प्रदीप घरात के जरिए एक अर्जी दायर कर अदालत से दंपति की जमानत रद्द करने का अनुरोध करते हुए दावा किया कि उन्होंने मीडिया से बातचीत न करने की शर्त का कथित तौर पर उल्लंघन किया है। घरात ने कहा, आरोपियों (नवनीत राणा और रवि राणा) ने जमानत पर रिहा होने के बाद मीडिया को साक्षात्कार दिए। इस तरह उन्होंने जमानत देते समय विशेष अदालत द्वारा लगाई गई शर्त का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा, हम अदालत से जमानत रद्द करने और आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी करने का अनुरोध कर रहे हैं। हम उन्हें तत्काल हिरासत में दिए जाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने अदालत को बताया कि राणा दंपति अब दिल्ली गए हैं। पुलिस ने अपनी अर्जी में कहा कि अदालत ने आरोपियों को जमानत देते हुए कहा था कि अगर उसके द्वारा लगाई किसी भी शर्त का उल्लंघन होता है तो उनकी जमानत रद्द कर दी जाएगी। पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने जेल से बाहर आने के तुरंत बाद मीडिया से कहा था कि अगर हनुमान चालीसा पढ़ना अपराध है तो वे 14 वर्षों तक जेल में

# वीआईटी-एपी विवि ने पर्यावरण पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया

**अमरावती।** वीआईटी-एपी विश्वविद्यालय ने पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और जियो क्लाइमेट रिस्क सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से पर्यावरण के संकट और भविष्य के उलझनें विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। यह दो दिवसीय वर्चुअल सम्मेलन शनिवार 7 मई को शुरू हुआ और 8 मई को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि संजय जल्ला मिशन प्रमुख पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वीआईटी-एपी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एसवी कोटा रेड्डी की उपस्थिति में किया। अपने भाषण के दौरान जल्ला ने कहाकि यदि मौसम में हो रहे नकारात्मक परिवर्तनों और उसके दुष्प्रभावों से निजात पाना हो तो हमें वातावरण के लिये हानिकारक उत्पादों तथा प्राकृतिक संसाधनों के अनावश्यक उपभोग पर अंकुश लगाना होगा। इस सम्मेलन में डॉ. रजनीश मिश्रा, डीन वीआईटी एपी स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज एंड ह्यूमैनिटीज, डॉ. सुष्मिता श्यामसुंदर एसोसियेट डीनए डॉ. तानिया चक्रवर्ती, डॉ. अरेंकला किचू, डॉ. प्रियंका घोष, कनका हिमाबिंदु, पोट्टुमुथु और अन्य विद्वान भी उपस्थित थे। यह सम्मेलन पर्यावरण को केन्द्र में रख समाज के अत्यावश्यक सुविधाओं को प्रदान करने हेतु अनुकूल योजनाओं, आर्थिक एवं कानूनी नीतियों को अपनाने जैसे विषयों पर संवाद को जारी रखा।

# न्यायमूर्ति धूलिया और पारदीवाला ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की शपथ ली

**भाषा** । नई दिल्ली



**गुवाहाटी उच्च** न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जमशेद बी पारदीवाला ने सोमवार को यहां उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय में एक बार फिर न्यायाधीशों की संख्या 34 हो गई है, जो शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या है। भारत के प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण ने शीर्ष अदालत के अतिरिक्त भवन परिसर के नवनिर्मित सभागार में एक समारोह के दौरान न्यायमूर्ति धूलिया और न्यायमूर्ति पारदीवाला को पद की शपथ दिलाई।

न्यायमूर्ति धूलिया और न्यायमूर्ति पारदीवाला की नियुक्ति के साथ ही शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की कुल संख्या फिर से 34 हो गई है जो उसकी स्वीकृत संख्या है। न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी के इस साल चार जनवरी को सेवानिवृत्त होने के बाद उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 32 हो गई थी। उच्चतम न्यायालय के सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि न्यायमूर्ति पारदीवाला दो साल से अधिक समय तक प्रधान न्यायाधीश के रूप में काम करेंगे। उत्तराखंड से पदोन्नत होने वाले दूसरे न्यायाधीश न्यायमूर्ति धूलिया राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित फिल्म निर्देशक और अभिनेता तिग्मांशु धूलिया के भाई हैं। उनका कार्यकाल तीन साल से थोड़ा अधिक होगा। प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम द्वारा दो उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश के बाद केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। शनिवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के कार्यालय की ओर से जारी अलग-अलग अधिसूचनाओं के माध्यम से उनकी नियुक्तियों की घोषणा की गई। प्रधान न्यायाधीश ने दो और न्यायाधीशों की नियुक्ति के साथ अब तक शीर्ष अदालत के 11 न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाकर इतिहास रच दिया है। न्यायमूर्ति पारदीवाला शीर्ष अदालत की शोभा बढ़ाने वाले पारसी समुदाय के चौथे और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर के बाद, उच्च न्यायालय के, अल्पसंख्यक समुदाय के पहले न्यायाधीश होंगे, जिन्हें पिछले पांच वर्षों में पदोन्नत किया गया है। न्यायमूर्ति नजीर को फरवरी 2017 में सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत किया गया था। दस अगस्त 1960 को जन्मे न्यायमूर्ति धूलिया उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के सुदूरवर्ती गांव मदनपुर के रहने वाले हैं। उन्होंने 1986 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से वकालत शुरू की थी। सैनिक स्कूल, लखनऊके पूर्व छात्र न्यायमूर्ति धूलिया ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक और विधि स्नातक की पढ़ाई की। न्यायमूर्ति धूलिया उत्तराखंड उच्च न्यायालय में पहले मुख्य स्थाई वकील थे और बाद में अतिरिक्त महाधिवक्ता बने। वह नवंबर 2008 में उसी उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत हुए थे। बाद में वह 10 जनवरी, 2021 को असम, मिजोरम, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बने। 12 अगस्त 1965 को जन्में न्यायमूर्ति पारदीवाला ने 1990 में गुजरात उच्च न्यायालय में वकालत शुरू की थी। प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण इस साल 26 अगस्त को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। वह पिछले साल अगस्त से अब तक रिकॉर्ड 11 नामों की सर्वसम्मति से सिफारिश करने के लिए पांच-न्यायाधीशों के कॉलेजियम में आम सहमति बनाने में सफल रहे हैं। 17 नवंबर, 2019 को तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की सेवानिवृत्ति के बाद शीर्ष अदालत को एक भी न्यायाधीश नहीं मिला था। प्रधान न्यायाधीश रमण के पदभार संभालने के समय यहां नौ रिक्तियां थीं और उच्च न्यायालयों में लगभग 600 रिक्तियां थीं। कॉलेजियम ने तब पिछले साल अगस्त में उच्चतम न्यायालय में नौ रिक्त पदों को एक बार में भरना सुनिश्चित किया। इन नौ न्यायाधीशों में शामिल तीन महिला न्यायाधीशों में से एक न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना देश की पहली महिला प्रधान न्यायाधीश बनेंगी। वर्ष 1950 में शीर्ष अदालत की स्थापना के बाद से 2022 ऐसा दूसरा वर्ष होने जा रहा है, जिसमें तीन अलग-अलग प्रधान न्यायाधीश कुछ ही महीने तक पद पर रहेंगे। न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित 26 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे मौजूदा प्रधान न्यायाधीश का स्थान लेंगे। न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित का कार्यकाल दो महीने से थोड़ा अधिक होगा। नवंबर में न्यायमूर्ति ललित की सेवानिवृत्ति के बाद न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ का दो साल से अधिक की अवधि के लिए प्रधान न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभालने का मार्ग प्रशस्त होगा। न्यायमूर्ति विनीत सरन और न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव के क्रमशः 10 मई और सात जून को सेवानिवृत्त होने के साथ ही शीर्ष अदालत में जल्द ही और रिक्तियां हो जाएंगी। न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर और न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी इस साल क्रमशः जुलाई और सितंबर में सेवानिवृत्त होंगे।

# ब्लादिमीर पुतिन ने विजय दिवस परेड की सलामी ली



मॉस्को में रशिया के राष्ट्रपति विजय दिवस के उपलक्ष्य परेड की सलामी लेने पहुंचे

**भाषा।** जापोरिज्जिया (यूक्रेन)

**यूक्रेन** के दक्षिणी बंदरगाह शहर मारियुपोल पर कब्जे की कोशिशों में रूसी सेना ने सोमवार को अपने हमले और तेज किए। रूसी हमलों में तेजी ऐसे समय आई है जब मॉस्को में विजय दिवस का जश्न मनाया जा रहा है। मारियुपोल में समुद्र तट पर स्थित अजोवस्तल इस्पात संयंत्र शहर का एकमात्र हिस्सा है जो रूसी नियंत्रण में नहीं है। युद्ध के 11वें सप्ताह में रूसी बलों ने इस्पात संयंत्र पर हमले तेज कर दिए हैं। उनका मुकाबला करने के लिए वहां करीब 2,000 यूक्रेनी लड़ाके तैनात हैं। यूक्रेन अगर यहां अपना कब्जा गंवाता है तो इसका मतलब होगा कि उसने एक अहम बंदरगाह खो दिया जिससे रूस क्रीमियाई प्रायद्वीप तक जमीनी गलियारा स्थापित करने में सक्षम हो जाएगा। रूस ने 2014 में यूक्रेन के क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था। यूक्रेनी सेना के जनरल स्टाफ ने मिसाइलों से हमले की अत्यधिक आशंका को लेकर चेतावनी दी है और कहा कि जापोरिज्जिया में रूस के नियंत्रण वाले इलाकों में रूसी सैनिक बिना किसी कारण के स्थानीय लोगों के व्यक्तिगत दस्तावेजों को जब्त कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रूसी सैनिक दस्तावेज जब्त कर रहे हैं जिससे निवासियों को विजय दिवस आयोजनों में शामिल होने के लिए बाध्य किया जा सके। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने हाल में आगाह किया था कि रूसी हमले विजय दिवस पर और बढ़ सकते हैं। रूस द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर तत्कालीन सोवियत संघ की जीत की याद में विजय दिवस मनाता है। यह जीत नौ मई को ही हासिल की गई थी। रूसियों के बारे में संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने सीएनएन से कहा, उनके पास जश्न मनाने की कोई वजह नहीं है।

### रूस की कार्रवाई पश्चिमी देशों की नीतियों के खिलाफ जवाब: पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्वाई को पश्चिमी देशों की नीतियों के खिलाफ जवाब करार दिया है। पुतिन ने विजय दिवस के मौके पर सोमवार को यह बयान दिया। रूस द्वितीय विश्व युद्ध में नाजियों पर तत्कालीन सोवियत संघ की जीत की याद में विजय दिवस मनाता है। यह जीत नौ मई को हासिल की गई थी। पुतिन ने नाजी सैनिकों के खिलाफ रेड आर्मी की लड़ाई की तुलना यूक्रेन में रूसी सेना की कार्वाई से की। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में अभियान संभावित आक्रमण को रोकने के लिए सही समय पर की गई उचित कार्वाई है। पुतिन ने कहा कि रूसी सैनिक यूक्रेन में देश की सुरक्षा के लिए लड़ रहे हैं। इसके बाद, युद्ध में जान गंवाने वाले सैनिकों के सम्मान में एक मिनट का मौन रखा गया। विजय दिवस के मौके पर सोमवार को रेड स्क्वायर से एक सैन्य परेड का आयोजन किया गया, जैसा कि हर साल किया जाता है। सैन्य परेड में टैंक, बख्तरबंद वाहन, विशाल अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों को ले जाने वाले वाहन आदि नजर आए। इस साल विजय दिवस पर सैनिकों की टुकड़ियां और हथियार कम नजर आए, क्योंकि अभी यूक्रेन में रूस का सैन्य अभियान चल रहा है और उसके अधिकतर सैनिक तथा हथियार यूक्रेन में तथा उसकी सीमाओं पर तैनात हैं।

## यूक्रेन में रूसी बल ने तेज किए हमले

**जापोरिज्जिया (यूक्रेन)।** रूसी सेना ने दक्षिणी यूक्रेन के बंदरगाह शहर मारियुपोल पर पूरी तरह से कब्जा करने के लिए सोमवार को अपने हमले तेज कर दिए। हमले ऐसे समय में तेज किए गए हैं, जब रूस अपना विजय दिवस मनाने की तैयारी में है। रूस द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर तत्कालीन सोवियत संघ की जीत की याद में विजय दिवस मनाता है। यह जीत नौ मई को ही हासिल की गई थी। मारियुपोल में समुद्र तट पर स्थित विशाल इस्पात संयंत्र, शहर का एकमात्र हिस्सा है जो रूसी नियंत्रण में नहीं है। युद्ध के 11वें सप्ताह में रूसी बलों ने इस्पात संयंत्र पर हमले तेज कर दिए हैं। उनका मुकाबला करने के लिए वहां करीब 2,000 यूक्रेनी लड़ाके तैनात हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने हाल के दिनों में आगाह किया था कि रूसी हमले विजय दिवस पर और बढ़ सकते हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन विजय दिवस पर रेड स्क्वायर पर अपने सैनिकों को संबोधित करते हुए यूक्रेन में किसी तरह की बड़ी उपलब्धी की घोषणा करना चाहते हैं। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने सीएनएन से कहा, उनके पास जश्न मनाने की कोई वजह नहीं है। वे यूक्रेन को हराने में कामयाब नहीं हुए हैं। वे दुनिया या नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) को बांटने में कामयाब नहीं हुए। वे केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को अलग-थलग करने और दुनिया भर में एक बहिष्कृत देश बनने में कामयाब हुए हैं। हालांकि, कई मोर्चों पर लड़ाई जारी है और रूस, मारियुपोल में जीत के सबसे करीब है। इस्पात संयंत्र में मौजूद यूक्रेन के लड़ाकों ने वहां से निकलने के लिए रूसी बलों द्वारा दी गई समय-सीमा को मानने से इनकार कर दिया था। युद्धक विमानों, तोपखानों और टैंक से हमले किए जा रहे हैं। यूक्रेन के आज़ोव रेजिमेंट के डिप्टी कमांडर कैप्टन स्वीतोस्लाव पालमार ने कहा, हम पर लगातार गोलाबारी की जा रही है। आज़ोव रेजिमेंट के एक अन्य सदस्य लेफ्टिनेंट इल्या समोइलेंको ने कहा, आत्मसमर्पण अस्वीकार्य है, क्योंकि हम दुश्मन को ऐसा तोहफा नहीं दे सकते। मारियुपोल में एक इस्पात संयंत्र के नीचे बंकरों में शरण लिए नागरिकों का अंतिम जत्था भी रविवार देर रात जापोरिज्जिया शहर पहुंच गया था।

## यूक्रेन जल्द विजय दिवस मनाएगा: जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने द्वितीय विश्वयुद्ध में नाजियों की हार की याद में मनाए जाने वाले विजय दिवस के अवसर पर सोमवार को देशवासियों के लिए वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने अपने संदेश में वादा किया कि यूक्रेन जल्द ही दो विजय दिवस मनाएगा। युद्धग्रस्त यूक्रेन की जनता को संबोधित करते हुए जेलेंस्की ने कहा, हम कभी नहीं भूल सकते कि हमारे पूर्वजों ने द्वितीय विश्वयुद्ध में क्या किया। 80 लाख से अधिक यूक्रेनियाई लोगों की मौत हुई। हर पांचवा यूक्रेनियाई घर नहीं लौटा। कुल मिलाकर युद्ध में कम से कम पांच करोड़ लोगों की जान गई। हम नहीं कहते कि हम इसे दोहराएंगे। जेलेंस्की ने जोर देकर कहा कि यूक्रेन में जल्द ही दो विजय दिवस होंगे। हम तब जीते थे और आज भी जीतेंगे। उन्होंने यह बयान रूस की यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्वाई के संदर्भ में दिया।

## स्कूल पर बमबारी में 60 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका

**जापोरिज्जिया (यूक्रेन)।** यूक्रेन में एक स्कूल पर बमबारी में 60 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका है। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे पहले रूस ने रविवार को दक्षिणी यूक्रेन के बंदरगाह शहर मारियुपोल पर पूरी तरह से कब्जा करने की कोशिश की थी। समुद्र तट पर स्थित विशाल इस्पात मिल, शहर का एकमात्र हिस्सा है जो रूसी नियंत्रण में नहीं है। यहां करीब 2,000 यूक्रेनी लड़ाके हैं। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि वह शनिवार को बिलोहोरिवका के पूर्वी गांव में कथित रूप से एक स्कूल पर हुई बमबारी से स्तब्ध हैं और यह इस बात को दर्शाता है कि युद्ध में सबसे अधिक कीमत नागरिक ही चुकाते हैं। लुहान्स्क प्रांत के गवर्नर ऐर्हिए हैदी ने टेलीग्राम ऐप पर बताया कि इस स्कूल में बने तहखाने में करीब 90 लोगों ने शरण ले रखी थी। आपात सेवा कर्मियों को दो शव बरामद हुए हैं और 30 लोगों को उन्होंने वहां से निकाला है, लेकिन मलबे में दबे अन्य 60 लोगों के मारे जाने की आशंका है। उन्होंने बताया कि प्राइविलिया में रूसी गोलाबारी में भी 11 और 14 वर्ष के दो लड़के मारे गए। लुहान्स्क, औद्योगिक केंद्र डोनबास का हिस्सा है जिस पर रूस कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। रूस नौ मई , द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर तत्कालीन सोवियत संघ की जीत को विजय दिवस के रूप में मनाता है और उसने इस साल इसे मनाने की पूरी तैयारी की है। इस बीच, पश्चिम देशों के नेताओं और मशहूर हस्तियों के एक समूह ने एकजुटता व्यक्त करने के लिए यूक्रेन का औचक दौरा किया।

## मारियुपोल में इस्पात संयंत्र में छिपा नागरिकों का अंतिम जत्था भी जापोरिज्जिया पहुंचा

**जापोरिज्जिया (यूक्रेन)।** यूक्रेन के तबाह हो चुके बंदरगाह शहर मारियुपोल में एक इस्पात संयंत्र के नीचे बंकरों में शरण लिए नागरिकों का अंतिम जत्था भी रविवार देर रात जापोरिज्जिया शहर पहुंचा। बंकरों से निकाले गए लोगों ने लगातार बमबारी, भोजन की कमी और भोजन पकाने के लिए ईंधन के तौर पर हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने की बात कही। जापोरिज्जिया की सुनसान सड़कों पर रात के घने अंधेरे के बीच 10 बसें मारियुपोल इलाके से 174 लोगों को लेकर पहुंचीं। इनमें अजोवस्तल इस्पात संयंत्र से अंतिम दिन बचाए गए 51 में से 30 नागरिक शामिल थे। ऐसा अनुमान है कि इस संयंत्र में यूक्रेन के तकरीबन 2,000 लड़ाके फंसे हुए हैं। अजोवस्तल में 10 मार्च से शरण लिए 69 वर्षीय ल्युबोव आंद्रोपोवा ने कहा, बंकरों में हालात बहुत भयंकर थे। छत से पानी टपकता था। हम बच्चों के लिए, उनके फेफड़ों के लिए चिंतित थे। उन्होंने बताया कि लगातार बमबारी हो रही थी और ऐसी आशंका थी कि बंकर ढह जाएगा। समुद्र किनारे स्थित यह इस्पात संयंत्र ही मारियुपोल में इकलौता हिस्सा है जो रूस के नियंत्रण में नहीं है। इसमें बनी गहरी सुरंगों और बंकरों के कारण कई नागरिकों ने इसे लगातार हो रही बमबारी से छिपने के लिए सुरक्षित जगह के तौर पर चुना। यूक्रेन में 24 फरवरी को युद्ध शुरू होने के कुछ दिनों बाद ही दिमित्रो स्वीदाकोव ने अपनी पत्नी और 12 साल की बेटी के साथ बंकरों में शरण ले ली थी। उन्होंने बताया कि करीब 50-60 लोगों के साथ एक बंकर में रहते हुए पहला डेढ़ महीना तो ठीक था लेकिन फिर बमबारी तेज हो गई। भोजन की कमी होने लगी और भोजन पकाने के लिए ईंधन की भी कमी होने लगी लेकिन फिर उन्हें हैंड सैनेटाइजर मिला जो कोरोना वायरस महामारी के कारण पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध था और ईंधन का अच्छा विकल्प है।

# कोविड के घटते मामलों के बावजूद शंघाई में लॉकडाउन सख्त किया गया

**भाषा।** बीजिंग

**कोविड**-19 महामारी के कारण एक महीने के सख्त लॉकडाउन से उबर रहे शंघाई में अधिकारियों ने एक बार फिर वायरस रोधी पाबंदियां कड़ी कर दी हैं। कई जिलों में जारी नोटिस में कहा गया कि निवासियों को घर में रहने का आदेश दिया गया है और कम से कम बुधवार तक चलने वाली इस अवधि के दौरान गैर-जरूरी आपूर्तियां प्राप्त करने पर रोक लगाई गई है। नोटिस के मुताबिक बड़े पैमाने पर होने वाली जांच के नतीजों के आधार पर सख्त उपायों की अवधि को बढ़ाया भी जा सकता है। हुआंगपु जिले में जारी एक नोटिस में कहा गया, आपकी समझ व सहयोग के लिए धन्यवाद। साथ मिलकर हम जल्द लॉकडाउन खत्म कर सकते हैं।

### ताइवान के पूर्वी तट पर भूकंप के तेज झटके, सुनामी का खतरा नहीं

ताइपे। ताइवान के पूर्वी तट पर सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। हालांकि भूकंप से किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूकंप के कारण राजधानी ताइपे में इमारतें हिल गईं। उन्होंने बताया कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। ताइवान के केंद्रीय मौसम ब्यूरो ने कहा कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 मापी गई और इसका केन्द्र हुलिएन शहर से लगभग 90 किलोमीटर दूर 27 किलोमीटर की गहराई में था। ब्यूरो ने बताया कि ताइपे समेत पूर्वोत्तर ताइवान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए।

### दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून ने अपने विदाई संबोधन में उत्तर कोरिया के साथ शांति का आह्वान किया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जेई इन ने उत्तर कोरिया से बातचीत की अपनी नीति का बचाव करते हुए सोमवार को अपने विदाई संबोधन में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि कोरियाई प्रायद्वीप में शांति बहाली और परमाणु विसैन्ईकरण के प्रयास जारी रहेंगे। मून जे-इन मंगलवार को अपने पांच साल के कार्यकाल के बाद पद छोड़ रहे हैं और उन्होंने रूढ़िवादी यूं सुक एओल को राष्ट्रपति के अधिकार और जिम्मेदारियां सौंप दीं।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Preeti Kaushal D/o Late Krishan Kumar Kaushal Cont. 9999197227, R/o. GG2-48A, Vikas Puri Delhi, has applied conversion of aforesaid property from lease hold to free hold in DDA. Original Property Paper of GG2-48A, Vikas Puri Delhi, issued by DDA, and House Key, 1000 Cash, ATM Card, Cell, Sim, have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 28/04/2022. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact- Deputy Director (GH) C-Block, 2nd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) FORCE TTFBP FORCE UP16ET5742- YOM 2017 MINIMUM RESERVE PRICE 471218
2) FORCE TTFBP FORCE UP16GT7962- YOM 2020 MINIMUM RESERVE PRICE 840904
3) FORCE TTFBP FORCE UP16DT1585- YOM 2015 MINIMUM RESERVE PRICE 364050
4) FORCETTFB FORCE DL1VC2104 - YOM 2014 MINIMUM RESERVE PRICE 288575
5) FORCETTFB DL1VC2247 - YOM 201 5 MINIMUM RESERVE PRICE 240479
6) FORCETTFB HR58B7576- YOM 2015 MINIMUM RESERVE PRICE 350412
7) CB_MAHINDRA_FURIO_11_ FULLY_BUILT- UP14HT8805 YOM 2019 MINIMUM RESERVE PRICE 897788
8) CB_SML SARTAJ UP15DT7330- YOM 2018 MINIMUM RESERVE PRICE 496142
9) TATA MOTOR LPT 2518 UK17CA2506- YOM 2012 MINIMUM RESERVE PRICE 159427
10) BOLERO_MUV UP14JT5634 - YOM 2020 MINIMUM RESERVE PRICE 346058
11 EICHER 10.95 UP14GT3720- YOM 2017 MINIMUM RESERVE PRICE 410842
12) PRO_2110 EICHR_VECV HR38AB3917- YOM 2021 MINIMUM RESERVE PRICE 1012500
13) TLPT1109FB UP14HT 7369- YOM 2019 MINIMUM RESERVE PRICE 748308
14) SM_SAMRAT UP14JT0863- YOM 2019 MINIMUM RESERVE PRICE 629826
15) TATAL_3118 HR38AB2418 / HR38AB9053 / HR38AB2313/ HR38AB7340/ HR38AB8548- YOM 2019 MINIMUM RESERVE PRICE 1057500 (PER VEHICLE)

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 25.05.2022 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313

OR CONTACT : RAJESH ANTIL KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT / 09711173320 EMAIL-rajesh.antil@kotak.com

# कमजोर वैश्विक रुख, रिलायंस में बिकवाली से सेंसेक्स 365 अंक और टूटा

**भाषा।** मुंबई

**वैश्विक** बाजारों के कमजोर संकेतों और घरेलू स्तर पर दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बड़े नुकसान से स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा और मानक सूचकांक सेंसेक्स करीब 365 अंक लुढ़क गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, विदेशी कोषों का भारतीय शेयर बाजारों से निकासी का सिलसिला जारी रहने और डॉलर के मुकाबले रुपए के अब तक के निम्नतम स्तर पर आने से भी कारोबारी धारणा पर असर पड़ा। तीस शेयरों वाला सूचकांक बीएसई सेंसेक्स कारोबार के अंत में 364.91 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 54,470.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 917.56 अंक तक फिसलते हुए 53,918.02 अंक पर आ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 109.40 अंक यानी 0.67 प्रतिशत गिरकर 16,301.85 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज को सर्वाधिक 3.97 फीसदी का नुकसान उठाना पड़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मार्च तिमाही के नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहने से इसके शेयरों में बिकवाली देखी गई। रिलायंस ने शुक्रवार को घोषित अपने तिमाही नतीजों में शुद्ध लाभ 22.5 फीसदी बढ़कर 16,203 करोड़ रुपए रहने की जानकारी दी थी। हालांकि, इसका शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही की तुलना में 12.6 फीसदी घट गया। इसके अलावा नेस्ले, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के शेयर भी 2.97 प्रतिशत तक के नुकसान में रहे। इसके उलट पावरग्रिड कॉरपोरेशन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व और एचडीएफसी के शेयर 2.83 फीसदी तक की बढ़त पर रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ब्याज दरों में वृद्धि और बढ़ते बॉन्ड प्रतिफल से अमेरिकी डॉलर सूचकांक में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने निवेशकों को जोखिम लेने से रोकने का काम किया है। निवेशक सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों का रुख करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप 1.67 फीसदी गिर गया जबकि मिडकैप में 1.89 प्रतिशत की गिरावट आई। कुल 2,416 कंपनियों के शेयर गिरावट में रहे, जबकि 1,052 कंपनियों में बढ़त देखी गई। वहीं 146 कंपनियों के शेयर अपरिवर्तित रहे। बीएसई के अधिकांश खंडों के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। ऊर्जा क्षेत्र में 2.47 फीसदी और यूटिलिटी क्षेत्र में 2.46 फीसदी की गिरावट रही।

**एलआईसी आईपीओ**

# पात्र संस्थागत खरीदारों के हिस्से को निर्गम के अंतिम दिन मिला पूर्ण अभिदान

**भाषा।** नई दिल्ली

- **इस निर्गम को दोगुना से अधिक अभी तक अभिदान मिला**

**भारतीय** जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के तहत पात्र संस्थागत खरीदार (क्यूआईबी) के लिए आरक्षित शेयरों को सोमवार को, निर्गम के अंतिम दिन पूर्ण अभिदान मिला। कुल मिलाकर इस निर्गम को दोगुना से अधिक अभिदान मिल चुका है। शेयर बाजार पर उपलब्ध 12 बजकर 12 मिनट तक के आंकड़ों के मुताबिक 3,95,31,236 आरक्षित शेयरों के लिए 4,61,62,185 बोलियां मिलीं जो 1.17 गुना अभिदान दर्शाता है। गैर-संस्थागत निवेशकों वाले हिस्से को 1.38 गुना अभिदान मिला, खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित 6.9 करोड़ शेयरों के लिए 11.89 करोड़ बोलियां मिलीं। पॉलिसीधारकों वाले हिस्से को 5.39 गुना और कर्मचारियों वाले हिस्से को चार गुना अभिदान मिला। कुल मिलाकर एलआईसी के निर्गम को 2.05 गुना अभिदान मिला। इसमें 16,20,78,067 शेयरों के लिए 33,19,04,280 बोलियां मिलीं। एलआईसी ने चार मई को खुले इस निर्गम के लिए 902-949 रुपए प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया हुआ है। इस निर्गम में 3.5 फीसदी हिस्सेदारी की बिक्री से सरकार को 21,000 करोड़ रुपए जुटने की उम्मीद है। पॉलिसीधारकों वाले हिस्से को 5.39 गुना और कर्मचारियों वाले हिस्से को चार गुना अभिदान मिला। कुल मिलाकर एलआईसी के निर्गम को 2.05 गुना अभिदान मिला।

# जन सुरक्षा योजनाओं ने बीमा, पेंशन को आम आदमी तक पहुंचाया: सीतारमण

**भाषा।** नई दिल्ली

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि तीन जन सुरक्षा योजनाओं- प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना ने बीमा और पेंशन सुविधा को आम आदमी की पहुंच में लाने का काम किया है। सीतारमण ने इन तीनों सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की सातवीं वर्षगांठ के मौके पर कहा कि बीते सात वर्षों में इन योजनाओं के तहत नामांकित एवं लाभान्वित होने वाले लोगों की संख्या इनकी सफलता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ मई, 2015 को इन तीनों योजनाओं की शुरुआत की थी। वित्त मंत्री ने कहा, जीवन ज्योति बीमा योजना शुरू होने के बाद से अब तक 12.76 करोड़ लोगों ने बीमा कवर के लिए नामांकन कराया है। इस दौरान 5,76,121 लोगों के परिवारों को दावे के रूप में 11,522 करोड़ रुपए मिले हैं। यह योजना कम आय वाले परिवारों के लिए महामारी के दौरान बेहद उपयोगी साबित हुई। वित्त वर्ष 2020-21 में भुगतान किए गए लगभग 50 प्रतिशत दावे कोविड-19 महामारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों ने किए थे।

### सरकार की ओला, उबर के साथ बैठक

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि सरकार ने ऑनलाइन कैब सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों ओला और उबर की मंगलवार को बैठक बुलाई है। इसमें किराए की गणना, अधिक कीमत (सर्ज प्राइस), यात्रा रद्द करने और ग्राहक संबंधी डेटा की सुरक्षा के लिए उनके द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में बात की जाएगी। कैब सेवा प्रदाताओं के खिलाफ उपभोक्ताओं की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए यह बैठक बुलाई गई है। ए शिकायतें व्यापार में कथित अनुचित आचरण से जुड़ी हैं। इसका एक उदाहरण यह है कि कैब ड्राइवर यात्रा पर जाने से इनकार करने की स्थिति में उपभोक्ताओं को बुकिंग रद्द करने और जुर्माना वहन करने के लिए मजबूर करते हैं। सिंह ने मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम से इतर कहा, हमने कैब सेवा प्रदाताओं से यात्रा रद्द करने पर लगने वाला जुर्माना, सर्ज प्राइस और किराए की गणना के बारे में जानकारी मांगी है। उन्होंने कहा, हमने यह भी पूछा है कि एक स्थल से दूसरे स्थल पर जाने के लिए अलग-अलग लोगों से भिन्न शुल्क क्यों वसूला जाता है। मंत्रालय इन कंपनियों से यह भी पूछेगी कि उन्होंने अपने मंचों पर ग्राहकों के डेटा की सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं या नहीं।

# रिसाइकिल इंडिया अभियान को हरी झंडी दिखाई

**नई दिल्ली।** भारत को वैश्विक पुनर्चक्रण केंद्र बनाने की दिशा में मटेरियल रिसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफइंडिया (एमआरएआई) भारत में सर्कुलर इकोनॉमी और टिकाऊ रीसाइक्लिंग संचालन की दिशा में काम करने वाले उत्प्रेरक के रूप में रहा है। दिल्ली में 9वें आईएमआरसी सम्मेलन ने 2030 तक भारत को एक हरित महाशक्ति बनाने के लिए बढ़ती चिंताओं को संबोधित किया। एमआरएआई ने उत्पादन स्तर पर कचरे के पृथक्करण, न्यूनतम प्रतिशत का उपयोग जैसे मुद्दों को संबोधित करने की मांग की। भारत में प्रत्येक विनिर्माण गतिविधि में पुनर्चक्र ण योग्य स्क्रैप, भारत में रीसाइक्लिंग पार्क, क्लस्टर स्थापित करना और भारत सरकार के तहत रीसाइक्लिंग विभाग के लिए एक उद्योग का दर्जा और निकट भविष्य में कच्चे माल के लिए जीएसटी को 18 फीसदी से 5 फीसदी तक संशोधित करना जैसे मामलों पर ध्यान देने पर जोर दिया। एमआरएआई ने रिसाइकिल इंडिया अभियान को भी हरी झंडी दिखाई और भारत सरकार से जन जागरूकता के कारण को अपनाने की मांग की। कार्यक्रम के तीसरे दिन के पूर्ण सत्र के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उनके अतिरिक्त अन्य गणमान्य व्यक्ति जो इस कार्यक्रम में उपस्थित थे, वे थे डॉ. भागवत कराड वित्त राज्य मंत्री, आलोक टंडन, सचिव खान मंत्रालय। इस अवसर पर बोलते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि भारत में पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र का वाहन स्क्रैपिंग केंद्र हब बनने की क्षमता है। सभी शहर के केंद्रों से 150 किमी की पहुंच के भीतर एक वाहन स्क्रैपिंग सेंटर विकसित करना है।

# माप-तौल में गड़बड़ी को अपराध से बाहर करने पर सहमति बनाएं राज्य: गोयल

**भाषा।** नई दिल्ली

**खाद्य** एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने विधिक माप-विज्ञान अधिनियम, 2009 के तहत उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और इसे सरल बनाने पर जोर देते हुए राज्यों को इसपर सहमति बनाने को कहा है। गोयल ने विधिक माप-विज्ञान अधिनियम, 2009 पर राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए माप-तौल में गड़बड़ी से संबंधित गतिविधियों को आपराधिक कृत्य की श्रेणी से बाहर लाने की जरूरत है। इसके लिए राज्यों को आम-सहमति बनाने की कोशिश करनी चाहिए ताकि संशोधित प्रारूप को सार्वजनिक विमर्श के लिए रखा जा सके। हालांकि, उन्होंने कहा कि कुछ राज्य इसे अपराध की श्रेणी से बाहर करने के प्रस्ताव का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं एवं उद्योगों के बीच संतुलन बनाने के लिए लाए गए इस प्रस्ताव पर चर्चा के लिए आयोजित इस कार्यशाला में कुछ राज्यों के मंत्री नहीं शामिल हुए हैं। उन्होंने इस पर अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि कुछ राज्य इस मुद्दे को उतनी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

### आईटी नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई पर रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उच्च न्यायालयों में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर और न्यायमूर्ति ए एस ओका की पीठ ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 या केबल टीवी नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 से जुड़े मामलों में यह आदेश दिया। पीठ अभद्र भाषा के मुद्दे को उठाने और ओटीटी (ओवर द टॉप) मंचों के नियमन की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा, हम उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित मामलों में आगे की सुनवाई पर रोक लगाने का निर्देश देते हैं। पीठ अब 19 मई को सुनवाई करेगी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि इस मामले में शीर्ष अदालत में कई याचिकाएं लंबित हैं। कुछ उच्च न्यायालयों ने वैधानिक नियमों पर रोक लगा दी है और केंद्र ने उन आदेशों के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर की है। जिन याचिकाओं पर अभी तक नोटिस जारी नहीं हुए थे, पीठ ने उन पर नोटिस भी जारी किए।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली—110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बलविंदर सिंह कोहली, सतिन्दर कौर कोहली, वीरेन्दर कोहली, नौशेर सिंह कोहली, फरहाद सिंह कोहली, शहजादी कोहली, साहेबजादी कोहली, बराज सिंह कोहली, मकान नंबर 928, सेक्टर-39, पंजाब सरकार सर्किट हाउस, चंडीगढ़/खाता नंबर :- LBLUD00002118951 | फ्लैट नंबर 703, 7वां तल, ब्लॉक नंबर 21, हेरिटेज सिटी, ग्राम सिरहौल, तहसील एवं जिला गुरुग्राम, हरियाणा | 26-03-2022 रू. 1,32,58,766/- | 07/06/2021 |
| 2. | बलविंदर सिंह कोहली, सतिन्दर कौर कोहली, वीरेन्दर कोहली, नौशेर सिंह कोहली, फरहाद सिंह कोहली, शहजादी कोहली, साहेबजादी कोहली, बराज सिंह कोहली, मकान नंबर 928, सेक्टर-39, पंजाब सरकार सर्किट हाउस, चंडीगढ़/खाता नंबर :- LBLUD00002417322 | फ्लैट नंबर 703, 7वां तल, ब्लॉक नंबर 21, हेरिटेज सिटी, ग्राम सिरहौल, तहसील एवं जिला गुरुग्राम, हरियाणा | 26-03-2022 रू. 39,56,383/- | 07/06/2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 10 मई, 2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : गुरूग्राम — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# तेजाब हमले में पति-पत्नी गंभीर,तीन गिरफ्तार, एसओ-एसआई निलंबित

**भाषा।** पीलीभीत

**पीलीभीत** जिले में एक नाबालिग से हुई छेड़खानी के मामले में समझौता न करने पर उसके माता-पिता पर आरोपियों के परिवार वालों ने कथित रूप से तेजाब डाल दिया। पुलिस अधीक्षक दिनेश प्रभु ने मीडिया को बताया कि इस प्रकरण में पांच आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभु के अनुसार मामले में लापरवाही बरतने पर गजरौला थानाध्यक्ष तेजपाल एवं सुहास पुलिस चौकी प्रभारी लोकेश कुमार को निलंबित का दिया गया है। उन्होंने बताया कि गजरौला थाने में बेटी के पिता ने छह मई को राजेश के खिलाफ छेड़खानी और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जो इस घटना के बाद से गांव से भाग गया था। पुलिस के अनुसार सोमवार को अदालत में लड़की का बयान दर्ज किया जाना था, लेकिन उससे पहले ही रविवार रात पांच लोगों ने लड़की के पिता नन्हें लाल (42) एवं उसकी माता लक्ष्मी (40) पर तेजाब फेंक दिया। दोनों की हालत गंभीर है। प्रभु ने बताया कि तेजाब हमले के सिलसिले में पांच लोगों-- अजय, छोटेलाल, रामकिशन,गुड्डू, हरिशंकर निवासी ग्राम अझारी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है जिनमें तीन लोंगो को

### ● पीलीभीत जिले में नाबालिग से हुई छेड़खानी के मामले में समझौता न करने पर हुई घटना

गिरफ्तार किया जा चुका हैं।गजरौला पुलिस के अनुसार आरोप है कि पीड़िता के माता-पिता गांव में अपने घर के आंगन में सो रहे थे। पीड़िता और उसके दो सगे भाई और दादी कमरे में सो रहे थे। हमलावार रविवार की रात में घर में घुसे और सोते समय पीड़िता के माता-पिता पर तेजाब डाल दिया। तेजाब पड़ने से उन दोनों के बिस्तर जल गए और चेहरे झुलस गए। इस बीच शोर सुनते ही आरोपी हमलावर भाग गए। पुलिस के मुताबिक तेजाब से झुलसे पीड़िता के माता-पिता को एबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। पीड़िता के पिता नन्हें लाल एवं माता लक्ष्मी गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। हालात खराब होने पर उन्हें राममूर्ति मेडिकल कालेज भोजीपुरा बरेली भेजा गया है।इस घटना के बाद बरेली परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक रमित शर्मा ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर कड़ी कार्वाई का निर्देश दिया है।

**दहेज के लिए महिला की हत्या, चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज।** मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर जिले के जनसठ क्षेत्र के सलारपुर गांव में दहेज के लिए महिला की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला के भाई राशिद ने प्राथमिकी दर्ज कराई है,जिसमें उसने कहा है कि उसकी बहन शबाना (28) की हत्या पति शौकीन और ससुराल वालों ने कर दी और उसका शव कमरे में फंदे से लटका दिया और मामले को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। राशिद ने आरोप लगाया कि शौकीन और उनके परिवार की दहेज की मांग को पूरा नहीं कर पाने के कारण उसकी बहन की हत्या कर दी गई।पुलिस ने बताया कि राशिद की शिकायत पर शौकीन, उसके पिता साबिर और मां समेत चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

**महिला से बलात्कार के आरोप में रिश्तेदार गिरफ्तार:** बलिया। बलिया जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 23 वर्षीय विवाहिता के साथ बलात्कार करने के आरोप में उसके एक निकट संबंधी को गिरफ्तार किया गया है। रसड़ा के पुलिस उपाधीक्षक शिव नारायण वैस ने सोमवार को बताया कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रविवार शाम महिला घर में अपने बच्चे के साथ सो रही थी, तभी उसके जेठ का लड़का अश्वनी राम वहां पहुंचा तथा महिला के घर में अकेले होने का लाभ उठाकर उसके साथ बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि घटना के समय महिला का पति मजदूरी करने के लिए गया हुआ था। महिला के पति की शिकायत पर अश्वनी राम के विरुद्ध सोमवार को नामजद मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने महिला को चिकित्सकीय जांच के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**सुलतानपुर में एक क्विंटल कथित गोमांस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार: सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले के गोसाईगंज थानाक्षेत्र में पुलिस ने अर्जुनपुर चौधरी का पुरवा गांव के एक मकान पर छापा मारकर वहां से एक क्विंटल (सौ किलोग्राम) कथित गोमांस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। गोसाईगंज थाने के पुलिस उप-निरीक्षक भीमबली यादव ने सोमवार को बताया कि रविवार को यह जानकारी मिली कि अर्जुनपुर चौधरी का पुरवा गांव के एक मकान में कुछ लोग गोकशी कर रहे हैं जिसके बाद पुलिस टीम ने उपरोक्त मकान पर छापा मारकर सत्तन एवं आजाद को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि दो लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। यादव के अनुसार पुलिस ने पकड़े गए लोगों के पास से एक क्विंटल प्रतिबंधित मांस, चार धारदार हथियार एवं अन्य सामग्री बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

**कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष सीजेएम न्यायालय में हुए पेश, मिली सजा, फिर जमानत :संतकबीरनगर।** कांग्रेस नेता परवेज खान को 6 माह कारावास और रू0 900 अर्थदंड से दंडित करने का आदेश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिखा रानी जयसवाल ने दिया। लोक अभियोजक शैलेश चतुर्वेदी और अच्युतानंद शुक्ल ने बताया कि गत 12 मार्च 2015 को कांग्रेस नेता परवेज खान अपने समर्थकों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग के आवागमन को बाधित कर दिए थे जिसके संबंध में थाना कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। मामले में विवेचक द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया गया। साक्षियो के साक्ष्य के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने परवेज खान को दंडित किया। परवेज खान ने द्वारा जमानत प्रस्तुत किया गया जिस पर उन्हें रिहा भी कर दिया गया। उनके साथ पूर्व सांसद सुरेंद्र यादव भी नामजद थे परंतु विचारण के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

# परिश्रम और तकनीक पर अमल करने वाले देश ही बढ़ रहे हैं आगे



**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**गांधी** फ़ैज़.ए.आम कॉलेज में युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट फोन वितरण योजना.2021.22 के अंतर्गत कैबिनेट मंत्री तथा वित एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के हाथों परास्नातक उत्तरार्द्ध के छात्र.छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम अध्यक्ष महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सैयद मुईनुद्दीन ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न प्रदान करए पुष्प गुच्छ प्रदान कर तथा अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। एनसीसी के कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने छात्र.छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिश्रम और तकनीक का सहयोग ही सफलता है। दुनिया में वही देश प्रगति कर रहे हैं जो देश प्रेमए परिश्रम और तकनीक के साथ आगे बढ़ रहे हैं। जापान इस बात का प्रबल उदाहरण है। भारत एक ऐसा देश हैए जहाँ साक्षरता की दर अपेक्षाकृत कम है तथा ग्रामीण तथा शहरी आबादी के बीच का अंतराल काफी ज़्यादा है। ऐसे में तकनीकी प्रगति के लिए चुनौतियाँ काफी बड़ी है। इसी के मद्देनज़र उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी छात्र.छात्राओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए पहल की है। उन्होंने नई पीढ़ी को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि लापरवाही और समय की बर्बादी मानव जीवन का सबसे बड़ा पाप है। कर्मठताए लगन और लक्ष्य की प्रप्ति के प्रति दृढ़ निश्चयी होना ही हमें सफलता की ओर ले जाता है। मुख्य अतिथि ने आकृति गुप्ताए रोहित कुमारए चांदनीए संदीप कुमार वर्माए विपिन कुमारए नाज़िम हुसैनए लकी गुप्ताए अज़मी ख़ानए अभिषेक कुमारए तरनदीप कौरए अनन्या मिश्रा आदि को टैबलेट वितरित किए।प्राचार्य डॉ0 मोहम्मद तारिक़ ने आए हुए अतिथियों का स्वगत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 मंसूर अहमद सिद्दीक़ी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंध समिति के प्रबंधक मलिक अब्दुल वाहिद खाँए कोषाध्यक्ष सैयद ज़ुल्फ़िक़ार अलीए सैयद इफ़्तिख़ार हुसैनए पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर जमील अहमदए डॉ0 डीण् एसण् माथुरए मोहम्मद शाहनवाज़ खां सहित महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं मौजूद रहे।

## बाराबंकी में तीस फीट ऊंचे पेड़ पर चढ़ा तेंदुआ, वन विभाग की टीम मौके पर

**बाराबंकी** । बाराबंकी जिले में मोहम्मदपुर खाला थानाक्षेत्र के ग्रामा असंबा मजरे बसारी में सोमवार की सुबह एक तेंदुआ तराई के खेत में पहुंच गया और 30 फीट ऊंचे एक पेड़ पर चढ़ गया जिसे अभी तक उतारा नहीं जा सका है। जानकारी के अनुसार असंबा मजरे बसारी गांव में रामबिलास के मिर्ची के खेत में सोमवार सुबह ग्रामीणों ने एक तेंदुआ को लेटा देखा जिसे भगाने के लिए ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर तेंदुआ भागकर पास के खेत में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ पर चढ़ गया। तेंदुआ होने की बात फैलते ही ग्रामीण दहशत में होने के बावजूद मौके पर एकत्रित हो गए।सूचना मिलने पर वन विभाग के उपखंड अधिकारी (एसडीओ) डा. एनके सिंह वहां टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने बताया कि उस पेड़ के आसपास जाल बिछाया गया है, जहां तेंदुआ चढ़ा हुआ है। मौके पर पिंजरा एवं बेहोश करने वाली बंदूक भी मंगा ली गई है।प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) रुस्तम परवेज ने बताया कि टीम तेंदुए की निगरानी कर रही है। उन्होंने कहा कि तेंदुआ ज्यादा ऊंचाई पर बैठा है और अगर उसे बेहोश करने वाली बंदूक से बेहोश किया जाएगा तो गिरने से उसकी मौत हो सकती है,इसलिए उसके उतरने का इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि जैसे ही पेड़ से उतरेगा उसे बेहोश कर पकड़ लिया जाएगा। डीएफओ ने अनुमान जताया कि यह तेंदुआ पहले घाघरा और फिर सुमली नदी पार कर यहां तक पहुंचा है। करीब 12 घंटे से पेड़ पर चढ़े तेंदुए को देखने के लिए वहां सैकड़ों ग्रामीण एकत्र हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पेड़ के सबसे ऊपर बैठा तेंदुआ एक डाल टूटने से दूसरी डाल पर आकर रुका।उन्होंने कहा कि इसके बाद वह कूदकर एक अन्य डाल पर चला गया, वह कभी खड़ा रहता है तो कभी बैठ जाता है।

## इम्युनिटी को लेकर स्कूली बच्चों को किया जागरूक



**कानपुर** । महामारी से बचने और सुरक्षित रहने के लिये यहां पीएस गर्ल्स खलासी लाइन स्कूल में स्कूली बच्चों को जागरूक रहने के लिए इम्युनिटी सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में लगभग तीन सौ बच्चों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती हेमन संत सहित कई प्रमुख लोग भी मौजूद थे। बच्चों को बताया गया कि किस तरह वे हाइजीन और सेहतमंद आहार से अपनी इम्युनिटी बढ़ा सकते हैं। डाबर के फूड ड्रिंक डाबर वीटा की ओर से आयोजित इस सत्र में बताया गया कि अक्सर हम अपनी रोज़मर्रा में बैक्टीरिया और वायरस के संपर्क में आते हैं। हमारा इम्यून सिस्टम हमें इन कीटाणुओं से सुरक्षित रखकर बीमारियों से बचाता है। इस तरह किसी भी बैक्टीरिया या वायरस से लड़ने के लिए इम्युनिटी को मजबूत बनाना बहुत ज़रूरी है। अपनी इस पहल के मायध्म से हम बच्चों को इम्यूनिटी मजबूत बनाने के फायदे बताना चाहते हैंए इसके लिए हम उन्हें इम्युनिटी किट भी प्रदान की गयी। इस अवसर पर प्रशांत अग्रवाल ए मार्केटिंग हैड.हेल्थ सप्लीमेंट्स ने कहा स्कूलों में फिज़िकल क्लासेज़ फिर से शुरू हो गई हैंए ऐसे में हर बच्चे की इम्युनिटी को मजबूत बनाना बहुत ज़रूरी है। क्योंकि महामारी अभी भी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है। महामारी के दौरान साफ हो गया है कि वायरस से सुरक्षित रहने के लिए इम्युनिटी को मजबूत बनाना बहुत ज़रूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए डाबर वीटा ने भारत के पांच शहरों कोलकाताए पुणेए मुंबईए कानपुर और लखनऊ में जाने.माने एनजीओए स्कूलों के साथ हाथ मिलाया हैए ताकि बच्चों को बीमारियों से लड़ने के लिए मजबूत इम्यून सिस्टम के महत्व पर जागरुक बनाया जा सके।

## आत्महत्या के प्रयास को पुलिस ने विफल किया

**गाजियाबाद** । अपहृत बेटी का पता लगाने में विफल रहने पर पुलिस से नाराज 50 वर्षीय एक व्यक्ति ने सोमवार को यहां जिलाधिकारी आर के सिंह के सामने कलेक्ट्रेट में आत्मदाह करने की कोशिश की। यहां मधुबन बापू धाम क्षेत्र के संजय नगर के सेक्टर-23 के निवासी धर्मेंद्र कुमार (50) ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। जिलाधिकारी सिंह ने पुलिसकर्मियों के सहयोग से आत्महत्या के उनके प्रयास को नाकाम कर दिया। कुमार की नाबालिग बेटी की तलाश करने में पुलिस नाकाम रही। वह पुलिस की कार्यप्रणाली से परेशान थे। उनका कहना है कि बेटी को दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति ने अपहरण कर लिया था लेकिन पुलिस उसे तलाश नही कर पाई थी।अपर पुलिस अधीक्षक (प्रथम) निपुण अग्रवाल ने बताया कि कुमार की बेटी के लापता होने के सिलसिले में 18 अप्रैल को आरोपी के खिलाफ अपहरण संबंधी प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## जिला अस्पताल में जल्द हो डायलिसिस यूनिट का निर्माणः डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि जनपद में 54 कार्य निर्माण शेष चल रहे हैं। बैठक में शासकीय निर्माण निगम, राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, आजीविका मिशन का प्रशिक्षण केंद्र, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण का कार्यक्रम, मल्टीपरपज ऑडिटोरियम का निर्माण, बाल महिला संप्रेषण गृह का निर्माण, नंदी गौशाला नादी खेड़ा, जिला अस्पताल में डायलिसिस यूनिट का निर्माण, राजकीय हाई स्कूल टिकरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मऊ, पहाड़ी, जनपद चित्रकूट में कसहाई में बारात घर का निर्माण, बाल संप्रेषण गृह के लिए रोडवेज बस स्टॉप जल निगम ट्रांजिस्टर हास्पिटल, राजकीय पॉलिटेक्निक मानिकपुर, गोस्वामी तुलसीदास जी की कॉलेज में निर्माण का कार्य, जनपद चित्रकूट में ड्रग भवन निर्माण, नगर पंचायत भवन मऊ, मऊ सराय अकिल मार्ग पर यमुना नदी से महेवा घाट पर सेतु निर्माण, अग्निशमन भवन निर्माण मानिकपुर, जिला चित्रकूट में शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्र का सौदरीकरण का कार्य, मानसिक मंन्दित गृह सह प्रशिक्षण केंद्र, सर्किट भवन, बरगढ़ में आईटीआई, हार्दिकला में नवीन पुलिस चौकी का निर्माण, आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई ।

# तहसीलदार के खिलाफ पांच लाख रिश्वत मांगने का मामला हुआ दर्ज

### ● कलेक्ट्रेट से संबद्ध अर्दली को भी बनाया गया है आरोपी किया निलंबित

**बरेली।** बरेली सदर के तहसीलदार और उनके अर्दली के खिलाफ कथित तौर पर एक व्यक्ति से पांच लाख रुपए की रिश्वत मांगने का मामला दर्ज किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि आरोप है कि रुपयों की मांग इसलिए की जा रही थी ताकि भू-माफिया उस व्यक्ति की जमीन पर कब्जा न कर सकें। जिलाधिकारी शिवकांत द्विवेदी ने अर्दली को निलंबित कर सदर तहसीलदार को कलेक्ट्रेट से संबद कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान ने बताया कि रविवार देर रात कोतवाली थाने में सदर तहसीलदार शेर बहादुर सिंह, उनके अर्दली अबरार और एक अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दर्ज प्राथमिकी का हवाला देते हुए कहा कि मामला बरेली के वीर सावरकर नगर मोहल्ले का है, जहां पांच मई को सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके 720 वर्ग मीटर के भूखंड पर कुछ भू-माफियाओं की नजर है। उन्होंने तहसीलदार के कार्यालय में भी शिकायत की ताकि उनकी जमीन की नाप हो सके और भू-माफिया उस पर कब्जा न कर सकें। तहसीलदार सदर शेर बहादुर सिंह ने समस्या के निदान करने के बजाए अपने अर्दली अबरार से मिलने की सलाह दी। आरोप हैं कि अर्दली ने काम के एवज में तहसीलदार के नाम पर पांच लाख रुपए मांगे। उन्होंने बताया कि काम कराने के लिए तहसीलदार के अर्दली को 25 अप्रैल को एक लाख 80 हजार रुपए दिए। उन्होंने बताया कि काम कराने के लिए तहसीलदार के अर्दली को 25 अप्रैल को एक लाख 80 हजार रुपए दिए। इस बीच वीरेंद्र सिंह बिष्ट के सहयोगी प्रदीप यादव ने अर्दली की रूपए गिनते हुए वीडियो बना ली। ईद के बाद जब काम नहीं हुआ तो प्रदीप यादव और तहसीलदार के बीच तीखी नोकझोंक हुई और हाथापाई भी हो गई। इसके बाद, तहसील कार्यालय में काम करने वाले लखन सिंह ने यादव के खिलाफ मामला दर्ज कराया और उन्हें जेल भेज दिया गया।यादव ने कोतवाली थाने में शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।

## एसपी ने स्टार लगाकर 5 इंस्पेक्टरों को दी बधाई

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र द्वारा पुलिस कार्यालय पर श्रीमती सन्ध्यारानी तिवारी, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, दीपक दूबे, चन्दन कुमार व जुबेर अली को उपनिरीक्षक के पद से निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर निरीक्षक का स्टार / बैज लगाया गया तथा बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# किसानों से किए गए वादे अब तक पूरे नहीं हुए, एमएसपी पर कानून बनाए सरकारः सत्यपाल

**भाषा ।** मुजफ्फरनगर



**मेघालय के** राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने कहा है कि सरकार ने कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन को समाप्त कराने के लिए जो वादे किए थे उन्हें अभी तक पूरा नहीं किया गया है।

राज्यपाल ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून बनाने की वकालत की। मलिक ने कहा कि किसानों ने केवल दिल्ली में अपना धरना समाप्त किया है, लेकिन तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के खिलाफ उनका आंदोलन अभी भी जीवित है। मलिक ने रविवार शाम यहां संवाददाताओं से कहा,"सरकार द्वारा किसानों से किए गए वादे पूरे नहीं हुए हैं। सरकार को किसानों के मुद्दे को हल करने के लिए एमएसपी पर कानून बनाना चाहिए। उन्होंने कहा,"किसानों ने केवल दिल्ली से अपना धरना समाप्त किया है लेकिन उनका आंदोलन अभी भी जीवित है। गौरतलब है कि किसानों ने एमएसपी समेत अन्य वादों को लेकर पिछले साल दिसंबर में अपना आंदोलन वापस ले लिया था। भारतीय किसान यूनियन और अन्य किसान नेताओं ने कहा था कि वे राष्ट्रीय राजधानी छोड़ रहे हैं, लेकिन अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे आंदोलन फिर से शुरू करेंगे। मलिक ने महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों पर भी चर्चा की और कहा, मुख्य मुद्दों के बजाय,"अप्रासंगिकै मामलों पर चर्चा हो रही है। उन्होंने हिंदुओं और मुसलमानों से मिलकर रोजगार और ऐसे अन्य मामलों को उठाने के लिए कहा। मलिक बाघरा दरगाह भी गए और उन्होंने राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) और समाजवादी पार्टी (सपा) सहित कई दलों के नेताओं से मुलाकात की।

# कुदरहा ब्लॉक में मनरेगा श्रमिकों के सामने गहराया आर्थिक संकट

### ● अकेलाकुबेर पुर अभईपार, बानपुर, बारीघाट और बगही में विकास कार्य हुआ बाधित

### ● स्थानीय विधायक का कामकाज देख रहे सुशील दूबे ने बीडीओ को लिखा पत्र

**बस्ती।**...सवाल उठ रहा है, कि अगर मनरेगा में कार्य ही नहीं होगा तो मनरेगा श्रमिकों के परिवार का भरण-पोषण कैसे हो रहा हैं? जबकि गाइड लाइन के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कम से कम पांच कार्य अवश्य होने चाहिए। वैसे जब से एमएमएस यानि 'मोबाइल मैटिक सिस्टम' लागू हुआ तब से यह समस्या जिले के लगभग 90 फीसद ग्राम पंचायतों में हो रही है। कुदरहा ब्लॉक में भी शायद यही समस्या आ रही है। विधायक की ओर से कुदरहा ब्लॉक का कामकाज देखने के लिए नामित सुशील दूबे ने इस मामले में अकेलाकुबेरपुर, अभईपार, बानपुर, बारीघाट और बगही ग्राम पंचायतों में मनरेगा से कोई काम होने के कारण मनरेगा श्रमिकों के परिवार के सामने आ रही आर्थिक संकट का जिक्र करते हुए बीडीअअ लिखा है, और उनसे जिन ग्राम पंचायतों में मनरेगा से कार्य नहीं हो रहा है, या फिर कार्यो की स्वीकृति नहीं मिली है, उन ग्राम पंचायतों में काम शुरु करवाने और कार्यो की स्वीकृति देने की मांग की है। कहा कि काम न मिलने के कारण मनरेगा जॉब कार्डधारकों के सामने पलायन की स्थित उत्पन्न हो गई है। कहा कि काम न मिलने के कारण मनरेगा जॉब कार्डधारकों के सामने पलायन की स्थित उत्पन्न हो गई है। कहा कि अगर इए प्रकरण को गंभीरता से नहीं लिया गया तो इसकी जानकारी विधायक के जरिए मुख्यमंत्री को दी जाएगी।

## प्रशासन का ढाबे पर छापा

**बस्ती।** मोबाइल पर मिली सूचना के आधार पर डीएम सौम्या अग्रवाल ने एसडीएम सदर और खाद्य सुरक्षा की टीम भेजकर पालीटेक्निक के पास हरीओम ढ़ाबा पर छापा मरवाया। यह छापेमारी रविवार की रीमि लगभग दस बजे के आसपास हुई। डीएम को जानकारी दी गई कि इस ढ़ाबा का खानाकर लोग उलटी कर रहे है। छापामारने वाले दल को ग्राहकों ने बताया कि दाल मखनी एवं मिक्स वेज खाने के बाद उल्टी होने लगी। अधिकारियों द्वारा इसका नमूना लेकर राजकीय खाद्य प्रयोगशाला लखनऊ को प्रेषित किया गया। उप जिलाधिकारी सदर ने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि सोमवार की प्रातः खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम के द्वारा हंडिया चौराहा स्थित विनायक ट्रेडर्स के परिसर में अत्यंत गंदगी में निर्मित हो रहे अफलातून व खोवा का नमूना लिया गया। मौके पर राहुल कुमार सोनकर पुत्र मनोज कुमार सोनकर निवासी सुर्तीहट्टा, नई बाजार, से यह नमूना एकत्र किया गया। मौके पर 60 किलोग्राम खोवा तथा 90 किलोग्राम अफलातून अपमिश्रित होने के संदेह के आधार पर जब्त कर विनष्ट किया गया। यहां से संकलित नमूनों को राजकीय खाद्य प्रयोगशाला लखनऊ को प्रेषित किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। जांच के समय मौके पर अभिहित अधिकारी अपूर्व श्रीवास्तव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील कुमार मिश्र, खाद्य सुरक्षा अधिकारी धनन्जय सिंह, गीता त्रिपाठी, भानु प्रताप सिंह उपस्थित रहें।

# नोटिस के बाद भी अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद,नगर पालिका भी शिथिल

**संवाददाता।** मौदहा (हमीरपुर)

**कस्बे के** अतिक्रमण में नगरपालिका के आदेश के बावजूद अतिक्रमणकारियों पर कोई प्रभाव देखने को नहीं मिल रहा है, जिस पर यहां के लोगों में दिन प्रतिदिन अतिक्रमण होना आम बात हो गई है जिस पर मौदहा नगरपालिका ने भी अतिक्रमणकारियों को नोटिस देने के बाद मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया है

सरकार के सख्त रवैया अपनाने के बाद भू माफियाओं में खलबली मच गई थी लेकिन जैसे जैसे समय बीतता जा रहा है वैसे वैसे नगरपालिका द्वारा जारी निर्देशों के बाद भू माफिया भी ढीले पड़ते जा रहे हैं और नगरपालिका भी मामले को ठंडे बस्ते में डालती हुई नजर आ रही है। अवगत हो कि कस्बे के अरतरा चौराहा से लेकर बड़ा चौराहे तक मुख्य मार्ग में अतिक्रमण किये हुए दुकानदारों को नोटिस जारी होने के बाद उनमें खलबली मची थी लेकिन नगरपालिका के ढुलमुल रवैया को देखकर अतिक्रमणकारियों ने भी राहत की सांस लेनी शुरू कर दी है। बताते चलें कि यहां के सैकड़ों वर्ष पूर्व के तालाबों की अधिकृत जमीनों पर भू माफियाओं का कब्जा है जिनमें बड़ी बड़ी इमारतें निर्माण हो चुकी हैं। ठीक इसी तरह इसी विकासखंड के तमाम गांवों में भी भू माफियाओं ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे कर रखे हैं जिस पर राजस्व विभाग भी उन माफियाओं के ऊपर आशीर्वाद स्वरूपी हांथ रखे हुए हैं,वह चाहे कब्रिस्तान की भूमि पर हों अथवा गौचारा की भूमि पर,इन जमीनों के साथ साथ माफियाओं ने गांवों में आवंटित क्रीड़ा भूमि पर भी कब्जे कर रखे हैं लेकिन गुलाबी नोटों की आई आंधी राजस्व विभाग को भी अपनी चपेट में लेकर भू माफियाओं के द्वार पर खड़ी कर देती है और वहां से इन नोटों से तृप्त होकर सरकारी भूमि के रखवाले उन सभी माफियाओं के द्वारा कब्जा की गई भूमि को उनकी पुश्तैनी भूमि बताकर मामले को रफा दफा कर देते हैं। जिससे यहां के लोगों का मानना है कि बाबा के बुल्डोजर का कस्बा तथा यहां के गांवों में कोई असर देखने को नहीं मिलेगा।

# बिना पंजीयन प्रैक्टिस न करें चिकित्सकः प्रभारी

**हमीरपुर।** जनपद प्रभारी अधिकारी इलेक्ट्रो होम्योपैथी ई एच चिकित्सक गणेश सिंह ने बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, चिकित्सारत इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों से कहा है कि बिना जनपदीय पंजीयन के प्रेक्टिस करना माननीय न्यायालय के आदेशों की अवमानना तथा शासनादेशों का उल्लंघन है। जिन ई एच चिकित्सकों ने अभी तक अपना जनपदीय पंजीयन किन्ही कारणों से नहीं कराया है और वे चिकित्सा व्यवसाय कर रहे हैं तो तुरंत अपना जनपदीय पंजीयन जिला इलेक्ट्रो होम्योपैथिक कार्यालय में निःशुल्क करा लें. ज्ञातव्य हो कि जनपदीय पंजीयन समस्त अधिकृत इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों का ही होता है गणेश सिंह को जनपद हमीरपुर का जनपद प्रभारी अधिकारी (इलेक्ट्रो होम्योपैथी) पुनः नामित किया है. इ एच डॉ. गणेश सिंह को बुंदेलखंड प्रभारी ई एच चिकित्सक डॉ. नरेंद्र भूषण निगम, डॉ. मानसी, डॉ. सुनीता सागर, डॉ. प्रमोद, डॉ. नईम अहमद, डॉ. अंसारी, डॉ. पुन्नालाल, डॉ. मेहर मधुर निगम, डॉ. संतोष आर्य, डॉ. अरुण त्रिपाठी, डॉ. रजनीश आदि ई एच चिकित्सकों ने बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं।

# गेंदबाजों ने दिलाई नाइट राइडर्स को जीत

● प्ले आफ की उम्मीद बरकरार

● मुंबई इंडियन्स को 52 रन से हराया


राणा

**भाषा।** नवी मुंबई

पैट कमिंस की अगुआई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को 52 रन से हराकर प्ले आफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी है। इस जीत से नाइट राइडर्स के 12 मैच में 10 अंक हो गए हैं और टीम सातवें स्थान पर चल रही है। मुंबई की टीम पहले ही प्ले आफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और 11 मैच में चार अंक के साथ अंतिम स्थान पर चल रही है। नाइट राइडर्स के 166 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम कमिंस (22 रन पर तीन विकेट), आंद्रे रसेल (22 रन पर दो विकेट) और टिम साउथी (10 रन पर एक विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सलामी बल्लेबाज इशान किशन (51) के अर्धशतक के बावजूद 17.3 ओवर में 113 रन पर ढेर हो गई। नाइट राइडर्स ने पावर प्ले में मौजूदा सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक विकेट पर 64 रन बनाए लेकिन इसके बाद जसप्रीत बुमराह (10 रन पर पांच विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से मुंबई ने वापसी करते हुए टीम को नौ विकेट पर 165 रन पर रोक दिया। कुमार कार्तिकेय सिंह (32 रन पर दो विकेट) ने बुमराह का अच्छा साथ निभाया। नाइट राइडर्स की टीम अंतिम तीन ओवर में सिर्फ नौ रन ही जोड़ सकी जिसमें बुमराह के दो ओवर में सिर्फ एक रन बना। नाइट राइडर्स की ओर से सलामी बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर और नितीश राणा ने 43-43 रन बनाए। अजिंक्य रहाणे (25) और रिंकू सिंह (नाबाद 23) ने भी उपयोगी पारियां खेली लेकिन कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। वेंकटेश ने 24 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के मारे जबकि राणा ने भी 26 गेंद की पारी में इतने ही चौके और छक्के जड़े। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने पहले ओवर में ही कप्तान रोहित शर्मा (02) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने साउथी की गेंद पर विकेटकीपर शेल्डन जैकसन को कैच थमाया। तिलक वर्मा भी छह रन बनाने के बाद रसेल की गेंद पर स्लिप में राणा को कैच दे बैठे। किशन अच्छी लय में दिखे। उन्होंने कमिंस पर दो जबकि साउथी पर एक चौका मारा। मुंबई की टीम हालांकि पावर प्ले में दो विकेट पर 37 रन ही बना सकी। किशन ने रमनदीप सिंह (12) के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया लेकिन टीम के 10 ओवर में दो विकेट पर 66 रन ही बने। रसेल ने रमनदीप को राणा के हाथों कैच कराके मुंबई को तीसरा झटका दिया। टिम डेविड (13) ने रसेल पर लगातार तीन चौकों के साथ अपनी पारी का आगाज किया लेकिन वरूण चक्रवर्ती की गेंद को हवा में लहराकर रहाणे को बाउंड्री पर कैच दे बैठे। कीरोन पोलार्ड ने चक्रवर्ती पर छक्के से खाता खोला जबकि किशन ने नारायण पर छक्के और एक रन के साथ 41 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। पोलार्ड को इसी ओवर में कप्तान श्रेयस अय्यर ने मिडविकेट पर जीवनदान दिया। कमिंस ने इसके बाद गेंदबाजी में वापसी करते हुए पहली ही गेंद पर किशन को डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर रिंकू के हाथों कैच करा दिया। उन्होंने 43 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और एक छक्का मारा। कमिंस ने इसी ओवर में डेनियल सैम्स (01) और मुरुगन अश्विन (00) को भी पवेलियन भेजा। मुंबई को अंतिम पांच ओवर में 64 रन की दरकार थी। साउथी और कमिंस के ओवरों में पांच-पांच रन बने जिससे मुंबई की परेशानी बढ़ी। सेल के अगले ओवर में पोलार्ड 15 रन बनाकर रन आउट हो गए जिससे मुंबई की जीत की रही सही उम्मीद भी टूट गई। बुमराह (00) के रन आउट होने साथ नाइट राइडर्स ने जीत दर्ज की। मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद वेंकटेश और रहाणे ने 60 रन जोड़कर नाइट राइडर्स को अच्छी शुरूआत दिलाई। वेंकटेश शुरूआत से ही लय में दिखे। उन्होंने मुरुगन अश्विन और डेनियल सैम्स पर छक्के जड़े। वेंकटेश ने रिली मेरेडिथ का स्वागत लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ किया। उन्होंने कुमार कार्तिकेय सिंह पर भी चौका और छक्का जड़ा लेकिन बाएं हाथ के इसी स्पिनर की गेंद को हवा में लहराकर कवर में सैम्स को कैच दे बैठे। वेंकटेश के आउट होने के बाद रन गति में गिरावट आई।

### स्कोरबोर्ड


**कोलकाता नाइट राइडर्सः** वेंक्टेश क सैम्स बो कार्तिक्य 43, रहाणे बो कार्तिक्य 25, राणा क किशन बो बुमराह 43, अय्यर क किशन बो मुरुगन अश्विन 06, रसेल क पोलार्ड बो बुमराह 09, रिंकू नाबाद 23, जैक्सन क सैम्स बो बुमराह 05, कमिंस क वर्मा बो बुमराह 00, नारायण क एवं बो बुमराह 00, साउथी क पोलार्ड बो सैम्स 00, चक्रवर्ती नाबाद 00, **अतिरिक्तः** 11, **कुलः** 20 ओवर में नौ विकेट परः 165 रन, **विकेट पतनः** 1-60, 2-87, 3-123, 4-136, 5-139, 6-156, 7-156, 8-156, 9-164, **गेंदबाजीः** सैम्स 4-0-26-1, अश्विन 4-0-35-1, बुमराह 4-1-10-5, मेरेडिथ 3-0-35-0, कार्तिक्य 3-0-32-2, पोलार्ड 2-0-26-0

**मुंबई इंडियन्सः** रोहित क जैक्सन बो साउथी 02, किशन क रिंकू बो कमिंस 51, तिलक क राणा बो रसेल 06, रमनदीप क राणा बो रसेल 12, डेविड क रहाणे बो चक्रवर्ती 13, पोलार्ड रन आउट 15, सैम्स क जैक्सन बो कमिंस 01, अश्विन क चक्रवर्ती बो कमिंस 00, कार्तिक्य सिंह रन आउट 03, बुमराह रन आउट 00, मेरेडिथ नाबाद 00, **अतिरिक्तः** 10, **कुलः** 17.3 ओवर में सभी विकेट खोकरः 113 रन, **विकेट पतनः** 1-2, 2-32, 3-69, 4-83, 5-100, 6-102, 7-102, 8-112, 9-113, **गेंदबाजीः** साउथी 3-0-10-1, कमिंस 4-0-22-3, रसेल 2.3-0-22-2, नारायण 4-0-21-0, चक्रवर्ती 3-0-22-1, वेंक्टेश 1-0-8-0

## प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगे गुजरात और लखनऊ

**भाषा।** पुणे

● मुकाबला आज






**अपने पहले** सत्र में ही शानदार प्रदर्शन करने वाली गुजरात टाइटन्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को जब आमने-सामने होंगी तो उनकी निगाह प्लेऑफ में जगह सुरक्षित करने पर टिकी रहेगी। गुजरात की टीम लीग में अधिकतर समय शीर्ष पर रही थी लेकिन पिछले दो मैचों में बल्लेबाजों की नाकामी के कारण उसे हार झेलनी पड़ी। इससे उसकी जगह लखनऊ शीर्ष पर पहुंच गया है। इन दोनों टीम के हालांकि समान 16 अंक हैं और इस मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम की प्लेऑफ में जगह पक्की हो जाएगी। हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाले गुजरात को पिछले सप्ताह पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियन्स से हार मिली थी। दूसरी तरफ लखनऊने अपने पिछले चार मैच जीते हैं। इनमें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ पिछले मैच में 75 रन की जीत भी शामिल है जिससे लखनऊ की टीम बढ़े मनोबल के साथ मैदान पर उतरेगी। केएल राहुल ने लखनऊका आगे बढ़कर नेतृत्व किया है। उन्होंने अब तक 11 मैचों में 451 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक और अर्धशतक शामिल हैं। लखनऊ की टीम बल्लेबाजी में उन पर काफी निर्भर है लेकिन हाल के मैचों में क्विंटन डिकॉक और दीपक हुड्डा ने अधिक जिम्मेदारी ली है जिससे राहुल का बोझ कम हुआ है। लखनऊके गेंदबाज भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ जहां उन्होंने 153 रन का अच्छी तरह से बचाव किया वहीं केकेआर को 101 रन ही बनाने दिए थे। इस मैच में तेज गेंदबाज आवेश खान और जैसन होल्डर ने शानदार प्रदर्शन किया था। तेज गेंदबाज मोहसिन खान, क्रुणाल पंड्या और श्रीलंका के दुशमंत चमीरा ने किफायती गेंदबाजी की है। रवि बिश्नोई हालांकि पिछले मैच में थोड़े महंगे साबित हुए थे। जहां तक गुजरात का सवाल है तो उसने मुश्किल परिस्थितियों में वापसी करके अपनी स्थिति मजबूत की।

### गोकुलम केरल ने इंडियन एरोज को 2-1 से हराया

**भुवनेश्वर।** घाना की फारवर्ड अलशादाई एचियामपोंग के दो गोल की मदद से गत चैंपियन गोकुलम केरल एफसी ने अपना विजई अभियान जारी रखते हुए सोमवार को यहां इंडियन वुमेन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में इंडियन एरोज को 2-1 से हराया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की डेवलपमेंट टीम एरोज ने छठे मिनट में नाओरेम प्रियंगका देवी के गोल की बदौलत बढ़त बनाई। एरोज की टीम ने आधे घंटे तक बढ़त बरकरार रखी।

### राष्ट्रमंडल टेटे के लिए 16 संभावित नामों की घोषणा

**नई दिल्ली।** मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन शरत कमल और श्रीजा अकुला का नाम बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों 2022 के लिए सोमवार को घोषित 16 सदस्ईय संभावित खिलाड़ियों की सूची मे शामिल है। निलंबित भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) का संचालन कर रही दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) के सदस्य एसडी मुदगिल ने बताया कि 23 मई से 30 मई तक प्रशिक्षण शिविर पूरा होने के बाद जुलाई -अगस्त मे होने वाले इन खेलो के लिए अंतिम टीम की घोषणा की जाएगी। राष्ट्रमंडल खेलो के लिए संभावित खिलाड़ियों की सूचीः पुरुष : जी साथियान, शरत कमल, मानुष शाह, स्नेहित फ्रिदेल रफीक, मानव ठक्कर, हरमीत देसाई, सानिल शेट्टी, अनिर्बान घोष। महिलाः मनिका बत्रा, अर्चना कामथ, श्रीजा अकुला, रीथ ऋषि, सुतीर्था मुखर्जी, अहिका मुखर्जी, दीया चितले, स्वास्तिका घोष।

### मप्र, हरियाणा, पंजाब और महाराष्ट्र जीते

**भोपाल।** मेजबान मध्य प्रदेश सहित हरियाणा, पंजाब और महाराष्ट्र ने सोमवार को यहां 12वी हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2022 मे अपने अपने पूल मुकाबले जीते। दिन के पहले मैच मे पूल ए में मध्य प्रदेश ने चंडीगढ़ को 5-1 से हराया जबकि हरियाणा ने पूल बी मे असम को 7-1 से शिकस्त दी। पूल सी मे पंजाब ने छत्तीसगढ़ को 6-0 से हराया जबकि पूल डी मे महाराष्ट्र ने राजस्थान को 4-0 से मात दी।

### लाहिड़ी वेल्स फार्गो चैंपियनशिप में संयुक्त छठे स्थान पर रहे

**पोटोमैक** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने चौथे दौर के आखिरी छह होल में दो बोगी की जिससे उन्होंने यहां वेल्स फार्गो गोल्फ चैंपियनशिप मे अपना अभियान संयुक्त छठे स्थान के साथ खत्म किया। लाहिड़ी तीसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर थे लेकिन चौथे दौर के आखिरी चरण मे वह लय बरकरार नही रख पाए। उन्होने एक ओवर 71 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर तीन अंडर 277 का रहा। वह टूर्नामेंट के विजेता मैक्स होमा से पांच शॉट पीछे रहे।

### वेरस्टाप्पन ने मियामी ग्रां प्री फार्मूला वन रेस जीती

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)।** मैक्स वेरस्टाप्पन ने क्वालीफाईंग मे की गई गलती से उबरकर मियामी ग्रां प्री फार्मूला वन रेस का खिताब जीता। रेडबुल के ड्राइवर वेरस्टाप्पन क्वालीफाईंग की गलती के कारण आगे की कतार से शुरुआत नही कर पाए लेकिन मौजूदा विश्व चैंपियन ने इसके बाद पीछे मुड़कर नही देखा।

## भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया

● थॉमस एवं उबेर कप

**भाषा।** बैंकॉक




**भारतीय पुरुष** बैडमिंटन टीम ने सोमवार को यहां कनाडा को ग्रुप मुकाबले में 5-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए थॉमस कप के नॉकआउट दौर में जगह बनाई। रविवार को पहले मैच में जर्मनी को 5-0 से हराने वाली भारतीय पुरुष टीम का ग्रुप सी में शीर्ष दो टीम में जगह बनाना तय है जिससे टीम ने नॉकआउट दौर के लिए क्वालीफाई कर लिया। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ब्रायन यैंग को 52 मिनट में 20-22 21-11 21-15 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने युगल मुकाबले में जेसन एंथोनी और केविन ली को सिर्फ 29 मिनट में हराया जिसके बाद दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने एकल मुकाबले में बीआर संकीरथ को 21-15 21-12 से हराकर भारत को 3-0 की विजई बढ़त दिलाई। कृष्ण प्रसाद गारगा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला की भारत की दूसरी युगल जोड़ी ने डोंग एडम और नाइल याकुरा को 34 मिनट में 21-15 21-11 से हराया। प्रियांशु राजावत ने इसके बाद विक्टर लाल को तीन गेम में 52 मिनट में 21-13 20-22 21-14 से हराकर भारत की 5-0 से जीत सुनिश्चित की। भारतीय पुरुष टीम टूर्नामेंट में अपने पहले पदक की तलाश में है। भारतीय पुरुष टीम कभी थॉमस कप के सेमीफाइनल में भी जगह नहीं बना पाई है। भारतीय टीम ग्रुप सी का अपना अंतिम मुकाबला बुधवार को चीनी ताइपे के खिलाफ खेलेगी। भारतीय महिला टीम ने भी उबेर कप में अपने अभियान की अच्छी शुरुआत करते हुए रविवार को कनाडा को 4-1 से हराया था। टीम मंगलवार को अमेरिका जबकि बुधवार को कोरिया से भिड़ेगी।

### पूर्वोत्तर के क्रिकेटरों से बात की भारतीय फुटबॉल कप्तान छेत्री ने

**भाषा।** बेंगलुरू

**राष्ट्रीय क्रिकेट** अकादमी में शिविर में शामिल पूर्वोत्तर और अन्य रणजी प्लेट टीमों के 150 क्रिकेटरों को उस समय हैरानी हुई जब उन्होंने भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री को अपने बीच पाया। रणजी ट्रॉफी में एलीट वर्ग की 32 टीमें चार चार टीमों के आठ समूह में बंटी हैं जबकि एक समूह प्लेट वर्ग का है जिसमें छह टीमें हैं जिनमें बिहार, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, सिक्किम और अरूणाचल प्रदेश शामिल हैं। छेत्री भारतीय क्रिकेट बोर्ड के न्योते पर इन क्रिकेटरों से मिले। पूर्वोत्तर राज्यों को तीन सत्र पहले ही प्रथम श्रेणी का दर्जा मिला हालांकि फुटबॉल अभी भी वहां सबसे लोकप्रिय खेल है और बाईचुंग भूटिया या छेत्री वहां क्रिकेटरों से बड़े सितारे हैं। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी के साथ सबसे ज्यादा गोल करने वाले सक्रिय खिलाड़ियों में से एक छेत्री ने अपने सफर का अनुभव साझा किया।

## रूपिंदर पाल सिंह एशिया कप के लिए दूसरे भारतीय हॉकी टीम के कप्तान बने

**भाषा।** नई दिल्ली

**संन्यास से** वापसी करने वाले अनुभवी ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह जकार्ता में 23 मई से एक जून तक होने वाले एशिया कप में भारत की दूसरे दर्जे की पुरुष हॉकी टीम की अगुवाई करेंगे। मनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह और पीआर श्रीजेश जैसे वरिष्ठ खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। भारत ने टूर्नामेंट के लिए अपनी दूसरी श्रेणी की टीम चुनी है जिसमें बीरेंद्र लाकड़ा को रूपिंदर के साथ उप कप्तान बनाया गया है। रूपिंदर और लाकड़ा दोनों ने पिछले साल तोक्यो ओलंपिक खेलों के बाद संन्यास की घोषणा की थी लेकिन बाद में खुद को चयन के लिए उपलब्ध रखा था। एशिया कप विश्व कप का क्वालीफायर टूर्नामेंट है लेकिन मेजबान होने के नाते भारत को अगले साल जनवरी में होने वाले इस टूर्नामेंट में स्वत: प्रवेश मिला है।



एशिया कप मे भारत को जापान, पाकिस्तान और मेजबान इंडोनेशिया के साथ पूल ए मे रखा गया है, जबकि मलेशिया, कोरिया, ओमान और बांग्लादेश पूल बी मे है। **भारतीय टीम :** गोलकीपर : पंकज कुमार रजक, सूरज करकेरा, डिफेंडर : रूपिंदर पाल सिंह (कप्तान), यशदीप सिवाच, अभिषेक लाकड़ा, बीरेंद्र लाकड़ा, मंजीत, दीपसन टिर्की, विष्णुकांत सिंह, राजकुमार पाल, मरीस्वरेन शक्तिवेल, शेष गौड़ा बीएम और सिमरनजीत सिंह , मिडफील्डर : विष्णुकांत सिंह, राज कुमार पाल, मारीस्वरेन एस, शेषे गौडा बीएम, सिमरनजीत सिंह, फॉरवर्ड : पवन राजभर, अभारण सुदेव, एस वी सुनील, उत्तम सिंह, एस कार्ती। स्टैंडबाय : पवन, परदीप सिंह, अंकित पाल, अंगद बीर सिंह

### सूर्यकुमार यादव चोट के कारण आईपीएल से बाहर

**भाषा।** नवी मुंबई

**मुंबई इंडियन्स** के अनुभवी बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव बाएं हाथ की मांसपेशियों में चोट के कारण सोमवार को आईपीएल से बाहर हो गए। भारत के इस बल्लेबाज ने इस सत्र में पांच बार की चैंपियन टीम के लिए आठ मैच खेले और तीन अर्धशतकों के साथ 43.29 की औसत से 303 रन बनाए। मीडिया विज्ञप्ति के मुताबिक, सूर्यकुमार को छह मई को गुजरात के खिलाफ टीम के मैच के दौरान चोट लगी थी। मुंबई इंडियंस ने कहा, सूर्यकुमार यादव के बाएं हाथ की मांसपेशियों में खिंचाव है। वह मौजूदा सत्र से बाहर हो गए है। बीसीसीआई की चिकित्सा टीम से संपर्क करने के बाद उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। सूर्यकुमार इस सत्र में मुंबई इंडियन्स के लिए पहले दो मैचों में भी नहीं खेल पाए थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ फरवरी में कोलकाता में खेले गए तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान उन्हें हेयरलाइन फ्रैक्चर का सामना करना पड़ा था।

## भारत के दो स्वर्ण समेत छह पदक पक्के

**भाषा।** सुलेमानिया (इराक)

● एशिया कप तीरंदाजी

**दिग्गजों की** गैर मौजूदगी में भारत के जूनियर तीरंदाजों ने एशिया कप के दूसरे चरण में व्यक्तिगत वर्ग में सोमवार को दो स्वर्ण समेत छह और पदक पक्के कर लिए। टीम वर्ग में छह पदक जीतने के बाद भारतीयों ने कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में भी शानदार प्रदर्शन किया। प्रथमेश फुगे, ऋषभ यादव और जौकर समाधान ने क्वालीफिकेशन में मिली शीर्ष तीन रैंकिंग के अनुरूप प्रदर्शन करके तीनों पदक की दावेदारी पेश की। फुगे ने कजाखस्तान के सर्जेइ के को रोमांचक शूटआफ में हराया। दोनों का स्कोर 143.143 था। अब उनका सामना फाइनल में हमवतन यादव से होगा। यादव ने टाइब्रेकर में समाधान को मात दी। कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में समाधान का सामना सर्जेइ से होगा। कंपाउंड महिला व्यक्तिगत वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त परनीत कौर ने बांग्लादेश की बिश्वास सुमा को 146.137 से हराया जबकि साक्षी चौधरी ने बांग्लादेश की शामोली रे को 143.140 से मात दी। रिकर्व पुरूष व्यक्तिगत वर्ग में भारत के छठी वरीयता प्राप्त मृणाल चौहान ने पार्थ सालुंके को सेमीफाइनल में 7. 3 से मात दी। अब चौहान का सामना चौथी वरीयता प्राप्त बांग्लादेश के रूमन शाना से होगा।

## पीएसजी ने ड्रा खेला, मार्सेली ने दूसरे स्थान पर तीन अंक की बढ़त बनाई

**भाषा।** पेरिस

**पेरिस सेंट** जर्मेन (पीएसजी) ने दो गोल की बढ़त के बावजूद फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में 15वें स्थान की टीम ट्रायस के खिलाफ मैच 2-2 से ड्रा खेला। फ्रांसीसी चैंपियन पीएसजी ने मारक्विन्हो और नेमार के गोल से पहले 25 मिनट में ही दो गोल की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन रक्षापंक्ति के लचर प्रदर्शन के कारण उसे लगातार तीसरे मैच में अंक बांटने पड़े। ट्रायस की तरफ से इके उगबो और फ्लोरियन टारडियु ने गोल किए। नेमार ने 57वें मिनट में फिर गोल दाग दिया था लेकिन वीडियो रीप्ले से पता चला कि कायलिन एमबापे ने नेमार को गेंद देने से पहले विरोधी टीम के खिलाड़ी को धक्का दिया था, जिससे यह गोल अमान्य करार दिया गया। इससे पहले मार्सेली ने लोरिएंट को 3-0 से हराकर दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। उसने तीसरे नंबर की टीम मोनाको पर तीन अंक की बढ़त बना ली है। इससे उसकी चैंपियन्स लीग में जगह बनाने की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

### मैनचेस्टर सिटी बड़ी जीत से खिताब करीब पहुंचा

**मैनचेस्टर।** रहीम स्टर्लिंग के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने न्यूकासल को 5-0 से करारी शिकस्त देकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी लिवरपूल पर तीन अंक से बढ़त बनाकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। लिवरपूल ने शनिवार को टोटैनहैम के खिलाफ अपना मैच ड्रा खेला था जिससे उसकी खिताब जीतने की संभावनाओ को झटका लगा। सिटी के अब 35 मैचों में 86 जबकि लिवरपूल के इतने ही मैचों में 83 अंक है। स्टर्लिंग के दो गोल के अलावा सिटी की बड़ी जीत मे एमेरिक लैपोर्ट, रोड्री और फिल फोडेन ने भी गोल किए। बड़े अंतर से जीत दर्ज करने के कारण सिटी आगामी मैचों मे अंक गंवाने की दशा मे भी पिछले 10 वर्षों मे छठी बार ईपीएल खिताब जीत सकता है। इस बीच आर्सनल ने लीड्स को 2-1 से हराकर चौथे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत करके चैंपियन्स लीग मे जगह बनाने की उम्मीदे बढ़ा दी।

## अलकारेज ने खिताब पर कब्जा जमाया

● मैड्रिड ओपन : ज्वेरेव को हराया



**भाषा।** मैड्रिड

**स्पेन के युवा** खिलाड़ी कार्लोस अलकारेज ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जर्मनी के अलेक्सांद्र ज्वेरेव को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। क्वार्टर फाइनल में अपने आदर्श खिलाड़ी राफेल नडाल और सेमीफाइनल में दुनिया में नंबर एक नोवाक जोकोविच को हराने के बाद 19 वर्षीय अलकारेज ने फाइनल में ज्वेरेव को 6-3, 6-1 से पराजित किया। अलकारेज का यह इस साल का चौथा खिताब है। वह मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले दूसरे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। नडाल ने 2005 में 18 साल की उम्र में मोंटेकार्लो और रोम मास्टर्स के खिताब जीते थे। अलकारेज ने पिछले साल 18 वर्ष की उम्र में जब पहली बार मैड्रिड ओपन में भाग लिया था तो उनका लक्ष्य अनुभव हासिल करना था, लेकिन एक साल बाद उन्हें अहसास हो गया कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को हरा सकते हैं। मैड्रिड ओपन जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने अलकारेज ने कहा, पिछले साल मैं पहली बार शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने, मास्टर्स 1000 में खेलने के अनुभव से गुजरा था और मैंने काफी सीख ली थी। इस साल भिन्न था। मैं कोर्ट पर इस आत्मविश्वास के साथ उतर रहा था कि मैं जीत सकता

### अल्कारेज और ओसाका इटली ओपन से हटे

**रोम।** मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कई उलटफेर करने के बाद खिताब जीतने वाले कार्लोस अल्कारेज दाहिने टखने की चोट के कारण सोमवार को इटली ओपन से हट गए। बाद मे नाओमी ओसाका ने बाएं पैर की एड़ी की चोट के कारण महिलाओं टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। वह नडाल के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान चोटिल हो गए थे। रोम ओपन के आयोजकों ने कहा कि यहां ड्रा में अलकारेज की जगह फिनलैंड के एमिल रुसुवुरी लेंगे। वह दूसरे दौर में क्रिश्चियन गारिन के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे। सातवी वरीयता प्राप्त अलकारेज को पहले दौर में बाई मिली थी। ओसाका ने 10 दिन पहले मैड्रिड ओपन में अनास्तासिया पोटापोवा के खिलाफ पहले दौर के मैच के दौरान चोटिल हो गई थी। मै अभी तक चोट से उबरने में सफल नही रही हूं। मुझे विशेष रूप से फ्रेंच ओपन पहले सावधान रहने की जरूरत है।

### वेरोना को हराकर सेरी ए में खिताब जीतने के करीब पहुंचा एसी मिलान

**मिलान।** सैंड्रो टोनाली ने दो गोल दागकर अपने 22वें जन्मदिन का जश्न मनाया जिससे एसी मिलान ने हेलास वेरोना को 3-1 से हराकर पिछले 11 वर्षों में पहली बार इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए को जीतने की तरफ कदम बढ़ाए। राफेल लियो ने दोनों गोल करने में टोनाली की मदद की। एसी मिलान की तरफ से तीसरा गोल अलेसांद्रो फ्लोरेंजी ने किया। इससे पहले डेविड फरोनी ने वेरोना को शुरुआती बढ़त दिलाई थी। इस जीत से एसी मिलान के 36 मैचों में 80 अंक हो गए हैं। उसने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंटर मिलान पर दो अंक की बढ़त बना ली है। गत चैंपियन इंटर मिलान ने शुक्रवार को इंपोली को 4-2 से हराया था। अभी दो दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।

### पंत के मैदान पर लिए गए हर फैसले का समर्थन करता हूं : पोंटिंग

**नवी मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत के मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान मैदान पर लिए गए फैसलों की भले ही पूर्व खिलाड़ियों ने आलोचना की हो लेकिन टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने इस विकेटकीपर बल्लेबाज का पूरा समर्थन करते हुए कहा कि बाहर से निर्णय करना आसान होता है। पंत की अगुवाई में दिल्ली ने अब तक जो 11 मैच खेले हैं उनमें से केवल पांच में उसने जीत दर्ज की है। उसे रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के हाथों 91 रन से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। गेंदबाजी में बदलाव और मैच में महत्वपूर्ण मोड़ पर गेंदबाजों के चयन को लेकर पंत की वीरेंद्र सहवाग जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने आलोचना की है, लेकिन आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने कहा कि वह पंत के हर फैसले का पूरी तरह से समर्थन करते हैं। पोंटिंग ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं उनके (पंत) मैदान पर लिए गए हर फैसले का पूरी तरह से समर्थन करता हूं।

### कॉनवे ने दिल्ली के खिलाफ बड़ी पारी का श्रेय धोनी को दिया

**नवी मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रविवार को खेली गई बड़ी पारी का श्रेय महेन्द्र सिंह धोनी को देते हुए कहा कि कप्तान ने उन्हें स्पिनरों के खिलाफ कदमों का इस्तेमाल करते हुए बड़े शॉट लगाने की सलाह दी थी। कॉनवे की 49 गेंद में 87 रन की पारी के दम पर चेन्नई ने दिल्ली को 91 रन से हराकर सत्र की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। कॉनवे ने अपनी पारी के दौरान शानदार लय में चल रहे कुलदीप यादव के खिलाफ सहजता से छक्के जड़े। लगातार तीसरे मैच में अर्धशतक जड़ने के बाद कॉनवे ने कहा, मुझे इसका श्रेय धोनी को देना होगा। पिछले मैच में मैंने स्वीप शॉट का काफी इस्तेमाल किया था और इसी शॉट के कारण आउट भी हुआ। धोनी ने मुझे कहा था कि मेरे खिलाफ स्पिनर इस मैच में फुल लेंथ गेंद फेंकेंगे, ऐसे में मुझे क्रीज से बाहर निकल कर बड़े शॉट मारने की कोशिश करनी चाहिए।

### एलिसा हीली, केशव महाराज आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए

**दुबई।** ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज एलिसा हीली और दक्षिण अफ्रीकी पुरुष टीम के स्पिनर केशव महाराज को अपनी अपनी श्रेणियों में अप्रैल महीने के लिए सोमवार को आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। हीली को अप्रैल में क्राइस्टचर्च में महिला क्रिकेट विश्व कप फाइनल में 170 रन की मैच विजेता पारी खेली थी। यह विश्व कप के फाइनल मैच में किसी खिलाड़ी का सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने आईसीसी से जारी बयान में कहा, मैं दो शानदार खिलाड़ियों से आगे रहते हुए महीने का पुरस्कार जीतने को विनम्रता से स्वीकार करती हूं। दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर महाराज बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत स्वदेश में खेली गई श्रृंखला में टीम के जीत के नायक बनकर उभरे।